CMYK

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 15°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
मेरठ, बुधवार 5 नवम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 155 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




भाजपा राज मतलब भ्रष्टाचार का भंडार: अखिलेश पेज 2



मंधाना को हटाकर वुलफार्ट बनीं नंबर-1 वनडे बल्लेबाज खेल टाइम्स



बिहार में जंगलराज के गीत का पूरा सच सम्पादकीय



भारतीय मूल के व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर अमेरिकी अदालत की रोक पेज 12

# बिहार में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार थमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में पहले फेज की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम 5 बजे थम गया। चुनाव आयोग ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह के खिलाफ मंगलवार को पटना में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ललन पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप है।

दरअसल, ललन सिंह ने सोमवार को जदयू प्रत्याशी और बाहुबली नेता अनंत सिंह के लिए प्रचार किया था। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उनका एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें उन्हें कहते सुना गया कि यहां कुछ नेता है, जिनको चुनाव के दिन निकलने मत दीजिएगा। घर में ही बंद कर दीजिएगा। हाथ-पैर जोड़ें, तो कहिएगा हमारे साथ चलकर वोट दीजिए और घर में बैठिए। राजद ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ललन सिंह गरीबों को वोट डालने से रोक रहे हैं। इस पर चुनाव आयोग ने ललन सिंह को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। हालांकि, जदयू ने इस आरोप को गलत बताया और कहा कि अनंत सिंह का वीडियो एडिटेड है। दूसरी तरफ, राजद नेता और महागठबंधन के सीएम चेहरे तेजस्वी यादव ने मंगलवार को पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनकी सरकार बनी, तो 14 जनवरी को माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में 30 हजार देंगे। तेजस्वी ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन, 14 जनवरी को, पूरे साल भर का 30 हजार महिलाओं के खाते में ट्रांसफर करेंगे। 5 साल के दौरान कुल डेढ़ लाख मिलेंगे। राज्य की जीविका दीदीयों को स्थायी किया जाएगा। उन्हें 30,000 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

- **केंद्रीय मंत्री ललन सिंह पर एफआईआर, कहा था- वोटिंग के दिन कुछ नेताओं को घर से निकलने मत देना**





कोलकाता: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और अन्य टीएमसी नेता राज्य के मताधिकार की रक्षा के लिए एसआईआर पहल के खिलाफ एक विशाल रैली निकालते हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में NDA की प्रचंड जीत होगी, कोई शक नहीं: मोदी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार अभियान के आखिरी चरण में एनडीए की महिला कार्यकर्ताओं से बातचीत की। भाजपा-एनडीए समर्थक मतदाताओं के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनावी रैलियों में रिकॉर्ड संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं। वह नारे लगा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे इस बात पर कोई संदेह नहीं कि बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत होगी। पीएम ने महिला कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने का आग्रह किया। यह बातचीत भारतीय जनता पार्टी की 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' पहल के तहत हुई।

### हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद का लंदन में निधन

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद परमानंद हिंदुजा का लंदन के एक अस्पताल में निधन हो गया। परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 85 वर्ष के थे। हिंदुजा परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि व्यापारिक जगत में जीपी के नाम से मशहूर गोपीचंद पी. हिंदुजा पिछले कुछ सप्ताह से बीमार थे और लंदन के एक अस्पताल में उनका निधन हो गया। हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से ताल्लुक रखने वाले गोपीचंद ने मई 2023 में अपने बड़े भाई श्रीचंद के निधन के बाद अध्यक्ष का पद संभाला था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, पुत्र संजय और धीरज और पुत्री रीता हैं।

### NHRC ने अफसरों के रिश्वत मामले का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने एक मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया है, जिसमें बताया गया है कि बेंगलुरु में अपनी इकलौती बेटी की मौत के बाद एक पिता को हर कदम पर रिश्वत देनी पड़ी। आयोग ने इस मामले में कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी ने बताया कि आयोग ने पाया है कि यदि समाचार रिपोर्ट की सामग्री सत्य है, तो यह मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मामला है। आयोग ने कर्नाटक के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

# ऑनलाइन जुआ-सट्टा मामले में केंद्र सरकार से जवाब तलब

## ई-स्पोर्ट्स गेम्स के नाम पर ऑनलाइन जुआ चलाने वालों पर एक्शन लें: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवम्बर को होगी।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि हम चाहते हैं कि केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल जवाब की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को पहले से दे दें, ताकि वे भी जल्द से जल्द अपना जवाब दाखिल करें। बेंच ने एक शतरंज खिलाड़ी की याचिका पर भी सुनवाई की। इस पर सरकार को निर्देश दिया कि ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में ऑनलाइन जुआ-सट्टेबाजी चलाने वाले प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई करें। मामले में सभी याचिकाकर्ताओं की मांग है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफॉर्म को -शेष पृष्ठ दो पर

- **ऑनलाइन गेमिंग कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर की सुनवाई**
- **कोर्ट ने सभी याचिकाओं पर सरकार से विस्तृत जवाब देने को कहा**



### ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम मामले को बड़ी पीठ को सौंपने के कदम पर केंद्र की खिंचाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ को सौंपने के केंद्र सरकार के आवेदन पर नाराजगी व्यक्त की और सवाल किया कि क्या यह कदम मौजूदा पीठ से बचने का जानबूझकर किया गया प्रयास है, जो पहले ही इस मामले की व्यापक सुनवाई कर चुकी है।

मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ लंबे समय से लंबित मद्रास बार एसोसिएशन मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम, 2021 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। कार्यवाही के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमण ने अदालत को सूचित किया कि केंद्र सरकार ने एक आवेदन पेश कर अनुरोध किया है कि मामले को एक बड़ी पीठ के समक्ष रखा जाए। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि हमें उम्मीद नहीं है कि भारत संघ इस तरह की रणनीति अपनाएगा।

# बंगाल में एसआईआर के खिलाफ ममता बनर्जी का मार्च

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** में मंगलवार को सीएम ममता बनर्जी ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर (सामान्य शब्दों में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन) के खिलाफ कोलकाता में विरोध मार्च निकाला। 3.8 किमी लंबी रैली में उनके साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी और बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर्स मौजूद रहे।

देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मंगलवार से एसआईआर शुरू हो गया। इनमें से तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव हैं। असम में भी अगले साल चुनाव हैं, लेकिन अभी वहां एसआईआर का शेड्यूल तय नहीं है। एसआईआर पर ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आरोप है कि वोटर लिस्ट में संशोधन प्रोसेस चुपचाप तरीके से की जा रही धांधली है। जिसे भाजपा सरकार और चुनाव आयोग मिलकर कर रहे हैं। इधर पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता के मार्च को जमात की रैली बताया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय संविधान की नैतिकता के खिलाफ है। वहीं, बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि ममता जी को अगर कुछ कहना है, तो उन्हें सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए। 12 राज्यों में एसआईआर के दौरान आयोग का फोकस नागरिकता की जांच पर है। असम में मतदाता सूची की गहन समीक्षा तो होगी, लेकिन नागरिकता की जांच नहीं होगी।

- **पार्टी वर्कर्स के साथ कोलकाता की सड़कों पर उतरीं, भाजपा ने कहा: जमात की रैली**

### इंडिया गठबंधन करेगा एसआईआर प्रक्रिया का देशव्यापी विरोध

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन ने मंगलवार से दूसरे चरण की शुरू हो रही मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया का विरोध करने की योजना बनाई है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एसआईआर को लेकर इंडिया गठबंधन ने देशव्यापी आंदोलन करने की तैयारी की है। इंडिया गठबंधन इसके विरोध में सामूहिक रूप से उच्चतम न्यायालय का फिर से रुख करने की भी तैयारी कर रहा है। सूत्रों के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव के बाद (एसआईआर) के मसले पर इंडिया गठबंधन की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें उच्चतम न्यायालय से गुहार करने और देशव्यापी आंदोलन करने की रूपरेखा तैयार की जाएगी। फिलहाल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार, महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेतृत्व के साथ मिलकर मतदाता सूची पुनरीक्षण मुद्दे पर संघर्ष को आगे बढ़ाने पर सहमति दी है।

# सुप्रीम कोर्ट ने पोक्सो के मामलों के दुरुपयोग पर जताई गहरी चिंता

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पोक्सो कानून) का गलत इस्तेमाल बढ़ रहा है। अदालत ने देखा कि इस कानून का उपयोग कई बार पति-पत्नी के झगड़ों या किशोर-किशोरी के आपसी सहमति वाले संबंधों में किया जा रहा है, जो कानून की असली भावना के खिलाफ है।

पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में मांग की गई है कि लोगों को दुष्कर्म और पोक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया जाए, ताकि देश में महिलाओं और लड़कियों के लिए माहौल और सुरक्षित बने। अदालत ने कहा कि हम यह देख रहे हैं कि कई बार पोक्सो एक्ट का इस्तेमाल झगड़ों या किशोरों के आपसी संबंधों में गलत तरीके से किया जा रहा है।

- **कहा: लोगों को दुष्कर्म व पोक्सो कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक करें**

### यात्री ने की विमान का इमरजेंसी गेट खोलने की कोशिश

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार शाम को वाराणसी से मुंबई जाने वाली एक फ्लाइट के एप्रन से रनवे की ओर जाते समय एक यात्री ने अचानक इमरजेंसी गेट खोलने का प्रयास किया। क्रू मेंबरों ने तत्काल इसकी सूचना पायलट को दी। पायलट एटीसी को सूचना देते हुए विमान को वापस एप्रन पर ले आया। सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारकर सुरक्षाकर्मियों द्वारा विमान की जांच की गई और यात्री को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

# मालगाड़ी पर चढ़ी पैसेंजर ट्रेन, छह की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में लालखदान के पास बड़ा रेल हादसा हुआ है। हावड़ा रूट पर चल रही पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतरने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई।

छह लोगों के मरने की खबर है। रेलवे प्रशासन ने तुरंत रेस्क्यू टीम और मेडिकल यूनिट को मौके पर भेजा है। स्थानीय प्रशासन भी सहायता के लिए पहुंचा। हादसे के कारण पूरे रूट पर ट्रेन परिचालन पूरी तरह ठप हो गया। कई ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट कर दिया गया। हादसे में प्रभावित लोगों के लिए मुआवजे का ऐलान कर दिया गया है। जिसमें मृतकों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों को पांच लाख और सामान्य रूप से घायल यात्रियों को एक लाख की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। कोरबा पैसेंजर और मालगाड़ी में टक्कर हुई है।



- **कई लोग घायल, आमने-सामने की हुई टक्कर**

### दिवाली के 13 दिन बाद भी दिल्ली में एक्यूआई 229

**नई दिल्ली।** देश में इस समय 3 तरह के मौसम चल रहे हैं। राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत दक्षिण भारत के कुछ इलाकों में बारिश हो रही है। राजधानी दिल्ली प्रदूषण, कोहरा और धुंध से जूझ रही है। दिवाली के 13 दिन बाद भी यहां एक्यूआई लेवल गंभीर कैटेगरी में है। मंगलवार सुबह 9.30 बजे एक्यूआई लेवल 229 रिकॉर्ड किया गया। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और हिमालय से सटे राज्यों में बर्फबारी का अलर्ट है।

# भारत में राजनीति बन गई फैमिली बिजनेस: थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भारत की वंशवादी राजनीति की आलोचना की है। थरूर ने एक अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन प्रोजेक्ट सिंडिकेट में लिखे अपने लेख में कहा कि भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है।

जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा। थरूर ने लेख में लिखा कि यह समय है, जब भारत को वंशवाद (परिवारवाद) छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए। इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंतरिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं। थरूर ने अपने लेख में नेहरू-गांधी परिवार को भारत का सबसे प्रभावशाली राजनीतिक परिवार बताया। उन्होंने लिखा कि इस परिवार की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है। थरूर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया। थरूर ने लेख में ओडिशा में नवीन पटनायक, महाराष्ट्र में उद्धव और आदित्य ठाकरे, उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह और अखिलेश यादव, बिहार में रामविलास और चिराग पासवान, पंजाब में प्रकाश सिंह और सुखबीर बादल, तेलंगाना में केसीआर के बेटे और बेटी के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई के साथ ही तमिलनाडु में करुणानिधि और उनके बेटे एमके स्टालिन के परिवार का जिक्र किया।

- **कांग्रेस सांसद ने कहा: कुछ लोगों को लगता है राजनीति नेहरू-गांधी परिवार का जन्मसिद्ध अधिकार, वंशवाद छोड़ना चाहिए**



# मणिपुर: उग्रवादियों ने सेना पर की फायरिंग, चार उग्रवादी ढेर

**इंफाल।** मणिपुर के चुराचांदपुर जिले से लगभग 80 किलोमीटर पश्चिम स्थित खनपी गांव में सोमवार तड़के सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी के चार उग्रवादी मारे गए।

सेना को यूकेएनए के कुछ उग्रवादियों के क्षेत्र में होने की खबर मिली थी, जिसके बाद खानपी गांव के आसपास सुबह 5.30 बजे अभियान शुरू किया गया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। अभियान के दौरान आतंकियों ने सेना के दस्ते पर बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। यूकेएनए अब तक केंद्र , राज्य सरकार और कुकी-जोमी संगठनों के बीच अपने अभियानों को रोकने से जुड़े समझौते में शामिल नहीं है।

- **खनपी गांव में सेना और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़**

## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश दुबे के करीबी डीएसपी ऋषिकांत सस्पेंड

**लखनऊ।** कानपुर के वकील अखिलेश दुबे के करीबी और मैनपुरी के डीएसपी ऋषिकांत शुक्ला को आय से अधिक संपत्ति मामले में निलंबित कर दिया गया हैं। उन पर अखिलेश दुबे से साठ गांठ कर अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। वो दस तक साल कानपुर में सीओ पद पर नियुक्त रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। गृह विभाग के सचिव आईएएस जगदीश ने इन्हें निलंबित करते हुए विजिलेंस जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। ऋषिकांत शुक्ला पर कानपुर में तैनाती के दौरान लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाकर संपत्ति अर्जित करने का आरोप थे। विजिलेंस जांच में भी उनकी अकूत संपत्ति का खुलासा हुआ है, जिसके बाद ये कार्रवाई की गई है। एसआईटी जांच ने जब इस मामले की जांच की, तो सौ करोड़ की संपत्ति का खुलासा हुआ है। इनमें पड़ोसी के नाम पर खरीदी गई आर्य नगर में 11 दुकानें भी शामिल हैं।

### तिवारी ने थरूर के वंशवाद संबंधी लेख पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के राजनीति में वंशवाद को लेकर प्रकाशित एक लेख पर गहरी नाराजगी और आपत्ति जताई है। तिवारी ने यहां मंगलवार को एक बयान जारी करके कहा कि नेहरू परिवार के नेता इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए अपनी जान तक कुर्बान कर दी। आखिर भारत में ऐसा कौन सा परिवार है, जिसमें नेहरू परिवार जैसी निष्ठा और क्षमता रही है? गौरतलब है कि थरूर ने वंशवाद की राजनीति को केंद्र में रखकर एक लेख लिखा था।

## स्नान घाटों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर मुख्यमंत्री का निर्देश

# रीलबाज पुलिसकर्मियों को हटाया जाए: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ घाटों पर सुविधाएं रखने का निर्देश, मर्यादा में रहे आचरण

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली, गुरु नानक जयंती, ददरी मेला (बलिया) व गढ़मुक्तेवर मेला (हापुड़) के आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर ड्यूटी करने के दौरान रील बनाने वाले पुलिस कर्मियों को हटाने का भी आदेश दिया है। ताकि किसी की भी लापरवाही के चलते इन आयोजनों में कोई बड़ी चूक न हो। जनता की सेवा से जुड़े कामों में मर्यादा और अनुशासन बनी रहनी चाहिए। सुरक्षा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को देव दीपावली समेत प्रदेश के अन्य आगामी आयोजनो के दौरान घाटों व मेलों में अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि पर्व त्योहारों के दौरान मेलों में स्वच्छता, सुरक्षा व सतर्कता हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान भीड़ और यातायात प्रबंधन को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में सीएम योगी ने कहा कि ये पुलिस और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि देव दीपावली समेत प्रदेश के अन्य आयोजनों में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित व श्रद्धाभाव से भरा रहे। नदियों के जलस्तर को लेकर भी उन्होंने अधिकारियों को खास निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने 'विकसित उत्तर प्रदेश -2047' अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 72 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं। जौनपुर, गाजीपुर, हरदोई, प्रतापगढ़, बिजनौर, गोरखपुर, बरेली, सोनभद्र और गोंडा सहित कई जिलों से लोगों ने विकास के उपयोगी विचार साझा किए हैं।

### दरभंगा में योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**दरभंगा।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के अंतिम दिन दरभंगा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो के दौरान भारी जनसमूह उमड़ा। लोहिया चौक से प्रारंभ होकर मछली चौक तक चले इस भव्य रोड शो में लोगों का उत्साह चरम पर रहा। सड़क के दोनों ओर और छतों पर खड़े लोगों ने योगी योगी, जय श्री राम, भारत माता की जय, मिथिला धाम की जय, माता जानकी की जय और हर हर महादेव के नारे लगाए।

### किसानों को राहत: नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में एक प्रतिशत रिकवरी की छूट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चावल मिलों को नॉन हाइब्रिड धान कुटाई में 1 प्रतिशत रिकवरी छूट की घोषणा की है, जिससे राज्य के लाखों अन्नदाता किसानों और राइस मिलों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही राज्य में रोजगार और निवेश क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी। योगी सरकार का धान कुटाई पर राहत पैकेज का ऐलान किया है। इस छूट से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सरकारी खरीद प्रक्रिया और तेज हो जाएगी। इससे प्रदेश के 13-15 लाख अन्नदाता किसानों और 2000 से अधिक राइस मिलों को सीधा लाभ पहुंचेगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए 167 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति दी जाएगी। योगी सरकार के इस निर्णय से राष्ट्रीय स्तर पर बचत होगी। अब पीडीएस के लिए बाहर से चावल की रैक नहीं मांगनी पड़ेगी। सरकार ने हाइब्रिड धान की कुटाई पर रिकवरी प्रतिशत पर पहले से ही 3 प्रतिशत की छूट दी हख जिसके लिए सरकार प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ रुपये की प्रतिपूर्ति करती है।

# लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलेगी वंदे भारत

लखनऊ, वार्ता

■ सात नवम्बर से होगी शुरू, नौ शहरों से होकर गुजरेगी

उत्तर प्रदेश में अब एक और नए रूट पर वंदे भारत ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। ये नई ट्रेन लखनऊ सेंट्रल से सहारनपुर जिले के बीच चलेगी, जिससे प्रदेश के अवध क्षेत्र से पश्चिमी यूपी के जिल के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी। लखनऊ से सहारनपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन का संचालन 7 नवंबर से शुरू होने जा रहा है। इसके लिए ट्रेन का टाइमटेबल और रूट तय हो गया है। इसका नोटिफिकेशन भी जारी हो गया है।

वंदे भारत के नए रूट पर चलने के बाद सीतापुर भी वंदे भारत एक्स्प्रेस के रूट से जाएग। जानकारी के मुताबिक ट्रेन संख्या 26504 सोमवार को छोड़कर बाकी सभी सप्ताह के छह दिनों पर चलेगी। टाइम टेबल के मुताबिक वंदे भारत ट्रेन लखनऊ सेंट्रल से सुबह पांच बजे रवाना होगा, इसके बाद ये ट्रेन सुबह 5.55 बजे सीतापुर पहुंचेगी। सीतापुर से शाहजहांपुर सुबह 7.10 बजे, बरेली सुबह 8.08 बजे, मुरादाबाद सुबह 9.27 बजे, नजीबाबाद सुबह 10.45 बजे, रुड़की सुबह 11.40 बजे और रुड़की से सहारनपुर दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी। इस तरह ये ट्रेन नौ बड़े शहरों से होकर गुजरेगी। इसी तरह वापसी में ट्रेन संख्या 26503 वंदे भारत ट्रेन सहारनपुर से दोपहर तीन बजे रवाना होगी और फिर रुड़की 3.45, नजीबाबाद शाम 4.40 बजे, मुरादाबाद शाम 6.10 बजे, बरेली शाम 7.33 बजे, शाहजहांपुर रात 8.38 बजे, सीतापुर रात 9.50 और लखनऊ जंक्शन पर रात 11.00 पहुंचेगी। वापसी में भी ये ट्रेन सहारनपुर से सोमवार को छोड़कर बाकी सभी छह दिन चलेगी।

# अमेरिकी सीनेट में पेश हायर विधेयक भारत के लिए चिंताजनक: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिकी सीनेट में हायर विधेयक पेश किया गया है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका हो सकता है, इसलिए हमारी सरकार को इसकी चुनौतियों से निपटने की रणनीति पर विचार करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि अमेरिकी सीनेट में सोमवार को ओहायो के सीनेटर बर्नी मोरेनो ने अंतर्राष्ट्रीय रोजगार स्थानांतरण अधिनियम को रोकने वाला हाल्टिग इंटरनेशनल रीलोकेशन ऑफ एंप्लॉयमेंट एक्ट, जिसे सरल भाषा में हायर विधेयक कहा जा सकता है, को सदन में पेश किया है और यदि विधेयक पारित होता है, तो भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस विधेयक को सीनेट की वित्त समिति के पास भेजा गया है। इसमें उन सभी अमेरिकी व्यक्तियों और कंपनियों पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाने का प्रावधान है, जो विदेशी कंपनियों या व्यक्तियों को ऐसे काम के लिए भुगतान करते हैं, जिसका प्रत्यक्ष लाभ अमेरिकी उपभोक्ताओं को मिलता है। इस विधेयक को आउटसोर्सिंग भुगतान की नई परिभाषा के रूप में पेश किया गया है। रमेश के अनुसार विशेषज्ञ मानते हैं कि यह विधेयक भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेक्टर, बीपीओ, कंसल्टिंग सेवाओं और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। भारत ही नहीं आयरलैंड, इज़रायल और फलीपीन्स जैसे देशों को भी इससे नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका सबसे बड़ा असर भारत के सेवा निर्यात उद्योग पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

### बाराबंकी में सड़क हादसे में आठ मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के देवा क्षेत्र में ट्रक की चपेट में आने से कार सवार एक ही परिवार के पांच सदस्यों समेत आठ लोगों की मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवा-फतेहपुर मार्ग पर विशुनपुर गांव के पास बीती रात कल्याणी नदी के पुल पर कार और ट्रक में आमने सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि किशोर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# भाजपा राज मतलब भ्रष्टाचार का भंडार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ हर विभाग में घोटाले, हर स्तर पर रिश्वतखोरी व हर जगह दलालों का राज

**लखनऊ।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे निलंबित पुलिस उपाधीक्षक ऋषिकांत शुक्ल और माफिया अखिलेश दुबे को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि योगी सरकार के सुशासन के दावों की आए दिन पोल खुल रही है और हर विभाग में दलालों और रिश्वतखोरी चरम पर है।

यादव ने मंगलवार को एक्स पर लिखा- जिनके करीबी और सहायक अधिकारी के पास 100 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति मिली है, सोचिए उनके पास खुद कितनी अपार दौलत होगी और उनके उस 'ऊपर वाले' के पास कितनी, जिनके संरक्षण और आशीर्वाद से वे अब तक कार्रवाई से बचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के 'सुशासन' के दावे अब खोखले साबित हो चुके हैं। हर विभाग में घोटाले, हर स्तर पर रिश्वतखोरी और हर जगह दलालों का राज कायम है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज का असली अर्थ है 'भ्रष्टाचार का भंडार', जिसमें जनता की गाढ़ी कमाई का धन लूटने की खुली छूट दी जा रही है। कानपुर के अखिलेश दुबे को लेकर सपा मुखिया इन दिनों काफी हमलावर हैं। अभी बीते दिनों प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा था कि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। विकास दुबे की गाड़ी इसलिए पलटाई गई थी कि कहीं सरकार न पलट जाए। अब अखिलेश दुबे को बचाया जा रहा है। गौरतलब है कि ऋषिकांत शुक्ल कानपुर नगर पुलिस में लंबे समय तक तैनात रहे हैं।

---

| सेंसेक्स | 83459.15 |
|---|---|
| निफ्टी | 25597.65 |

सोना रु. 121010 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 145924 प्रति किलो

# निवेशकों के 2.7 लाख करोड़ डूबे, सूचकांक टूटे

नई दिल्ली, वार्ता



**सेंसेक्स 500 अंक टूटा निफ्टी 25,600 के नीचे**

भारतीय शेयर बाजारों मंगलवार को तेज गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 519 अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं निफ्टी गिरकर 25,600 के नीचे चला गया। कमजोर ग्लोबल संकेतों, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और दूसरी तिमाही के कमजोर नतीजों से शेयर बाजार के सेंटीमेंट पर दबाव देखा गया। इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों को लेकर मिलेजुले संकेत और भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता के चलते भी निवेशक सतर्क दिखाई दिए।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 519.34 अंक या 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,459.15 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी इंडेक्स 165.70 अंक या 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,597.65 पर बंद हुआ। ब्रॉडर मार्केट में भी कमजोरी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स करीब 1 प्रतिशत तक फिसल गए। दिनभर के कारोबार में बाजार में लगातार बिकवाली का दबाव देखा गया, जिससे सूचकांक दिन के निचले स्तरों के पास ही सिमट गए। लगभग सभी सेक्टर्स लाल निशान में बंद हुए। आईटी, मेटल, बैंकिंग और अक्ष्टो शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। हालांकि कंज्यूमर डड्रूरेबल्स सेक्टर ने थोड़ी मजबूती दिखाई और यह हरे निशान में बंद होने वाला इकलौता मुख्य सेक्टोरल इंडेक्स रहा। आईटी, मेटल, बैंकिंग और ऑटो शेयरों में सबसे अधिक गिरावट देखने को मिली। हालांकि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर ने थोड़ी मजबूती दिखाई और यह हरे निशान में बंद होने वाला इकलौता मुख्य सेक्टोरल इंडेक्स रहा। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज घटकर 469.79 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन 472.51 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.72 लाख करोड़ रुपये घटा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.72 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। सेंसेक्स के इन 5 शेयरों में रही सबसे अधिक तेजी बीएसई सेंसेक्स के 30 में से सिर्फ 5 शेयर आज हरे निशान में यानी बढ़त के साथ बंद हुए। इसमें टाइटन के शेयरों में 2.28 फीसदी की सबसे अधिक तेजी रही। इसके बाद भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा और स्टेट बैंक आफ इंडिया के शेयर 0.72 फीसदी से लेकर 1.89 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं सेंसेक्स के बाकी 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए। इसमें भी पावरग्रिड का शेयर 3.13 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं, इटरनल, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, टाटा स्टील और मारुति सुजुकी के शेयरों में 1.76 फीसदी से लेकर 2.79 फीसदी तक की गिरावट रही।

### सस्ता हुआ सोना-चांदी खरीदारी का शानदार मौका

**नई दिल्ली।** शादियों के सीजन में सोना और चांदी खरीदने वालों के लिए राहत भरी खबर है। नवंबर की शुरुआत में वेंडिंग सीजन शुरू होने से पहले ही सोने -चांदी के दामों में गिरावट आई है। अगर आप गोल्ड ज्वेलरी खरीदने की सोच रहे हैं, तो यह बढ़िया मौका हो सकता है। 4 नवंबर दोपहर 12.30 बजे के मुताबिक एमसीएक्स पर 5 दिसंबर एक्सपायरी वाला गोल्ड 120,685 प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था, जो पिछले बंद भाव 121,409 से करीब 724 सस्ता है। यानी सोने में 0.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी की कीमत में भी गिरावट आई है। 4 नवंबर दोपहर 12.32 बजे चांदी 145,924 प्रति किलो पर ट्रेड कर रही थी, जो पिछले बंद भाव 147,758 से 1,834 कम है। यानी चांदी 1.24 प्रतिशत टूटी है। इंडियन बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 4 नवंबर को 24 कैरेट सोना 1,21,010 प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,10,926 पर रहा। चांदी का भाव 1,46,120 प्रति किलो दर्ज हुआ, जिसमें 1.25 प्रशित की गिरावट दिखी। बता दें कि आईबीजेए द्वारा जारी रेट पूरे देश में समान होते हैं।

# फंडिंग के लिए जूझ रही 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में इस समय 65 स्वच्छ औद्योगिक परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं, जो खरीद समझौतों के अभाव में वित्त पोषण के लिए संघर्ष कर रही है। स्वच्छ उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए गठित अंतर्राष्ट्रीय संगठन इंडस्ट्रियल ट्रांजिशन एक्सलरेटर (आईटीए), बोस्टन कंसल्टिग ग्रुप और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जारी रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

'अनलॉकिंग इंडियाज क्लीन इंडस्ट्रियलाइजेशन ऑपर्च्युनिटी' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 65 स्वच्छ परियोजनाओं को साकार करने के लिए 150 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत है। इन परियोजनाओं से दो लाख लोगों को रोजगार मिल सकता है। इनमें से 51 परियोजनाएं रसायन उद्योग में, पांच एल्युमीनियम उद्योग में, चार इस्पात उद्योग में, तीन विमानन उद्योग में और दो सीमेंट उद्योग में हैं। कुल 65 में से मात्र चार परियोजनाओं में परिचालन शुरू हो सका है, दो अंतिम निवेश निर्णय के चरण में है। अन्य 59 की घोषणा हो चुकी है लेकिन अभी काम ज्यादा आगे नहीं बढ़ सका है। इसके अलावा कार्यक्रम में आईटीए भारत परियोजना समर्थन कार्यक्रम की भी शुरुआत की गई जिसके तहत आईटीए रिपोर्ट में पहचान की गई परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए बैंक, उद्योग और सरकार के साथ समन्वय करेगा। घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर फंड जुटाने के लिए उचित परिस्थितियां बनाने की कोशिश की जाएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और एवरसोर्स कैपिटल के अध्यक्ष जयंत सिन्हा ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत और हरित भारत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और विकसित भारत के लिए हरित भारत अनिवार्य है। हमें नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करना ही होगा। इसके अलावा कोई और विकल्प नहीं है। सिन्हा ने कहा कि यह सच्चाई है कि हरित विकास को उद्योग जगत के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

---

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑनलाइन जुआ....**

बैन किया जाए। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा। यह बिल 20 अगस्त को लोकसभा और 21 अगस्त को राज्यसभा से पास हुआ था। 22 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद अब यह कानून बन गया है। 8 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की उस याचिका को मंजूरी दी थी, जिसमें प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को तीन हाईकोर्ट से सुप्रीम कोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी, ताकि अलग-अलग फैसलों से बचा जा सके। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सेंटर फॉर अकाउंटेबिलिटी एंड सिस्टमिक चेंज (सीएएससी) और शौर्य तिवारी की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें सरकार को सोशल और ई-स्पोर्ट्स गेम्स की आड़ में चलने वाले ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म पर रोक लगाने के निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में दावा किया गया है कि ये एप्स पूरे देश में बड़े पैमाने पर सामाजिक और आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। एडवोकेट विराग गुप्ता ने केंद्र को 2,000 सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े एप्स की डिटेल्स सौंपीं। गुप्ता ने बेंच को बताया कि 15 करोड़ बच्चों की सुरक्षा के बारे में है। उन्होंने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 का जिक्र भी किया। बेंच ने सरकार से याचिकाकर्ता द्वारा दी गई ऑनलाइन गेमिंग एप्स की डिटेल्स पर एक्शन लेने को कहा।

### कौशाल्या नंद गिरि सनातन किन्नर अखाड़ा की पीठाधीश्वर नियुक्त

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय किन्नर अखाड़ा में लगातार हो रहे भेदभाव और अनियमितिता के चलते प्रयागराज में किन्नर अखाड़े में हुई दो फाड़ फाड़ के बाद किन्नर अखाड़े के कई किन्नरों ने महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां को सर्वसम्मति से नए किन्नर अखाड़ा का पीठाधीश्वर नियुक्त किया है। सनातन किन्नर अखाड़ा के नाम से बने इस किन्नर अखाड़े की पीठाधीश्वर कौशल्या नंद गिरी उर्फ टीना मां को बनाया गया जबकि पूर्व के किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर भवानी मां इसकी संरक्षक बनी है। इस अवसर पर भव्य कार्यक्रम में जहां टीना मां का पट्टाभिषेक किया गया, वहीं यज्ञ और हवन कर नए अखाड़े का उद्घोष किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के कई किन्नर परिवारों के संरक्षक किन्नर गुरु मौजूद रही। उन्होंने साफ तौर से कहा कि इस अखाड़े का उद्देश्य सनातन सभ्यता से जुड़े कर्मकांड को करना है तथा ऐसे लोग जो किन्नर ना होते हुए भी पैसों के बल पर किन्नर अखाड़े को जॉइन कर उसको बदलाव करने में लगे हैं उनसे कितने समाज की रक्षा करना है।

# ठाकुर बांके बिहारी के दरबार में भिड़े श्रद्धालु और पुलिस

वृंदावन, वार्ता

■ पहले राधे-राधे फिर जमकर हुई मारपीट

वृंदावन के ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार की सुबह अजीब स्थिति बन गई। यहां मंदिर में दर्शन कर बाहर निकल रहे श्रद्धालुओं को पहले पुलिस ने रोका और फिर देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि पुलिस वाले श्रद्धालुओं को पीटने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं श्रद्धालु भी अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

मामला ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में एंट्री गेट का है। जानकारी के मुताबिक मंदिर में दर्शन करने के बाद कुछ महिला और पुरुष श्रद्धालु इसी गेट से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। वहां गेट पर खड़े पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया और एग्जिट गेट से बाहर जाने को कहा। चूंकि मंदिर में इतनी भीड़ थी कि एग्जिट गेट तक पहुंचना थोड़ा मुश्किल था, ऐसे में इन श्रद्धालुओं ने पुलिस कर्मियों की बात को नजरअंदाज कर एंट्री गेट से ही आगे बढ़ने की कोशिश की। इसी बात पर पुलिस के साथ टकराव हो गया। बता दें कि कार्तिक महीने की वजह से वृंदावन में श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ गई है। वृंदावन आने वाले बांके बिहारी के दर्शन के लिए जरूर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में बांके बिहारी मंदिर में भीड़ बार-बार अनियंत्रित हो जा रही है। इसी क्रम में आज यानी मंगलवार की सुबह जैसे ही मंदिर के पट खुले, भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इनमें एटा और मैनपुरी से आए श्रद्धालु भी शामिल थे। ये लोग पहले मंदिर में घुसे और दर्शन के बाद उसी गेट से वापस निकलने लगे थे। वहीं जब पुलिस के साथ इन श्रद्धालुओं की झड़प और मारपीट होने लगी, तो अतिरिक्त फोर्स मौके पर भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने कुछ श्रद्धालुओं को हिरासत में लेकर चौकी में बैठा दिया है। पुलिस इन सभी श्रद्धालुओं से अभी पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक अभी तक इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कपड़ों का व्यापारी बताकर धोखाधड़ी से किया था निकाह, विरोध के बाद काटा गला

## 17 सितंबर को सिवाल खास के जंगल में गंग नहर पटरी के पास मिला था महिला का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** बीते 17 सितंबर को सिवाल खास के जंगल में गंग नहर पटरी के पास मिली अज्ञात महिला के शव की गुत्थी का जानी पुलिस ने खुला-सा कर दिया। इस दौरान के ऐसे पहलू पुलिस ने पत्रकारों के सामने रखें जिसे देखकर सब दंग रह गए। एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने प्रेसवार्ता में बताया कि सिवालखास के जंगल में गंगनहर पटरी स्थित खेत में अज्ञात महिला का शव मिला था, जो काला बुरखा पहने हुई थी, जिसकी हत्या गला काटकर की गई थी। इस मामले में पुलिस ने शहजाद पुत्र फारूख निवासी मोहल्ला कुरेशियान फलावदा, हाल पता लक्कीपुरा थाना लिसाड़ी गेट एवं नदीम पुत्र निसार निवासी मोहल्ला ऊंचा फलावदा को गिरफ्तार किया।



पूछताछ में मुख्य कातिल शहजाद ने बताया कि वह लगभग 18 वर्षों से मस्जिदों में इमाम का कार्य करता है। पांचवीं कक्षा तक शिक्षित है, जो वर्तमान में ग्राम सैद नगला थाना चरथावल मुजफ्फरनगर मस्जिद में इमाम का कार्य करता है। मृतका नईमा यासमीन (असम) की रहने वाली एक शिक्षित महिला थी, जो पूर्व में भी कई मल्टी नेशनल कम्पनी में काम कर चुकी थी, जिसने पहले पति से तलाक के बाद पुनः निकाह किया था। शहजाद ने स्वयं को कपड़ों का व्यापारी बताकर मृतका से ऑनलाइन निकाह किया, जबकि वह पहले से विवाहित था और उसके तीन बच्चे भी थे। नईमा को जब यह सच्चाई पता चली कि शहजाद मस्जिद में इमाम है, उसका कोई घर नहीं है और उसका भरण-पोषण गांव के लोग करते हैं, तो दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। नईमा यासमीन द्वारा शहजाद पर धोखाधड़ी का आरोप लगाने और उसकी पहली पत्नी से मिलने पर रोक लगाने के कारण शहजाद ने उसे रास्ते से हटाने का निर्णय लिया। और अपने दोस्त संग मिलकर नईमा की गला काटकर हत्या कर दी थी। तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। मंगलवार को एसएसपी ने घटना का खुलासा कर दिया।

## प्रेमवीर ही नहीं हर थानेदार है धनकुबेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** पूर्व थानेदार प्रेमवीर इस समय अपने धन वैभव के लिए चर्चा में हैं लेकिन वह अकेले ऐसे थानेदार नहीं है जिनके पास करोड़ों की संपत्ति हो माना जाता है कि लगभग हर थानेदार की यही स्थिति है। जनपद के एक थानेदार तो कथित रूप से सोने की ईंटें खरीदने के लिए मौखिक चर्चा में बने रहते हैं। सरकार को चाहिये कि एक ऐसा तंत्र विक. सित करें जिससे सरकारी नौकरी में रहकर लूट करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों की संपत्ति परखी जा सके क्योंकि शिकायत कर्ताओं को तो झूठे मुकदमें में फंसाने की एक प्रथा पूरे देश में है। एक से देखकर दूसरा हिम्मत हार जाता है। इस प्रकरण में भी माना जा रहा है कि मुनव्वर परिवार से तनातनी के कारण थानेदार का वैभव सामने आया है लेकिन हकीकत तो यह है कि कितना भी राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सक्रिय हो पुलिस लोगों को झूठे मुकदमें में फंसाने में बाज नहीं आती। एक दिलचस्प मामले में तो मानवाधिकार कार्यकर्ता को मानवाधिकार आयोग से ही जालसा. जी में फंसा दिया गया था।

# विधायक अतुल प्रधान से मिले किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**लावड़।** जिला पंचायत वार्ड नंबर 5 के बिसौला गांव में जिला पंचायत निधि से बनाए जा रहे नाले को लेकर किसानों व ग्रामीणों में जिला पंचायत के विरुद्ध भारी रोष देखने को मिल रहा है।

मंगलवार को बिसौला गांव के किसान सरधना विधायक अतुल प्रधान के आवास पर पहुंचे और बताया कि जिला पंचायत निधि से गांव में नाले का निर्माण कराया जा रहा है जो किसानों की भूमि से होकर गांव की आबादी के निकट बने तालाब में डाला जाएगा। जिससे गांव में गंभीर बीमारी भी पैदा होगी। किसानों ने विधायक से बताया कि नाला निर्माण के लिए उनकी भूमि को अधिकृत नहीं किया गया और न ही कोई मुआवजे की बात की गई साथ

### बिसौला गांव में नाला निर्माण रुकवाने की मांग

ही गांव में बने स्कूल व कब्रिस्तान की भूमि से भी इस नाले को निकाला जाएगा। उन्होंने विधायक अतुल प्रधान से नाला निर्माण को यहां से रुकवाकर अन्य जगह से निकलवाने की मांग की जिस पर अतुल प्रधान ने समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

### जिला पंचायत सदस्य को नाला निर्माण की नहीं दी गई जानकारी

इस समय जिला पंचायत मेरठ सुर्खियों में बना हुआ है जिला पंचायत पर आए दिन नए-नए आरा. प सामने आ रहे हैं बिसौला गांव में हो रहे नाला निर्माण को लेकर किसानों के भारी विरोध के बीच जब वार्ड 5 के सदस्य अजीत प्रताप से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले उन्होंने नाले का प्रस्ताव रखा था लेकिन इस नाले का प्रस्ताव जिला पंचायत ने कब पास किया और जब टेंडर दिया गया और कब इसका निर्माण कार्य शुरू कराया गया, आज तक उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई है। अब सवाल ये बनता है कि जिस वार्ड में निर्माण कार्य कराया जा रहा है उसके जिला पंचायत सदस्य को ही इसकी जानकारी नहीं है जबकि बिना सदस्य की सहमति के कोई भी निर्माण कार्य उसके क्षेत्र में भी किया जाता है इस बात से जिला पंचायत द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग साफ साफ नजर आ रहा है।

## काशी टोल प्लाजा पर सांसद धर्मेंद्र यादव का स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** मंगलवार को समा. जवादी पार्टी के सिवाल खास विधानसभा के अध्यक्ष तसव्वर अली ने काशी टोल प्लाजा पर समाजवादी पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। धर्मेंद्र यादव ने भी गर्म जोशी दिखाते हुए सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली को गले लगाया और हाल-चाल जाना। बताएं कि धर्मेंद्र यादव मेरठ में एक शादी समारोह में आ रहे थे। जहां सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष तसव्वर अली ने काशी टोल प्लाजा पर ही उनका फूल मालाओं से स्वागत किया इस दौरान साहिल राणा, अशरफ अली आदि मौजूद रहे।

# न्याय की जीत! तरुण हत्याकांड में चार दोषियों को उम्रकैद की सजा

### कोर्ट ने चारों पर 48 हजार का जुर्माना भी ठोका



तरुण गिरी का फाइल फोटो

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** तीन साल पुराने तरुण हत्याकांड में कोर्ट ने मंगलवार को चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही चारों पर कुल 48 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। मामला 7 जून 2022 का है, जब ग्राम गोविंदपुरी निवासी मनोज गिरी के पुत्र तरुण गिरी की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई थी। किठौर थाना क्षेत्र में हुई इस वारदात ने उस समय इलाके में सनसनी फैला दी थी। पुलिस ने इस मामले में तुषार भाटी, प्रिंस, गुल्लू उर्फ अनिकेत और अंकुर के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अभियोजन पक्ष की सशक्त और प्रभावी पैरवी के चलते अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या-2) आलोक द्विवेदी ने चारों अभियुक्तों को धारा 302 में उम्रकैद और 48 हजार रुपये जुर्माना, साथ ही अन्य धाराओं में सजा सुनाई। **इन आरोपियों को सुनाई गई सजा:** तुषार भाटी पुत्र ओमपाल, निवासी ग्राम इन्द्रपुरा राधना, थाना किठौर, प्रिंस पुत्र सरदार, निवासी ग्राम इन्द्रपुरा राधना, थाना किठौर, गुल्लू उर्फ अनिकेत पुत्र रविन्द्र, निवासी ग्राम हसनपुर कलां थाना किठौर, अंकुर पुत्र विजेंद्र, निवासी ग्राम इन्द्रपुरा, थाना किठौर

### किठौर पुलिस की बेहतर पैरवी से मिली सजा

इस सफलता में थाना किठौर प्रभारी, कांस्टेबल रवि कुमार और जितेन्द्र उर्फ लोकेश की अहम भूमिका रही। मेरठ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत यह एक और बड़ी सफलता है, जिसने साबित कर दिया कि अपराध करने वालों को सख्त सजा दिलाना मेरठ पुलिस की प्राथमिकता है।

# राजकीय बीज भंडार दौराला का औचक निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** मंगलवार को निदेशालय से अपर कृषि निदेशक जेपी चौधरी, उप कृषि निदेशक नीलेश चौरसिया द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय बीज भंडार दौराला पर औचक निरीक्षण किया गया। रवि सीजन में गेहूं, दलहन और तिलहन के गुणवत्ता युक्त बीज की सही दरों पर बिक्री को सुनिश्चित करने के लिए यह औचक निरीक्षण किया गया।



गोदाम बीज प्रभारी कृष्णकांत द्वारा बताया गया कि गोदाम पर गेहूं, दलहन और तिलहन का पर्याप्त मात्रा में उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध है जिसको किसानों को पोस मशीन द्वारा वितरित किया जा रहा है। अपर कृषि निदेशक जेपी चौधरी द्वारा निर्देशित किया गया कि गोदाम पर साफ सफाई की व्यवस्था रखी जाए। कृषकों को निर्धारित मूल्य पर ही बीज का वितरण किया जाए, सभी बीजों की दरों को दीवार पर लिख दिया जाए और साथ ही विकासखंड के समस्त कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आप द्वारा प्रत्येक गांव में कलेक्टर के रूप में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करें विभागीय योजनाओं का समुचित प्रचार प्रसार अवश्य किया जाए। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु किसानों में जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। प्रत्येक गांव को कृषि विभाग की योजनाओं से आच्छादित किया जाए। गोदाम पर गेहूं की PBW 187 और PBW 303 का बीज पर्याप्त मात्रा में कृषकों को वितरण करने के लिए उपलब्ध है साथ ही सहफसली खेती को बढ़ावा देने के लिए गन्ने के साथ सरसों की सहफसली खेती में सरसों आजाद मस्त किस्म का निशुल्क वितरण हेतु बीज भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अपर कृषि नि. शक जेपी चौधरी द्वारा अपनी उपस्थिति में कृषकों को बीज का वितरण स्वयं अपने सामने पोस मशीन के द्वारा कराया गया। उप कृषि निदेशक मेरठ नीलेश चौरसिया द्वारा अपर कृषि निदेशक को आश्वस्त किया गया कि जनपद के सभी राजकीय बीज भंडारों पर बीज की बिक्री निर्धारित विक्रय दरों पर ही कराई जाएगी और सभी कृषकों को गुणवत्ता युक्त रवि सीजन का दलहन तिलहन और गेहूं का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ सचिन पवार, सहायक विकास अधिकारी कृषि अविनाश कंसल, सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा संजीव तोमर आदि रहे।

## डीएम-एसएसपी ने मखदूमपुर गंगा घाट मेले का किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह व एसएसपी विपिन ताडा ने संबंधित अधिकारियों के साथ मखदूमपुर गंगा घाट मेले का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वहां श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था, कंट्रोल रूम, ट्रैफिक व्यवस्था, घाटों पर साइनेज, एम्बुलेन्स, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, एसपी ट्रैफिक राघवेंद्र मिश्रा, एसपी देहात अभिजीत कुमार, एसडीएम मवाना संतोष कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। वहीं दोनों अधिकारियों ने पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं।

## एक नजर

### जीटीबी स्कूल में गुरु नानक देव के प्रकाश पर्व पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों एवं स्कूल प्रांगण में उपस्थित सभी लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गुरु नानक देव जी की आराधना से हुई, जिसमें छात्रों ने उनके उपदेशों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति एवं शबद गायन किया। बच्चों ने अपने भाषण में कहा कि, गुरु नानक देव जी ने हमें एकता, दया और करुणा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी। उनकी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहेंगी। इसके बाद, प्रिंसिपल डॉ. कर्मेंद्र सिंह ने गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में शामिल होने वालों ने गुरु नानक देव जी के जीवन और शिक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में लागू करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणादायक था।

### किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने पराली जलाने पर लगाए जा रहे जुर्माने का किया विरोध



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन (आजाद) के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मिलकर पराली जलाने पर किसानों पर लगाए जा रहे जुर्मानों और मुकदमों को रोकने की मांग की। संगठन ने कहा कि जब तक NGT के आदेशानुसार किसानों को पराली प्रबंधन के लिए मशीनें, दवाइयां, बेलर आदि उपलब्ध नहीं कराए जाते, तब तक किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई न हो। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नितिन बालियान ने कहा कि सरकार केवल दंड देने के प्रावधान लागू कर रही है, जबकि किसानों को संसाधन उपलब्ध कराना भी उसी आदेश का हिस्सा है। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजी. नियर शादाब चौधरी ने 2019 से रोकी गई 100 क्विंटल पराली प्रबंधन सहायता तुरंत जारी करने और मशीनें उपलब्ध कराने की मांग की।

### कल सर्किट हाउस में होगी महिला सुनवाई

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम यादव ने बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से महिला आयोग की सदस्या मनीषा अहलावत (कल) गुरुवार को 11 बजे सर्किट हाउस में जनसुनवाई करेंगी। पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान हेतु उक्त जनसुनवाई में लिखित शिकायत के साथ उपस्थित हो।

## हरियाली संरक्षण ट्रस्ट ने उठाई जनहित की आवाज

# मंडी समिति में रास्ता खोले जाने की लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** हरियाली संरक्षण ट्रस्ट का एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधि मंडल के साथ लोकप्रिय रोड, अमन कालोनी, महाराणा प्रताप नगर और धर्मपुरी ईदगाह बस्ती के सैकड़ों लोग, जिनमें बुजुर्ग व महिलाएं भी शामिल थीं, उपस्थित रहे।



उन्होंने लोकप्रिय रोड स्थित मंडी समिति की दीवार निर्माण से जुड़ी जनसमस्या रखी। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पहले मंडी समिति की दीवार के पास आवागमन हेतु एक खुला रास्ता था, जिससे होकर इन कालोनियों के मजदूर वर्ग के लोग रोजगार के लिए मंडी जाते थे तथा सब्जी, राशन आदि लाने-ले जाने में सुविधा रहती थी। साथ ही स्थानीय लोग इसी मार्ग से टहलने भी जाते थे। मगर अब दीवार निर्माण के चलते यह रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है। गेट तक पहुंचने के लिए लोगों को लगभग आधा किलो मीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और मजदूरों को भारी परेशानी हो रही है। कालोनी वासियों ने बताया कि हाल ही मंडी समिति की दीवार बनने से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यदि दीवार में एक छोटा गेट या चरखी लगा दी जाए तो राहगीरों को राहत मिलेगी। इस मौके पर सीओ नूपुर गोयल ने प्रतिनिधिमंडल की बात सुनी और मंडी समिति के अधिकारियों को इस जनहित की समस्या का समाधान निकालने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में हरियाली संरक्षण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिहान मलिक, कामिल, प्रमोद, सचिन, विनोद, बानो, मुनव्वर, पिंकी, सीमा, मोनू, सोहन लाल, रमेश, विनोद, अंकुर, अंकित, मनीष, जाहिद, आबिद, आसिफ, गुल्लू, इरशाद, अयूब समेत दर्जनों लोग शामिल रहे।

# वार्ड 15 में सभासद का चुनाव जीती शाहिदा ने ली शपथ

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना के वार्ड संख्या-15 के उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली शाहिदा अंसारी पत्नी तराबुद्दीन अंसारी ने मंगलवार दोपहर नगर पालिका सभागार में सभासद पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन लिपिक विपिन शर्मा ने किया। चेयरपर्सन शबीला अंसारी, व अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला ने विधिवत रूप से उन्हें पद की शपथ दिलाई।



शपथ ग्रहण के अवसर पर चेयरपर्सन शबीला अंसारी ने शाहिदा अंसारी को पुनः सभासद निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने जनता के विश्वास को जीतकर एक मिसाल कायम की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शाहिदा अंसारी नगर के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए बोर्ड के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगी। शपथ ग्रहण के बाद शाहिदा अंसारी ने अपने समर्थकों और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत जनता के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा उन्हें दोबारा सेवा का अवसर देने के लिए वह वार्ड-15 के सभी नागरिकों की ऋणी हैं। उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी न रहे। सफाई व्यवस्था, सड़क, जलनिकासी और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। गौरतलब है कि करीब पांच महीने पहले वार्ड की सभासद वसीला के निधन के कारण वार्ड-15 का यह स्थान रिक्त हो गया था। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 15 अक्टूबर को उपचुनाव संपन्न हुआ था और 17 अक्टूबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। इस दौरान खालिद अंसारी, शहजाद सितारा, यूसुफ अंसारी, सईद अंसारी, इरशाद मलिक, सहित आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभासदों और नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने शाहिदा अंसारी का स्वागत करते हुए उन्हें

# सरधना में जल्द होगी एडिशनल सेशन कोर्ट की स्थापना: विक्रम त्यागी

### मुख्यमंत्री और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से की गई मांग, कोर्ट क्रिएशन कमेटी ने बार भवन प्रस्ताव को दी मंजूरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** क्षेत्र के लोगों और अधिवक्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर सामने आई है। सरधना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम त्यागी ने जानकारी दी है कि सरधना में जल्द ही एडिशनल सेशन कोर्ट की स्थापना होने जा रही है। उन्होंने कहा कि बार अध्यक्ष बनने के बाद उनका सबसे पहला और प्रमुख लक्ष्य क्षेत्र में एडिशनल सेशन कोर्ट की स्थापना कराना था, जिसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। विक्रम त्यागी ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में भेंट कर एक विस्तृत प्रार्थना पत्र सौंपा, जिसमें सरधना की न्यायिक आवश्यकताओं और बढ़ते मुकदमों की संख्या का विवरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाया है। इसके अलावा, उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से भी मुलाकात कर सरधना में कोर्ट स्थापना की मांग रखी है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कोर्ट क्रिएशन कमेटी मेरठ के अध्यक्ष एवं एडीजे फर्स्ट मेरठ अचल नारायण सकलानी सरधना पहुंचे थे।

कमेटी अध्यक्ष ने उस प्रस्ताव को देखकर उसे 'ओके' स्वीकृति दे दी है। साथ ही, बार एसोसिएशन के रिन्यूअल नवीनीकरण का मामला भी अंतिम चरण में है और जल्द ही स्वीकृत होने की उम्मीद है। कहा कि सरधना में एडिशनल सेशन कोर्ट की स्थापना से क्षेत्र के सैकड़ों अधिवक्ताओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, वहीं स्थानीय स्तर पर न्यायिक कार्य की गति में भी सुधार आएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सरधना क्षेत्र के अधिकांश गंभीर आपराधिक मुकदमे मेरठ सेशन कोर्ट में चलते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के पीड़ितों और गवाहों को बार-बार मेरठ आना-जाना पड़ता है। कोर्ट के खुलने से लोगों को यातायात, समय और आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी। बार अध्यक्ष ने कहा कि यह मांग कई वर्षों से लंबित थी, लेकिन अब प्रयासों के चलते यह सपना साकार होने जा रहा है। उन्होंने बताया कि बार एसोसिएशन की टीम, वरिष्ठ अधिवक्ताओं, जनप्रतिनिधियों और न्यायिक अधिकारियों से लगातार संवाद बनाए हुए हैं। विक्रम त्यागी ने कहा सरधना में एडिशनल सेशन कोर्ट खुलने से न सिर्फ अधिवक्ताओं का कार्य बढ़ेगा, बल्कि आम जनता को न्याय मिलने में आसानी होगी। यह सरधना क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर इस अभियान में सहयोग करें।

## गांधी जी की प्रतिमा हटाकर सहकारिता मंत्री की प्रतिमा लगाने का विरोध



शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष अबरार अंसारी ने गांधी जी की प्रतिमा हटाने का विरोध किया है। इस बीच उन्होंने मंगलवार को एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें उनका कहना था कि सरकार द्वारा लगातार वैश्य समाज के महापुरुषों की प्रतिमा को हटाने का काम किया जा रहा है। 27 अक्टूबर को सीतापुर के बिसवां में बड़े चौराहे पर गांधी के नाम से सुविख्यात समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल के परदादा स्वर्गीय जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल की प्रतिमा प्रशासन द्वारा हटाई गई यह मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था की 29 अक्टूबर को छिबरामऊ तिराहे पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को हटाकर पूर्व सहकारिता मंत्री की प्रतिमा लगाई गई जिसका समाजवादी व्यापार सभा ने विरोध किया। उनका कहना था कि महापुरुषों की प्रतिमाओं को पूरे प्रदेश से हटाया जा रहा है जिसका वह पूर्ण जोर विरोध करते हैं। उन्होंने मांग की है कि महात्मा गांधी की प्रतिमा को उसी स्थान पर सम्मान से लगवाई जाए। अन्यथा वैश्य समाज सरकार के खिलाफ हल्ला बोल आंदोलन करेगा। इस दौरान शाहिद पहलवान, मौ. वसीम अंसारी, महानगर अध्यक्ष व्यापार संघ मुशीर खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में सीबीएसई लर्निंग हब के अंतर्गत प्राचार्यो की बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल सरधना में सीबीएसई लर्निंग हब के अंतर्गत एक दिवसीय प्राचार्य बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाना, विद्यालयों के बीच समन्वय एवं सहयोग को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयासों को दिशा देना था। बैठक में सीबीएसई लर्निंग हब से जुड़े विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल सरधना के प्रधानाचार्य डॉ. रोहित मेहरा ने सभी आगंतुक प्राचार्यों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि लर्निंग हब के माध्यम से हम सभी विद्यालय एक साझा मंच पर आकर न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं, बल्कि एक-दूसरे के अनुभवों से सीख लेकर विद्यार्थियों के भविष्य को और उज्ज्वल बना सकते हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहे, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारी को भी सशक्त बनाए। बैठक के दौरान सभी प्राचार्यों ने अपने-अपने विद्यालयों में अपनाई जा रही शिक्षण विधियों, तकनीकी संसाधनों के प्रयोग तथा विद्यार्थियों की अधिगम प्रगति को लेकर अपने अनुभव साझा किए। साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में आ रही नई चुनौतियों और उनके समाधान पर भी सार्थक चर्चा की गई। चर्चा के दौरान यह निर्णय लिया गया कि लर्निंग हब के अंतर्गत आने वाले विद्यालय समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और साझा गतिविधियां आयोजित करेंगे, जिनसे विद्यार्थियों को नई शिक्षा पद्धतियों का लाभ मिल सके। बैठक के समापन पर सभी प्राचार्यों ने सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल सरधना के आतिथ्य की सराहना की तथा इस प्रकार की सार्थक बैठकों को निरंतर आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद के साथ हुआ।

# किसान की हत्या कर पेड़ से लटकाया शव

## परिजनों में मचा कोहराम, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य, दो दिन से था लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** 2 दिन से लापता किसान का शव कीकर के जंगल में प्लास्टिक के रस्सी के सहारे पेड़ पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शरीर पर चोटों के निशान को देखकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे है। फॉरेंसिंग टीम ने नमूने लेकर साक्षय जुटाये है। पुलिस ने लाश का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी इंदर सिंह पुत्र छुट्टन सिंह 2 नवंबर को रविवार की शाम अपने खेत से रहस्यमय तरीके से लापता हो गये थे। परिजनों एवं पुलिस ने भी सोमवार को जंगल में लापता किसान को तलाश किया था। मंगलवार की सुबह कीकर के वन में इंदर की लाश प्लास्टिक की रस्सी के सहारे पेड़ से लटकी हुई थी। यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। कुछ ही देर में मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण पहुंच गये। इंदर की लाश पर जगह-जगह चोटों के निशान थे। जिससे परिजन हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाये जाने का आरोप लगा रहे थे। सूचना मिलते ही सीओ दीप कुमार पंत कोतवाल प्रेमपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। फॉरेंसिंग टीम ने भी मौके पर पहुंचकर नमूने लेकर साक्षय जुटाये हैं। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इदर अपने पीछे पांच बेटियों दो बेटों व पत्नी को छोड़ गये है। इससे पहले छुट्टन सिंह के तीन बेटों की मौत हो चुकी है। छुट्टन सिंह व उनकी पत्नी अतरो की आंखों के आंसू भी नहीं रुक पा रहे है। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया इदर की लाश का पंचनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर आगे कार्रवाई की जायेगी।

### इंदर पर दो बार पहले भी हुआ था हमला



**हसनपुर।** किसान इंदर की लाश को कातिलों ने हत्या कर पेड़ पर लटका दिया यह पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों बैटरा चोर पकड़े गये थे। चोरों को पकड़वाने में इंदर सिंह पर आरोप लगा था। इंदर सिंह पर दो बार हमला भी हुआ था। इसके अलावा पुलिस को कई अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर करनी होगी। ताकि वारदात का जल्दी-जल्दी खुलासा किया जा सके।

### चोटों के निशान कर रहे हत्या का इशारा

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** कीकर के पेड़ पर लटकी हुई लाश पर जगह-जगह चोटों के निशान थे। जिसका अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या करने से पहले कातिलों ने किसान के साथ बेरहमी के साथ मारपीट की थी। किसान की कमर के नीचे पेट पर मिट्टी के निशान थे। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसको घसीटा भी गया था। उसके बाद कातिलों ने हत्या कर पेड़ पर किसान की लाश को लटका दिया। ताकि यह प्रतीत हो सके कि उसने आत्महत्या की है। किसान के शरीर पर चोटों के निशान बयां कर रहे हैं कि उसकी हत्या की गई है।



हसनपुर। युवक की मौत पर विलाप करते परिजन।

### विधायक ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** गांव लुहारी खादर निवासी इंदर की लाश मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी भी उनके घर पहुंच गये। विधायक ने मृतक के परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर सहायता उपलब्ध कराये जाने का आश्वासन दिया। विधायक ने पुलिस को सही खुलासा किये जाने के निर्देश दिये है।

# युवक ने फांसी लगाकर मौत को गले लगाया

## परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** थाना क्षेत्र के मंढइयौ गांव में सोमवार रात एक दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। 24 वर्षीय अंकित उर्फ गोल्डी ने अपने घर की छत पर बने कमरे में टीन के पाइप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब वह नीचे नहीं उतरा तो परिजनों ने जाकर देखा, तो वह फांसी के फंदे पर झूलता मिला। यह दृश्य देखते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई और गांव में कोहराम मच गया।



जानकारी के अनुसार, मृतक अंकित गादीखेड़ा गांव निवासी महेंद्र सिंह का पुत्र था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और कस्बे के एक निजी अस्पताल की पैथोलॉजी में नौकरी करता था। सोमवार की शाम वह रोज की तरह ड्यूटी करके घर लौटा, खाना खाया और ऊपर बने कमरे में सोने चला गया। अगली सुबह देर तक जब वह नीचे नहीं आया तो घरवालों ने जाकर देखा, तो अंकित का शव टीन के पाइप से लटका मिला। युवक की मौत की खबर से गांव में सन्नाटा और मातम छा गया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। किसी को भी विश्वास नहीं हो रहा था कि हमेशा मुस्कुराने वाला अंकित इतना बड़ा कदम उठा लेगा। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी और बिना किसी कानूनी कार्रवाई के अंतिम संस्कार कर दिया। इस पर थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंदु कुमार ने कहा कि युवक द्वारा आत्महत्या करने के मामले की कोई जानकारी पुलिस को नहीं दी गई है। अगर परिजन तहरीर देंगे तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अंकित की आत्महत्या की वजह का पता नहीं चल सका है। अचानक हुई इस घटना से परिवार गहरे सदमे में है, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

## बाइक से गिरकर सिपाही घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** बाइक फिसलने के कारण बरेली में तैनात सिपाही घायल हो गया। घायल सिपाही को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव कसाईपुरा निवासी अवधेश पुत्र गंगाधर उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। इस समय वह जनपद बरेली में ड्यूटी पर तैनात है। मंगलवार की शाम सिपाही अवधेश बाइक पर सवार होकर अमरोहा दिशा की ओर से हसनपुर को आ रहा था। ग्राम करनपुर माफी के समीप बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे सिपाही अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने फोन कर एंबुलेंस को मौके पर बुलाया। उसके बाद सिपाही को नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

# दावत खाकर लौट रही छात्रा की हादसे में मौत

## सड़क पार करते समय कार ने रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** होटल में दावत खाकर अपनी मां के साथ घर लौट रही नौ साल की मासूम छात्रा को कार ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना जोया-अमरोहा रोड की है। नगर के मोहल्ला जोई के मौलाना जावेद की बेटी की अमरोहा रोड स्थित एक होटल में शादी थी। यहां के आलिम की पत्नी अपनी कई बेटियों के साथ होटल में खाना खाने पहुंची थी। जब वह खाना खाकर घर लौट रही थी तो जैसे ही उसने डिवाइडर क्रास किया तो उसकी नौ साल की बेटी साराह उसका हाथ छोड़कर सड़क पार करने लगी। तभी अमरोहा की ओर से तेज गति से जोया की ओर जा रही कार ने मासूम को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को अपने घर ले आये तथा उसे सुपुर्दे खाक कर दिया।



# पांच माह मौत से लड़कर हार गया समद

## सड़क हादसे में हुआ था घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पांच महीने पहले सड़क हादसे में घायल हुए 16 वर्षीय मदरसा छात्र अब्दुस समद की मंगलवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। तभी से दिल्ली के एक अस्पताल से उसका उपचार चल रहा था। आंतों में गंभीर चोट होने के कारण छात्र की हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराए बिना शव को सुपुर्देखाक कर दिया है। इस हादसे में दो मदरसा छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

27 मई की दोपहर हादसा नौगावां सादात थाना क्षेत्र में अमरोहा-मंडी धनौरा मार्ग पर हुआ था। शहर के मोहल्ला तलवार शाह नई बस्ती निवासी नासिर अली का बेटा मोहम्मद फैजी, मोहल्ला अफगानान निवासी अनीस का बेटा अरसलान, मोहल्ला हक्कानी निवासी अफजल का बेटा अब्दुल समद तथा मोहल्ला सराय कोहना निवासी अमीर अहमद का बेटा अबुजर मदरसा जामा मस्जिद में एक साथ पढ़ते थे। हादसे वाले दिन दोपहर में चारों छात्र अरसलान की बाइक पर सवार होकर मदरसा से एक साथ निकले थे। चारों छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर धनौरा रोड स्थित एक बाग में स्थित ट्यूबवेल पर नहाने जा रहे थे। उनकी बाइक की रफ्तार काफी तेज थी।

अनियंत्रित हुई बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई थी। हादसे में मोहम्मद फैजी व अरसलान की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि अबुजर व अब्दुल समद गंभीर घायल हो गए थे। मौके पर जुटे लोगों ने फौरन ही घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। वहीं दोनों मृतकों के परिजनों ने बगैर कार्रवाई शव को सुपुर्देखाक कर दिया। घायल अब्दुस समद की सेहत तभी से खराब चल रही थी।

# सीपिया घाट पर आज उमड़ेगी आस्था की भीड़





## पुलिस-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट, श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गंगा तट सीपिया घाट पर कार्तिक पूर्णिमा का पावन पर्व इस बार और भी भव्य होने जा रहा है। मंगलवार को ही घाट पर श्रद्धालुओं की आमद शुरू हो गई, जिससे पूरा क्षेत्र आस्था और भक्ति के रंग में रंग गया। चारों ओर तंबुओं की कतारें, भक्ति गीतों की धुनें और गंगा तट पर बढ़ती भीड़ ने माहौल को पूरी तरह धार्मिक बना दिया। बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं के गंगा स्नान करने की संभावना जताई जा रही है।

गंगा तट पर मंगलवार से ही श्रद्धालु ट्रैक्टर-ट्रॉली, बेल-बुग्गी और दोपहिया वाहनों से पहुंच रहे हैं। महिलाएं कलश और नारियल लेकर पूजा की तैयारियों में जुटी हैं। गंगा की लहरों पर तैरते दीपों और हर-हर गंगे के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालु गंगा स्नान के साथ-साथ दीपदान और पूजन-अर्चन कर पुण्य अर्जित करने में लगे हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंदु कुमार ने पुलिस बल के साथ सीपिया घाट पर डेरा डाल रखा है। उन्होंने मंगलवार को पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा है ताकि कोई भी अप्रिय स्थिति न बन पाए। थाना प्रभारी ने मेले में आने वाले बाइक सवारों को हुड़दंग या स्टंट न करने की सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। घाट और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए पुलिस, पीएसी और ट्रैफिक पुलिस की टीमें तैनात की गई हैं। वहीं, ड्रोन कैमरों के जरिए निगरानी रखी जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने अलग-अलग पार्किंग स्थल बनाए हैं, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग की गई है और पुलिस कर्मी हर चौराहे पर तैनात हैं। थाना प्रभारी बालेंदु कुमार ने बताया कि श्रद्धालु शांति, स्वच्छता और अनुशासन के साथ गंगा स्नान करें प्रशासन उनके हर कदम पर मौजूद है। मंगलवार शाम तक सीपिया घाट तंबुओं के शहर में बदल चुका था। जगह-जगह भक्ति मंडलियों ने डेरा डाल लिया, भजन-कीर्तन और आरती की स्वर लहरियों से पूरा इलाका गूंज उठा। महिलाएं समूह में गंगा की आरती कर रही थीं और बच्चे झूलों व मिठाइयों का आनंद ले रहे थे। इस बार का कार्तिक पूर्णिमा मेला सीपिया घाट पर किसी मिनी तिगरी से कम नहीं दिख रहा। लाखों श्रद्धालुओं की आस्था, प्रशासन की मुस्तैदी और पुलिस की सतर्कता ने इस आयोजन को भक्ति, अनुशासन और सुरक्षा का संगम बना दिया है।

# मुकदमा वापस न लेने पर विवाहिता को पीटा

## पति समेत छह के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दहेज लोभियों ने शादी के कुछ दिन बाद ही विवाहिता का उत्पीड़न शुरू कर दिया। मायके में रह रही विवाहिता के साथ मुकदमा वापस लेने की धमकी दी। मामले में पति समेत छह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया गया है। शहर के मोहल्ला मुरादाबादी गेट निवासी शाहिद हुसैन की बेटी शाहीन की शादी 16 नवंबर 2022 को हसनपुर के मोहल्ला पत्थर वाली मस्जिद में रहने वाले नवाजिश के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। लिहाजा, शाहीन ने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज कर दिया। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद ससुराल वाले शाहीन पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे। 26 अक्तूबर को विवाहिता अपने मायके में मौजूद थी। आरोप है कि तभी ससुराल वाले घर में घुस आए और मुकदमा वापस लेने की बात दोहराने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसी दौरान पति ने तीन तलाक देकर रिश्ता तोड़ लिया और आरोपी बाद में धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में नवाजिश, मेहनाज उर्फ बॉबी, मुबारिक, अफसा, समीर व अनस के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही

## मथुरा की टीम ने 134 बंदरों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** टीम ने पिंजरा लगाकर 134 बंदरों को उसमें कैद किया। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

बताते चले कि नगर पंचायत में बंदरों का आतंक है। आये दिन बंदर महिलाओं व बच्चों पर हमले करते रहते है। जिससे अब तक दर्जनों लोग घायल हो चुके है। कुछ दिन पूर्व नागरिकों ने चेयरमैन जुबैर अहमद व ईओ विपिन कुमार सेंगर से मिलकर बंदरों से निजात दिलाने की मांग की थी। आज मथुरा से आई टीम ने पिंजरा लगाकर 134 बंदरों को पकड़ा। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। हालत यह थी कि बंदर अकसर किरान दुकानदारों का सामन भी ले जाते थे। जबकि छतों पर सूखने को डाले गये कपड़ों को भी फाड़ कर बेकार कर देते थे।

# ससुराल गया युवक रहस्यमय लापता

## कोर्ट के आदेश पर पत्नी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** ससुराल गया युवक रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा तो मां ने पुलिस को सूचना दी। परन्तु यहां भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस पर पीड़िता ने कोर्ट का सहारा लिया। पत्नी समेत चार के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है। जबकि मां ने बहू पर षड़यंत्र के तहत बेटे की हत्या का शक जताया है।

**मां ने जताई हत्या की आशंका**

रहरा थाना क्षेत्र के गांव पौरारा की मंढैया में स्व.शंभू सैनी का परिवार रहता है। उनकी पत्नी चंद्रावती देवी के मुताबिक उन्होंने बेटे देवेंद्र की शादी सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव बैगपुर मुंडा निवासी ज्योति के साथ की थी। आरोप है कि 10 मई 2025 को देवेंद्र नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव याहियापुर स्थित अपनी ननिहाल गया था। शाम में ससुराल वालों के बुलाने पर वह अपनी ससुराल बैगपुर मुंडा चला गया था। इसके बाद देवेंद्र आज तक घर वापस नहीं आया। काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता ने देवेंद्र की पत्नी और ससुराल वालों पर हत्या का शक जताते हुए पुलिस में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा, चंद्रावती देवी ने अदालत की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर सीजेएम ने थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में अदालत के आदेश पर ज्योति, उसकी मां सुमन, भाई पुष्पेंद्र और अनिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वादिनी चंद्रावती देवी को शक है कि उसकी पुत्रवधू ने अपने घर वालों के साथ षड्यंत्र करके देवेंद्र की हत्या कर दी है। इसके बाद शव को कहीं छिपा दिया है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों से पूछताछ करते हुए जल्दी घटना का खुलासा किया जाएगा

# पार्लर संचालिका पर तेजाब फेंकने की धमकी

## पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** युवक ने ब्यूटी पार्लर में घुसकर पूर्व प्रेमिका को चेहरे पर तेजाब डालने की धमकी दे दी। विरोध करने पर बीच सड़क जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। धमकी मिलने के बाद से युवती दहशत में है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व प्रेमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तलाश के बीच आरोपी अभी फरार है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाली एक युवती की थाना क्षेत्र के गांव मीरा सराय में रहने वाले विनिश से जान-पहचान थी। आमने-सामने बैठकर हुई दो तीन मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। करीब दो साल से दोनों एक-दूसरे से मोबाइल पर बातचीत कर रहे थे। इसी बीच किसी बात को लेकर रिश्ते में दरार आ गई। लिहाजा, करीब एक साल पहले युवती ने विनिश से ब्रेकअप कर लिया। इसके साथ ही बातचीत भी बंद हो गई लेकिन विनिश ने किसी सूरत पूर्व प्रेमिका का पीछा नहीं छोड़ा। काफी दिन बाद भी जब हालत सुधरते नहीं दिखे तो उसने परेशान करना शुरू कर दिया। युवती फिलहाल अमरोहा ग्रीन कॉलोनी स्थित एक ब्यूटी पार्लर में नौकरी करती है। आरोप है कि दो नवंबर की रात विनिश ब्यूटी पार्लर में घुस आया। चिल्लाते हुए गाली-गलौज करने लगा, ऐसा करने से मना किया तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।युवती का आरोप है कि वह बार-बार चेहरे पर तेजाब डालने की भी धमकी देते है। एसिड अटैक की धमकी से दहशतजदा पीड़ित युवती ने देहात थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान भदौरिया ने आरोपी विनिश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

## सेमीफाइनल में पहुंची मनपसंद इलेविन



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** अमरोहा प्रीमियर लीग नफीस अब्बासी कप के रोमांचक मुकाबले में मनपसंद इलेविन ने अमरोहा 11 को 9 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मनपसंद 11 ने 20 ओवर में 263 रन बनाए। कप्तान बिलाल अब्बास ने 99 और आर्यन चौधरी ने 73 रन की शानदार पारियां खेलीं। जवाब में अमरोहा 11 की टीम 9 रन से पीछे रह गई। कामरान ने 83 और जावेद लाठी ने 41 रन बनाए। बिलाल अब्बास को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। पुरस्कार न्यू इमरान स्पोर्ट्स एंपोरियम के ओनर इमरान खान सनी ने प्रदान किया। अंपायर जमाल खान व निश्चल चौधरी रहे, जबकि कमेंट्री तैय्यब सलमानी व शाहनवाज अंसारी ने की।

# कमाल के पिता की मौत पर दुख जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान ने पूर्व मंत्री एवं कांठ विधायक कमाल अख्तर के पिता के निधन पर दुख जताया। मंगलवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के भांजे की बहू एवं पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान कांठ विधायक कमाल अख्तर के घर पहुंचीं तथा उनके पिता पूर्व चेयरमैन मरहूम कामरेड नफीस उद्दीन के निधन पर दुख जताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मौत बरहक है। जो हर इंसान को आनी है। इसके अलावा सहारनपुर के पूर्व सांसद हाजी फजरूर्रहमान ने भी पूर्व मंत्री कमाल अख्तर के पिता की मौत पर दुख जताया। इस अवसर पर तमाम पार्टी के नेता मौजूद रहे।



## तनिशा ने सीए परीक्षा की पास



**अमरोहा।** तनिशा चौहान ने पहले ही प्रयास में सीए इंटरमीडिएड परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। इनकी इस उपलब्धि से परिवार को बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। नगर के मौहल्ला सुबोध नगर की रहने वाली तनिशा चौहान ने आरके पब्लिक स्कूल से हाईस्कूल व इंटर मीडियएड की परीक्षा 96 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी। यहां के बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकाम आनर्स की परीक्षा 94 प्रतिशत अंक से पास की। इनकी माता प्रतिभा चौहान स्कूल शिक्षिका है जबकि पिता अजय सिंह चौहान एक फर्म में लेखाकार के रूप में काम करते है। बेटी की इस उपलब्धि परिजन ही नहीं बल्कि रिश्तेदार भी गदगद है।

## रालोद नगर अध्यक्ष ने जताया जान का खतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** रालोद के नगर अध्यक्ष मोहम्मद आलम को कुछ लोगों से जान का खतरा जताया है। जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह निवासी मोहम्मद आलम रालोद के नगर अध्यक्ष हैं। उनका आरोप है कि एक नवंबर की दोपहर डेढ़ बजे उन्हें मोबाइल कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई। इस दौरान मोहम्मद आलम ने आरोपियों से आराम से बात करने को कहा तो गोली मारने की धमकी दी। धमकी के बाद से नगराध्यक्ष मोहम्मद आलम दहशत में है। आरोप है कि धमकी देने वाले आरोपी गोकशी करते हैं, वह दबंग है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ करें कार्य:जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कार्तिक पूर्णिमा के दृष्टिगत यमुना घाट छपरौली का किया निरीक्षण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल व पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय द्वारा तहसील बड़ौत के थाना छपरौली क्षेत्रान्तर्गत यमुना घाट पर आगामी कार्तिक पूर्णिमा स्नान एवं गुरु नानक जयंती के अवसर पर लगने वाले गंगा स्नान मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नाव-नौका संचालन, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट, सफाई एवं चिकित्सा जैसी सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न रहे और व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं भीड़ नियंत्रण की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखा जाए। दोनों अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि कार्तिक पूर्णिमा स्नान एवं गुरु नानक जयंती का पर्व शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व विनीत कुमार उपाध्याय, एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, सीओ तहसीलदार श्वेता सिंह, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी बाल गोविंद यादव सहित नगर पालिका छपरौली संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाल मजदूर से इनकार पर करने पर आरोपियों ने परिवार पर किया हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में बाल मजदूरी से इनकार करने पर एक मजदूर परिवार पर हमला किया गया। इस हमले में परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए, जिनमें एक महिला को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

यह घटना तब सामने आई जब एक परिवार ने मजदूर परिवार के नाबालिग बच्चों से मजदूरी कराने की पेशकश की। मजदूर परिवार ने बच्चों की कम उम्र का हवाला देते हुए इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। मजदूरी से इनकार करने के कुछ ही देर बाद, आरोपी लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर मजदूर परिवार के घर पहुंच गए। उन्होंने परिवार पर हमला कर दिया, जिससे तीन लोग घायल हो गए।

पीड़ित मोमिन ने बताया कि उनकी पत्नी के सिर में गंभीर चोट आई है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस फरार हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही है।

## विवाहिता की बुखार के चलते मौत, दर्जनों बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** एक 25 वर्षीय विवाहिता की बुखार के चलते मौत हो गयी जिससे परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।

रटौल निवासी मोनू की 25 वर्षीय पत्नी पिंकी को पिछले 4 दिन से बुखार आ रहा था जिसका ईलाज पहले निजि चिकित्सक के यहा चल रहा था जिसके बाद उन्हें खेकड़ा के एक चिकित्सक के यहा भर्ती कराया विवाहिता के ससुर मास्टर धर्म सिंह ने बताया कि खेकड़ा ब्लड टेस्ट कराने पर महिला की प्लेटलेट कम आयी जिसके बाद उसे तुरंत बडौत के आस्था अस्पताल ले जाया गया जहां से हालत खराब होने पर उसे मेरठ के एक अस्पताल भेजा गया जहां रास्ते में उसकी मौत हो गयी जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। कस्बे के लोग पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है। वहीं कस्बे के लोगो ने बताया कि कस्बे में आसमां गुलाबो वाहिद शहजाद नफीसा सरिता तहसिना दीपक सोनू सचिन सहित



दर्जनो लोग बुखार से पीड़ित है। कस्बे के लोगो ने उच्च अधिकारियों से गांव मे फाकिंग कराने की मांग की है।

## आरोपियों ने छात्रा से छेड़छाड़ कर की उसके पिता से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा गांव में कक्षा 11 की छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपियों ने छात्रा और उसके पिता के साथ मारपीट की, जिससे वे घायल हो गए। स्थानीय लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए।

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह दुकान से सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान गांव के तीन युवकों ने उसे गली में रोका और छेड़छाड़ की। जब छात्रा ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर छात्रा के पिता बचाव में आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित परिवार ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### एक नजर

## सरकार द्वारा निर्धारित दर से काफी कम मुआवजे पर उनकी जमीन का अधिग्रहण करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** टटीरी गांव के ग्रामीणों ने दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लिए अधिग्रहीत अपनी कृषि भूमि के मुआवजे को दोगुना करने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। उनका आरोप है कि सरकार द्वारा निर्धारित दर से काफी कम मुआवजे पर उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, अधिग्रहीत भूमि की दरें आसपास के क्षेत्रों की तुलना में काफी कम हैं। परियोजना के कारण उनकी खेती योग्य जमीन छिन गई है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट आ गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि किसानों के भविष्य और उनकी मेहनत को ध्यान में रखते हुए मुआवजे की दर को दोगुना किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण और पुनर्वास कर सकें। ग्रामीणों ने बताया कि वे इस मुद्दे पर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस कारण गांव के लोगों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## इंटरनेशनल स्पोर्ट चैंपियनशिप में काजल व रौनक ने जिता गोल्ड मैडल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के कोताना गांव की दो लाडली बेटियों ने पोखरा नेपाल में जनपद का नाम रोशन किया। कोताना गांव में इंटरनेशनल स्पोर्ट चैंपियनशीप 2025 का खिताब जीते हुए पोखरा नेपाल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम रैंक गोल्ड मैडल जीतने पर गांव के सम्मानित लोगों ने काजल मोगा एवं रौनक प्रजापति का गांव आगमन पर ढोल नगाड़ों के साथ डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। आतिशबाजियों के साथ दोनों लाडली बेटी को गांव के सम्मानित लोगों ने फूलों की मालाओं के साथ अपना आशीर्वाद दिया। रौनक प्रजापति ने 200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। काजल मोंगा ने 1600 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्वागत करने वालों में विनोद त्यागी, पुष्पेंद्र कुमार, कृष्ण पाल, रुपेश प्रजापत, शिला देवी, बालेश्वर प्रजापत, मुकेश खां, मुनेश कुमार, कालू प्रजापत, विनोद शर्मा, राजकुमार शर्मा, आदि ने बेटियों का भव्य स्वागत किया। सम्मान समारोह के दौरान काजल मोगा व रौनक प्रजापति ने कहा कि जो सम्मान हम जीत कर लाए हैं यह सब हमारे माता-पिता एवं हमारे गुरुजनों की देन है अपने माता-पिता के आशीर्वाद से हमने जनपद का नाम रोशन किया है। यह हमारे लिए बड़ी गर्व की बात है और हम आगे भी अपने बागपत का नाम रोशन करने में किसी प्रकार की कोई कमी महसूस नहीं होने देंगे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अमूल डेरी पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अमूल डेरी पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी की। यह कार्रवाई एक्सपायरी डेट की छाछ बेचे जाने की शिकायत के बाद की गई। फूड सेफ्टी ऑफिसर अंकिता श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने यह निरीक्षण किया।

छापेमारी के दौरान डेरी पर कोई भी एक्सपायरी डेट का सामान नहीं मिला। शिकायत में बताई गई छाछ के पैकेट भी डेरी पर मौजूद नहीं थे। हालांकि, टीम ने फ्लेवर्ड मिल्क का एक नमूना जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। डेरी संचालक को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। फूड सेफ्टी ऑफिसर अंकिता श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें एक ग्राहक से शिकायत मिली थी। ग्राहक के अनुसार, उन्हें अमूल डेरी से एक्सपायरी डेट के छाछ के चार पैकेट बेचे गए थे। इस सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई। अधिकारी ने डेरी संचालक को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे बेचे जाने वाले सभी सामानों की एक्सपायरी डेट अवश्य जांचें। उन्होंने ग्राहकों से भी अपील की है कि वे कोई भी सामान खरीदने से पहले उसकी अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इस दौरान ग्राहकों को भी जागरूक किया गया।



## जब खिलाड़ी ऐसी स्पर्धाओं में भाग लेते हैं तो उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास और हौंसला होता है पैदा:सीडीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाया जाए ताकि हर खिलाड़ी को अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि जब खिलाड़ी ऐसी स्पर्धाओं में भाग लेते हैं तो उनमें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास और हौंसला पैदा होता है। सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और खेल संस्कृति का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि फिटनेस और खेल अब जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिटनेस का डोज़, आधा घंटा रोज़ आहवान का उल्लेख करते हुए सांसद ने कहा कि यह हर नागरिक के लिए एक स्वस्थ जीवन का मंत्र है। सांसद ने अंत में कहा कि यह आयोजन एक जनआंदोलन है जो फिट इंडिया और खेलो इंडिया की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि जब बागपत के युवा खेलेंगे तभी प्रदेश और देश का नाम विश्व पटल पर और ऊंचा होगा।

## भारतीय संस्कृति की थीम पर संगम प्रदर्शनी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** ग्रोवैल स्कूल के को-एड विंग में मंगलवार को भारतीय संस्कृति की थीम पर भव्य 'संगम' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। एक ही छत के नीचे भारत की विविध संस्कृति, परंपराओं और गौरवशाली विरासत का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय प्रांगण में सजे दर्जनों स्टालों ने भारतीय संस्कृति का जीवंत गुलदस्ता प्रस्तुत किया।

कक्षा एक से छह तक के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय हाई स्कूल बदरखा की प्रधानाचार्य गीता शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर को-एड विंग की प्रधानाचार्या सविता शर्मा, प्रधानाचार्या मंजू शर्मा एवं डा. कमलदीप जिंदल ने



प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विद्यालय में लगाई गई आभार दीवार पर आगंतुकों ने अपने विचार व प्रशंसा संदेश लिखे। बड़ी संख्या में पहुंचे अभिभावक बच्चों की प्रतिभा और मेहनत देखकर अभिभूत हो उठे। विद्यार्थियों ने न केवल विभिन्न राज्यों की झलक पेश की बल्कि वहां की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर संस्कृति को सजीव बना दिया। गुरुकुल शिक्षा पद्धति, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की लीलाओं के सजीव चित्रण ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। विद्यालय के प्रबंधक विश्वास चौधरी ने कहा कि यह प्रदर्शनी नन्हे कलाकारों द्वारा भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवंत करने का अनुपम प्रयास है, जिसने सबका हृदय छू लिया।

## ग्रामीणों ने की गन्ना केंद्र कर्मचारी के खिलाफ डीएम से शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गागनौली गांव के ग्रामीणों ने चीनी मिल के गन्ना केंद्र कर्मचारी के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत की है। ग्रामीणों ने कर्मचारी पर किसानों से अभद्रता और धमकी देने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि यह गन्ना केंद्र जमीन पर स्थापित है। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर किसानों के साथ अभद्र व्यवहार करता है और उन्हें धमकाता है। ग्रामीण राजीव राठी ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष से गांव में रमाला मिल का यह गन्ना केंद्र एक युवक के प्लांट में संचालित हो रहा है। तब से किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र के



उपकरण अक्सर कई दिनों तक बंद रहते हैं, जिससे किसानों को पर्ची और गन्ने की तौल में परेशानी होती है। किसानों का कहना है कि जब वे इन समस्याओं को लेकर शिकायत या विरोध करते हैं, तो व्यक्ति उन्हें गालियां देता है और मारपीट की धमकी भी देता है। इस व्यवहार से गांव के किसानों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी चीनी मिल प्रबंधन और तहसील प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने किसानों की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए गन्ना केंद्र को वर्तमान स्थान से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त जगह स्थानांतरित करने की मांग की है।

## यातायात माह: एक महीने पुलिस पढाएगी यातायात नियमों का पाठ



**मथुरा।** चार नवम्बर को जनपद में यातायात माह का विधिवत शुभारम्भ हो गया। धौली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में आयोजित ब्रज रज उत्सव 2025 कार्यक्रम स्थल पर यातायात माह के शुभारम्भ पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी श्लोक कुमार ने यातायात माह नवंबर 2025 का फीता काटकर शुभारंभ किया। यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई। इससे पूर्व मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पर्पण किया तथा दीप प्रज्वलित किया। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने यातायात माह के दौरान पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से किये जाने वाले तमाम प्रयासों की जानकारी साझा की।

इस दौरान आम लोगों से अपील की गई कि वह तेज गति से वाहन ना चलाएं। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट का ही प्रयोग करें और यातायात नियमों का अनुपालन करें। इस वर्ष केन्द्र सरकार की ओर से सडक दुर्घटनाओं की संख्या को आधा किये जाने कें संकल्प के साथ काम किया जा रहा है। इस के लिए कई तरह की योजनाएं लाई गयी है। यातायात माह के दौरान लोगों को लगातार सतर्क किया जाता है। यातायात नियमों की जानकारी दी जाती है और दंडित भी किया जाता है।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 व अनुक्रमांक 0655986 इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 0530864 तथा बीएससी की डिग्री के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गए है।

मीनू पुत्री रामकिशन त्यागी निवासी ग्राम नैथला जनपद बागपत।

## खेल के मैदान से ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का होता है निर्माण:सांसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सांसद ने कहा कि इस बार की सांसद खेल स्पर्धा का लक्ष्य हर गांव से खिलाड़ी की भावना को साकार करना है, ताकि अधिक से अधिक युवा इस मंच के माध्यम से अपनी क्षमता को पहचान सकें। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान से ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। खेल केवल शरीर को नहीं, बल्कि मन और समाज को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्पर्धा के माध्यम से न सिर्फ युवा, बल्कि हर आयु वर्ग के लोग फिटनेस की ओर प्रेरित होंगे। इस दिशा में बुजुर्गों पुरुषों एवं महिलाओं के लिए रस्साकसी और 100 मीटर दौड़ तथा दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर दौड़ जैसी गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशासन इस आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि खेल स्पर्धाओं का उद्देश्य सिर्फ प्रतिस्पर्धा तक सीमित नहीं बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा जब खेलेंगे तभी जीवन के हर क्षेत्र में खिलेंगे। बैठक में समिति सदस्यों ने सुझाव दिए कि खेल स्पर्धाओं का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि गांव-गांव तक संदेश पहुंचे। मंगल दलों, उड़ान यूथ क्लब, शिक्षण संस्थान, एनएसएस, एनसीसी और अन्य संगठनों के माध्यम से भी युवाओं को जोड़ा जाएगा।

# बागपत में सांसद खेल स्पर्धाओं की तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद बागपत की धरती एक बार फिर उत्साह और जोश से भरने को तैयार है। लोकसभा क्षेत्र बागपत में होने जा रही सांसद खेल स्पर्धा को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस आयोजन को लेकर लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में सांसद डा.राजकुमार सांगवान की अध्यक्षता में सांसद खेल स्पर्धा की कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन से बागपत के युवा खिलाड़ियों को जोन और राज्य स्तर तक पहुंचने का सुनहरा अवसर मिलेगा। कुल आठ खेल विधाओं एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी, कुश्ती,



भारोत्तोलन, बैडमिंटन, शूटिंग, प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। यह आयोजन 19 से 21 नवंबर तक जनता वैदिक डिग्री कॉलेज, बड़ौत के विशाल खेल मैदान में होगा। इसके लिए खिलाड़ियों को ऑनलाइन पोरटल पर पंजीकरण करना होगा ताकि विभाग खिलाड़ियों की सूची तैयार कर सके। वहीं मौके पर कार्यक्रम स्थल पर समय से मौजूद होकर भी पंजीकरण का विकल्प होगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद डा. राजकुमार सांगवान ने कहा कि खिलाड़ियों की भूमि रही है, जहां के युवाओं ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा का उद्देश्य जिले की नई खेल प्रतिभाओं को मंच देना है और युवाओं में खेल के प्रति नई ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को जगाना भी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव के साथ जिला विकास अधिकारी राहुल वर्मा, क्रीडाधिकारी अमित कुमार, डीआईओएस राघवेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गीता चौधरी, युवा कल्याण अधिकारी वैश्विक डबास, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, स्टेट यूथ अवॉर्डी अमन कुमार और विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# गंगा मेले में नजर आया आस्था व उल्लास का संगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा किनारे आयोजित कार्तिक पूर्णिमा मेले में आस्था के साथ उल्लास का संगम नजर आ रहा है। दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ मेले की ओर रुख करती रही। श्रद्धालु गंगा में स्नान कर पुण्य कमाने के लिए इस कदर उल्लास में भरे हैं कि उन्होंने घर और खेतीबाड़ी की चिंता छोड़ दी है। मन में गंगा मैया के दर्शन और प्रतिदिन पुण्य कमाने की लालसा लेकर आस्था का समुद्र गंगा की तरफ बढ़ रहा है। पतित पावनी गंगा किनारे गंगा मेला सदियों से लगता आ रहा मेला आस्था, श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है। इसलिए दूरदराज के श्रद्धालु पतित पावनी में सूर्य की किरण निकलने से पहले ही स्नान कर पुण्य कमाने के लिए गंगा तट पर डेरा डाल देते हैं। मेले के उल्लास में डूबे श्रद्धालुओं ने घर और खेतीबाड़ी की चिंता त्याग दी है। यहां आज कार्तिक पूर्णिमा का मुख्य स्नान होगा,जिसको लेकर श्रद्धालुओं के हजारों ट्रैक्टर-ट्रॉली गंगा मेले के लिए कूच कर गए।

गंगा मेले में पर बच्चे भी किसी से कम नजर नहीं आ रहे है। युवा जहां फूटबाल, बैड मिटन खेल रहे है वहीं बच्चे भी स्वयं को रेत में दबाकर आनदित हो रहे हैं, कुल मिलाकर मेले में अलग अलग रंग नजर आ रहा हैं। और यहां एक अलौकिक मंजर नजर आ रहा है। कार्तिक पूर्णिमा मेले में सुबह से ही स्नान शुरू हो जाता है। सूर्य की पहली किरण से पहले साधू संत अपने अपने कमंडल लेकर गंगा में स्नान कर रहे है। बढ़ते समय के साथ यहां पर श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ जाती है। पुलिस लाइन के सामने गंगा स्नान करने के बाद पुरुष श्रद्धालु ने एक ढोल वाले को पकड़



लिया। उसकी ढोल की थाप पर उन्होंने जमकर डांस किया। श्रद्धालुओं के डांस को देखकर अधिकांश श्रद्धालु रुक जाते है। मेले में इस बार हुड़दंग पर पूर्ण रूप से रोक लगी हुई है, लेकिन श्रद्धालु पुलिस के इन दावों को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे है। श्रद्धालुओं की भीड़ की बीच श्रद्धालु ट्रैक्टर और कार की बोनट पर बैठकर यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है, जबकि अपनी जान से भी खिलवाड़ कर रहे है। जिला मेरठ के गांव रौटी के किसान सूरजभान सिंह गढ़ खादर मेले में आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं, जिनकी एक एक फुट लंबी मूछों की एक झलक देखने को बच्चों समेत हर कोई उनके इर्दगिर्द पहुंच रहा है। श्रद्धालु सूरजभान सिंह की लंबी मूछों को देख अपने आपको नहीं रोक पाए। जिन्होंने सूरजभान सिंह के पास पहुंचकर काफी देर तक उनसे मूछ रखाने का कारण और उनकी परवरिश करने के संबंध में विस्तार से पूछताछ की। पौराणिक मेले में गंगा स्नान और पूजा अर्चना के साथ ही आने वाले चुनाव और मौजूदा सीजन में गन्ना मूल्य की बढ़ोतरी को लेकर भी कयासबाजी का दौर चल रहा है। महाभारत कालीन पौराणिक गढ़ गंगा मेले में आए श्रद्धालु गंगा मैया में आस्था की डुबकी लगाने के साथ ही तरह तरह से पूजा अर्चना कर रहे हैं।

कार्तिक पूर्णिमा मेले पर आंतकी हमला का खतरा है, जिसको लेकर शुरू से ही पुलिस प्रशासन की ओर से कड़े बंदोबस्त किए हुए है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की चेकिंग हो रही है। जबकि बम निरोधक दस्ता की टीम भी गंगा किनारे सहित मेले के विभिन्न स्थानों पर जांच कर रही है।





# चतुर्दशी का स्नान, भक्ति की बाढ़ में श्रद्धा का समावेश

**रोबिन शर्मा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मंगलवार की रात को आसमान में तारों के बीच चांद पूरा था और रात आधी। ठिठुरती सर्दी मानो महक उठी। गंगा की सफेद रेत पर खुशियां अनार की तरह फूटीं। भक्ति की बाढ़ में श्रद्धा का समावेश हो गया। देखते ही देखते आस्था के मेघ गरजने लगे। करीब पंद्रह किलोमीटर में आबादी मेला क्षेत्र में हर ओर हर-हर गंगे का जयघोष कानों में धर्म और आध्यात्मिकता का रस घोलने लगा। पतित-पावनी के इस पार से उस पार तक जलधारा में जनधारा का संगम हो गया। गंगा की उत्तल तरंगों में चिंताएं मिसरी की तरह घुल गईं। घाटों पर भक्तों की विभिन्न मुद्राएं मुस्कुरा उठीं। शाम छह बजे से ही गढ़ गंगा में अमृत पान और अमृत स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक पहुंच गई। कार्तिक पूर्णिमा पर पवित्र सलिला में तरने और उतरने का यह सिल. सिला थमा नहीं।

यूं कहें कि सांस्कृतिक सुगंध से गढ़ का कोना-कोना सराबोर हो गया। गोधूलि बेला में रात दस बजते ही गंगा में दीपदान शुरू हुआ तो लौ की अलौकिकता की अनुभूति, घनीभूत हो उठी। यह सब औचक नहीं है। हस्तिनापुर की राजधानी रहे गढ़मुक्तेश्वर की पौराणिक मान्यताएं जन-जन की जुबान पर हैं। शिवपुराण साक्षी है कि गढ़मुक्तेश्वर बल्लभ संप्रदाय का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां गंगा में स्नान का महत्व महाभारतकाल से ही है। कुरुक्षेत्र में हुए युद्ध में बंधु-बांधवों



और कुटुंबियों के संहार के बाद धर्मराज युधिष्ठर, धनुर्धर अर्जुन और खुद योगिराज श्रीकृष्ण ने यहां आकर यज्ञ किया था।

इस बार भी प्रशासन की सख्ती की चिंता किए बगैर दिल्ली सेक्टर घाट, बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर और पशु मेला घाट पर भक्तों का रेला रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालुओं से मेला क्षेत्र अटा-पटा है। कार्तिक विसर्जन, मुंडन और जनेऊ संस्कार भी पूरे कराए गए। बड़े-बूढ़े और बुजुर्ग महिलाओं के साथ युवतियों ने भी लज्जावसनों से मुक्त हुए बिना मर्यादा में गंगा की लहरों पर धर्म-ध्वजा को लहरा दिया। लाखों श्रद्धालुओं की मनौतियों, मनोक. ामनाओं से गंगा मां भी गदगद हो उठीं।

# दीपदानः धरती पर उतरा आसमान, गंगा में अलंकित हुआ माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मंगलवार देर रात को घोर अंधेरे से घिरे गंगा के तट पर, एक-दो-तीन, चार-पांच कर भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते गए। गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। परिवार को हमेशा को अलविदा कह गए सदस्यों की दिवंगत आत्माओं को याद किया और उनकी शांति व मुक्ति की प्रार्थना करते हुए नम आंखों से पिंड के अंदर दीप जलाया और गंगा को विसर्जित कर दिया। देर रात तक गंगा तटों पर कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। आज कार्तिक पूर्णिमा का मुख्य स्नान है। इस पर्व की पूर्व संध्या पर कच्चे घाट और ब्रजघाट में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उनके द्वारा अपने परिवार की दिवगंत आत्माओं की शांति के लिए दीपदान किया गया। रोडवेज बस, ट्रेन, ट्रैक्टर ट्राली, निजी कार व बाइक इत्यादि साधनों से यह श्रालु जाम, धूल और पुलिस व टोल टैक्स वाले कर्मियों की टोका-टोकी व भीड़-भाड़ से जूझते व हटो-बचो करते हुए मेला स्थल गंगाधाम पहुंचे। श्रद्धालुओं की चहल पहल के साथ कभी धार्मिक तो कभी फिल्मी गीतों की गूंज कानों तक पहुंच रही थी।

कोई अपनी मां, कोई पिता तो भाई की आत्म शांति के लिए भी दीपदान करने पहुंचे। सभी ने गंगा में स्नान के बाद दीपदान किया। इस दौरान पिंड में रखे जलते हुए दीपदान करते वक्त श्रद्धालुओं की आंखें भी नम हो रही थी। घाटों पर दीपदान की सामग्री लेकर ब्राह्मण मौजूद रहे। पूजा की सामग्री में



पिंडदान, दीप, लौंग, बताशे, बांस की चटाई आदि सामग्री गंगा घाटों पर मौजूद रहे। काफी श्रद्धालु अपने घरों से दीपक और घी आदि लेकर गंगा घाट पर पहुंचे। तो कुछ लोगों ने गंगा घाट से दीपदान का सभी सामान खरीदा। जिसके बाद परिवार को हमेशा के लिए अलविदा कह गए सदस्यों की दिवंगत आत्माओं को याद किया और नम आँखों से पिंड के अंदर दीप जलाकर गंगा में विसर्जित किया गया।

# दूरसंचार व्यवस्था हुई बुरी तरह फेल, टूट रहा है संपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दूरसंचार व्यवस्था बुरी तरह लडखड़ाने से गंगा मेले में आए श्रद्धालुओं को आपस में संपर्क साधने से लेकर बिछुडने वालों का पता लगाना भी पूरी तरह दूभर हो रहा है।

पौराणिक गढ़ गंगा मेले में अब तक बीस से बाइस लाख भक्तों के साथ ही बड़े स्तर पर पुलिस प्रशास. निक अमला और व्यापारी पड़ाव डाल चुके है। जिनमें अधिकांश के पास डबल सिम वाले मोबाइल हैं। एक ही स्थान पर इतने अधिक मोबाइल आने से नेटवर्क की व्यस्तता और सिगनल उडने से मेला स्थल पर मोबाइल से बात कर पाना बेहद दुश्वार होता जा रहा है। गत वर्षों की भांति इस बार भी गढ़ गंगा और तिगरी मेले में बीएसएनएल, आइडिया, एयरटेल और वोडाफोन जैसी निजी मोबाइल कंपनियों के अस्थाई टावर लगवाने का दावा किया जा रहा था, जो पूरी तरह हवा हवाई साबित हो गया है। जरूरत के अनुसार अस्थाई टावर नहीं लग सके,जिससे बीएसएनएल समेत निजी कंपनियों की मोबाइल नेटवर्किंग बुरी तरह लडखड़ा रही है। इस बार भी एयर फाइबर की सुविधा मुहैया होने से मेले में व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे जिला पंचायत विभाग के साथ ही पुलिस और प्रशासनिक अमले को आपसी समन्व्य बनाने में कोई खास दिक्कत नहीं झेलनी पड़ रही है। परंतु दूसरी ओर मेले में पड़ाव डाल रहे महिला और बच्चों समेत बुजुर्गों को बिछुडने पर अपने डेरों तक पहुंच पाना पूरी तरह दुश्वार हो रहा है। बाद में आने वाले परिजन, रिश्तेदार और मिलने जुलने वालों को तंबुओं का पता लगाना भी बड़ी चुनौती बना हुआ था।



# आखिर यह कैसी अटपटी व्यवस्था, एक तरफ धड़ल्ले से बिक्री व दूसरी तरफ धरपकड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** इस बार बड़ा ही अटपटा मंजर देखने को मिल रहा है, क्योंकि ठेकों पर शराब की बिक्री धड़ल्ले के साथ हो रही है तो दूसरी तरफ आबकारी और पुलिस विभाग मेले के एंट्री गेटों पर शराब की धरपकड़ को सघन चैकिंग अभियान चलाने में जुटे हुए हैं।

पौराणिक गढ़ गंगा मेले के रंग में भंग डालने वाली अधिकांश घटनाओं के पीछे शराब ही सबसे मुख्य वजह बनती है। परंतु इसके बाद भी नगर समेत गढ़ चौपला और जिन गांवों के संपर्क मार्गों से होकर श्रद्धालु मेले को आते जाते हैं, उनमें शराब के ठेके पूरी तरह रोजमर्रा की भांति खुले हुए हैं। जिससे शराब की बिक्री धड़ल्ले के साथ चल रही है, परंतु दूसरी तरफ पुलिस और आबक. ारी टीम मेले में शराब न पहुंचने देने के उद्देश्य से एंट्री गेटों पर सघन चैकिंग करने में जुटी हुई है। अगर देखा जाए तो पुलिस और प्रशासन को शांतिपूर्ण मेला संपन्न कराने को सबसे पहले ठेके बंद कराकर शराब की बिक्री रोकनी चाहिए, अन्यथा चैकिंग अभियान की औपचारिकता के द्वारा मेले में पहुंच रही शराब की धरपकड़ करना संभव नहीं हो पाएगा। आबकारी निरीक्षक का कहना है कि मेले में ले जाई जा रही शराब की धरपकड़ के उद्देश्य से सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अपेक्षित स्तर पर सफलता भी मिल रही है। मेला. धिकारी नीरज कुमार का कहना है कि उच्च अधिकारियों से वार्ता कर चतुर्दशी वाले दिन शराब की बिक्री पर रोक लगवाने के लिए ठेकों को बंद कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है।



## एक नजर

# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में न्यू एलनबैरी वर्क्स में मिली नौकरी



**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के 43 विद्यार्थियों को न्यू एलनबैरी वर्क्स कंपनी में नौकरी मिली है। प्रसिद्ध आटोमोबाइल कंपनियों के लिए गेयर और शाफ्ट बनाने वाली कंपनी ने संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आफर लैटर जारी करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी मेहनत, पढ़ाई के प्रति गंभीरता और लगन की सराहना की है। कंपनी द्वारा संस्कृति विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट के दौरान संस्कृति विवि के विद्यार्थियों का तीन चरणों में योग्यता परीक्षण करने के बाद 43 विद्यार्थियों को न्यू एलन बैरी वर्क्स लि. में काम करने का मौका दिया है। कंपनी के महाप्रबंधक एचआर प्रोडक्शन बीके खुंटिया ने बताया कि ''न्यू एलनबेरी वर्क्स'' कंपनी एक मजबूत उद्यमशीलता संस्कृति का लाभ उठाते हुए, भविष्योन्मुखी इंजन और ट्रांसमिशन अनुप्रयोगों के लिए ऑटोमोटिव गियर और शाफ्ट बनाती है। सिद्ध क्षमताओं और ठोस संसाधनों के साथ, पिछले 40 वर्षों में, स्वदेशी मांग को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए सामने आया है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विवि के छात्र-छात्राओं का चयन एक निर्धारित योग्यतापरक चयन प्रक्रिया के तहत हुआ। विवि के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता परिचय देकर इंटरव्यू क्वालीफाई किया है। इन सभी बच्चों को कंपनी ने नौकरी के लिए चुना है। उन्होंने बताया कि संस्कृति विवि के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा के छात्र ओमप्रकाश, प्रदीप, क्रिशन गोपाल, मोहित कुमार, गग्गन, मनोज, भविष्य कुमार, आक. ाश कुमार, गौरव सिंह, भूपेंद्र, राधारमन, हेमराज, मनीष कुमार, गजेंद्र सिंह, विशाल, भूदेव प्रसाद, प्रेमचंद्र, राहुल राजपूत, आकाश सिंह, प्रिंस राज कौशिक, संजय, गुड्डू यादव, शुभम शर्मा, जयराम, नवीन, विवेक, योगेश, अमन सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, मोहित चौधरी, ब्रज किशोर, मोहन, भोजपाल, छत्रपाल सिंह, राम महाराज, दीपक, हरीश चंद्र, संदीप, भूदेव शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, भरत, मोहित, प्रदीप को कंपनी ने आफर लैटर प्रदान किए हैं। विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा ने चयनित छात्र-छात्राओं को उनके प्लेसमेंट पर बधाई देते हुए कहा कि अपने ज्ञान और कौशल से नियोक्ता कंपनी के विकास में अपना सारा श्रम समर्पित करें। कंपनी की प्रगति ही आपके यश में वृद्धि करेगी। संस्कृति विश्व. विद्यालय की कौशल और नवाचार से ओतप्रोत शिक्षा का ही यह प्रभाव है कि विवि के विद्यार्थियों को नामी-गिरामी कंपनियों द्वारा हाथों-हाथ लिया जा रहा है।

# श्री राधा वृन्दावन चंद्र ने नौका रूपी कुंज महल में दिये भक्तों को दिव्य दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वृन्दावन।** चंद्रोदय मंदिर में चल रहे त्रिदिवसीय कार्तिक उत्सव का समापन रविवार को नौका विहार महोत्सव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीश्री राधा वृन्दावन चंद्र के श्रीविग्रह को पालकी शोभायात्रा के माध्यम से मंदिर प्रांगण स्थित कल्याणी तक लाया गया, जहाँ उन्हें नौका रूपी कुंज महल में विराजमान कर नौका विहार कराया गया। ठाकुरजी के इस अलौकिक एवं मनोहर नौका विहार दर्शन का दृश्य देखते ही बनता था। भक्तों ने नौका, कल्याणी तथा मंदिर परिसर को विभिन्न प्रकार के पुष्पों से भव्य रूप से सजाया। पुष्पों से सुसज्जित नौका पर विराजमान श्री राधा वृन्दावन चंद्र के दर्शन से सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा। हर ओर ''राधा वृन्दावन चंद्र की जय!'' के जयकारों से मंदिर प्रांगण गूंजायमान रहा। शयन आरती के दौरान भक्तों ने दामोदर अष्टकम का सामूहिक गान किया तथा दीपदान कर ठाकुरजी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ट्रांसफार्मर चोरी गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पिलखुवा कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम हापुड़ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ट्रांस्फार्मर और बिजली चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से चार आरोपितों को गिरफ्तार किया, जबकि उनके दो साथी फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से दो बंडल एलटी लाइन के एल्युमिनियम तार करीब 50 किलो, एक कोर पत्ती मय एंगल 90 किलो, एक इन्सुलेटर, पांच बंडल कोर पत्ती करीब 200 किलो, एक अर्थिंग पत्ती, चार नाजायज चाकू और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की गई है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी ग्राम कांवी तिराहे के पास से की गई।



पकड़े गए आरोपितों की पहचान जनपद गाजियाबाद के थाना भोजपुर फरीदनगर निवासी राधे व सूरज, थाना मसूरी रसूलपुर सिखरोड़ा निवासी उम्मेद और सिखरोड़ा निवासी वकील के रूप में हुई है। उनके दो साथी मोनू भोजपुर फरीदनगर और रहीसुद्दीन मुरादनगर कन्नौज मौके से फरार हो गए। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि उन्होंने बड़ौदा हिन्दुवान, नयागांव और परतापुर के जंगलों में ट्रांसफार्मर गिराकर उनमें से तेल और तार चोरी किए थे। सीओ अनीता ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार साथियों की तलाश में टीम गठित कर दी गई है और बरामद कार व चाकू सीज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# नगर निगम के सिटी जोन कार्यालय में आई शिकायतों में से पांच का कराया निस्तारण

**मथुरा।** मंगलवार को जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए नगर निगम में जनसुनवाई की गई। सुबह 10 बजे से भूतेश्वर स्थित नगर निगम कार्यालय में नगर आयुक्त जग प्रवेश, वृंदावन जोनल कार्यालय में अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक तथा जनरल गंज स्थित नगर निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार द्वारा जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए



निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान भूतेश्वर जोन में कुल 14 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से छह अतिक्रमण, छह स्ट्रीट लाइट से संबंधित, एक ट्रांसफर कराने से संबंधित एवं ऐ सफाई से संबंधित है। जिनमें से पांच स्ट्रीट लाइट से संबंधित शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। सिटी जोन में कुल तीन शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से एक सीवर से संबंधित, एक पानी से संबंधित एवं एक जन्म प्रमाण पत्र संशोधन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। जिनमें से एक जन्म प्रमाण पत्र संशोधन से संबंधित शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। वृंदावन जोन में कुल चार शिकायत प्राप्त हुई जिनमें से दो सफाई से संबंधित, एक जलकल से संबंधित एवं एक निर्माण से संबंधित है।

# शिक्षा-संस्कार के साथ डाक्टर बनकर दुनिया में नाम करें रोशन : किशन चौधरी

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय में एमबीबीएस 2025 बैच में नामांकन लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, कुलपति डा. एनसी प्रजापति, कुलसचिव डा. पूरन सिंह, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, मेडीकल सुप्रीटेंट डा. अभय सूद, चांसलर सलाहाकार एसपी गोस्वामी व एमबीबीएस नामांकन छात्रा जहानवी पटेल के पिता मिलन पटेल और माता शुभांगनी पटेल ने मां सरस्वती वंदना के बीच भगवान गणेश व मां सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं सहित उनके अभिभावक और समस्त फैकल्टी के एचओडी व सदस्य मौजूद रहे। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने केएम विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित सूक्ष्म फिल्म का अवलोकन किया व अपना परिचय साझा किया।

ओरिएंटेशन प्रोग्राम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को राधे-राधे और बांकेबिहारी जी की जयकारे के साथ संबोधन शुरू किया उन्होंने कहा कि ब्रज भूमि में मेडीकल लाइन की शुरूआत ही ठाकुरजी का आशीर्वाद मिलना होता है, उन्होंने विश्वास दिलाया केएम हर बच्चे को संस्कार, शिक्षा और बेहतर करियर के लिए कटिवद्ध है, यहां रैकिंग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है।

पढ़ाई के साथ संस्कार जरूरी है, कामयाब व्यक्ति के अंदर शिक्षा-संस्कार होते है। मां बाप का आशीर्वाद कभी खाली नहीं जाता। इसलिए जब कभी भी परेशान या चिंता में हो तो मां बाप से संपर्क करें, उनसे वार्ता करने से आपकी परेशानी दूर हो जाएगी।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।






# तिगरी तीरेः कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



गजरौला। तिगरी मेले में घाटों की ओर बढ़ते श्रद्धालु

## कांकाठेर में रहेगा 13 ट्रेनों का ठहराव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिए रेलवे द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। कांकाठेर रेलवे स्टेशन पर 03 से 06 नवम्बर के बीच 13 ट्रेनों को अप डाउन दो दो मिनट का ठहराव रहेगा। गजरौला के स्टेशन अधीक्षक केएल कश्यप ने बताया कि कांकाठेर में इंटरसिटी, सत्याग्रह, आला हजरत, आनंद विहार, जनसाधाारण, अवध असम, राज्यरानी, संपर्क क्रांति, अयोध्या, काशी विश्वनाथ, नौचंदी एक्सप्रेस समेत 13 ट्रेनों का ठहराव रहेगा।



गजरौला। कार्तिक पूर्णिमा के मुख्य स्नान के लिए तिगरी मार्ग पर लगीं श्रद्धालुओं के वाहनों की लंबी कतार।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उत्तरी भारत के प्रसिद्ध तिगरीधाम मेले में बुधवार को होने वाले मुख्य स्नान के लिए के लिए मंगलवार को दोपहर बाद से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ना

- **तिगरी मार्ग पर बने रहे जाम के हालात**
- **वीआईपी पास लगे वाहनों को भी सीधे जाने से रोका**

शुरू हो गया था। मुख्य स्नान के अवसर पर 35 लाख श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने के कारण शाम के समय तिगरी मार्ग पर जाम के हालात बनने शुरू हो गए थे। स्वागत द्वार से शाहपुर गांव तक वाहनों की लाइन लग गई। पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रालियों को छोड़कर ज्यादातर वाहनों को पार्किंग में ही खड़ा कराया।

बुधवार को होने वाले कार्तिक पूर्णिमा के स्नान के लिये मंगलवार की सुबह से ही जन सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की भीड़ देखकर सहज ही अनुमान हो रहा था कि मां गंगा के प्रति उनकी कितनी आस्था है। तिगरी मेला के लिये आज न केवल उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसें अपितु प्राईवेट बसें, निजी वाहन, ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा आदि भी खूब चले। पुलिस ने मेला क्षेत्र में यातायात का दबाब कम करने के लिए वीआईपी पास वाले वाहनों को भी पार्किंग में ही खड़ा कराया। लग्जरी कारों में बैठे अनेकों लोग पास लगाकर वीआईपी मार्ग से निकलना चाहते थे, मगर पुलिस ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया। इस कारण यहां पर काफी भीड़भाड़ की स्थिति बनी रही। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पुलिस और यातायात पुलिस जुटी रही। कई स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था भी कराई गई।

# दिवंगत परिजनों की स्मृति में दीपदान, जगमगा उठा गंगा तट

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। कार्तिक शुक्ल पक्ष

- **महाभारत काल से चली आ रही परम्परा का किया निर्वहन**

की चतुर्दशी के सूर्यास्त के समय दीपदान की परम्परा के चलते गंगा घाट जगमगा उठे। श्रद्धालुओं ने दिवंगत हुए परिजनों की स्मृति में दीपदान किया। परिजन दिवंगत परि. जनों को याद करके भावुक हो उठे।

बता दें कि दीपदान की यह परम्परा महाभारतकालीन है। भगवान श्रीकृष्ण के आह्वान पर पाण्डवों ने कुरूक्षेत्र के युद्ध में दिवंगत हुए लाखों सैनिकों और कौरवों की आत्मा शांति की कामना के लिए गढ़ तिगरी में दीपदान किया था, तभी से दीपदान की यह परम्परा चलती आ रही है। मंगलवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी पर सूर्यास्त के समय दीपदान का सिलसिला शुरू हो गया था। केवल अमरोहा जनपद ही नहीं बल्कि मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल जनपदों के श्रद्धालु भी दीपदान करने के लिए तिगरी गंगा धाम पहुंचे। दीपदान से गंगाघाट जगमगा उठे। हजारों श्रद्धालुओं ने भावुक मन और सजल नयनों के साथ दीपदान किया। श्रद्धालुओं ने पुरोि. हतों से संकल्प भी कराया और दीपदान के बाद उन्हें वस्त्र, अन्न एवं दक्षिणा आदि का दान भी किया। दीपदान के लिए श्रद्धालुओं को इधर उधर न भटकना पड़े इस कारण कंडी, दीपक और पूजन सामग्री बेचने वाले लोग घाटों पर ही घूम रहे थे। गंगा मैया के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजित हो रहा था।



गजरौला। कार्तिक चतुर्दशी पर गंगा तट पर दीपदान करते श्रद्धालु छायाः शाह टाइम्स

**तिगरी गंगाधाम में श्रद्धालुओं का उल्लास और आस्था का दृश्य अलौकिक है, मानों गंगा किनारे एक अलग ही तंबुओं की दुनिया वस गई हो। कई किलोमीटर के दायरे में फैला तिगरी धाम का यह मेला लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। इस बार भी 24 अक्तूबर से श्रद्धालुओं ने गंगा धाम पहुंचना शुरू कर दिया था। धीरे धीरे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी और आज बुधवार को मुख्य स्नान पर 35 लाख श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान है।**

# रूचिका जांगिड़ के गीतों पर झूमे दर्शक



- **तिगरी मेले के सांस्कृतिक मंच पर हुई प्रस्तुति**



गजरौला। मेले में सांस्कृतिक मंच पर प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। तिगरी गंगा मेले के सांस्कृतिक मंच पर हरियाणवी गायिका रूचिका जांगिड़ के गीतों पर दर्शक झूम उठे।

सोमवार की रात हरियाणवी संगीत का जादू छा गया। प्रसिद्ध हरियाणवी गायिका रुचिका जांगिड़ के लाइव कार्यक्रम ने दर्शकों को उत्साह और उमंग से भर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर दर्शक देर रात तक थिरकते रहे। मंच से लेकर पंडाल तक हर तरफ तालियों और हूटिंग की गूंज सुनाई दी। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने संगीत और मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया। मंगलवार की स्कूली बच्चों ने देशभक्ति सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दर्शकों को मंत्रमुग्धा किया। सांस्कृतिक मंच पर दिन भर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देखने को मिली। अधिकारियों व जनप्रति. निधियों ने बच्चों के प्रयास को सराहा।

## जुबिलेंट व जेबीएपफ ने मेले में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड एवं जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन की ओर से गंगाधाम तिगरी के मेले में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में मंगलवार को काफी संख्या में रोगी पहुंचे। चिकित्सकों की टीम ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें मुफ्त दवाएं दीं।

मेले की गंगा रोड पर जिलाधिकारी के कैम्प के लगे स्वास्थ्य शिविर में चार चिकित्सक और स्टॉफ के सदस्य तैनात रहे। जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के मेडिकल हेड डा.सुजिंदर फोगाट ने बताया कि तिगरी गंगा मेले में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वास्थ्य शिविर लगवाया गया है। मुख्य स्नान से पूर्व मंगलवार को शिविर में सर्दी, खांसी, जुकाम, दर्द, बुखार आदि से पीड़ित श्रद्धालु पहुंचे, जिनका स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उन्हें निशुल्क रूप से दवाईयां भी वितरित की गईं।

# मेले के बाजारों में उमड़ रही भीड़

## मीना बाजार में महिलाओं ने जमकर की खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। तिगरी गंगा मेले में मंगलवार को बाजारों में भारी भीड़ रही। महिलाओं ने मीना बाजार से जमकर खरीददारी की।

तिगरी गंगा मेले में कार्तिक पूर्णिमा से एक दिन पहले मंगलवार को बाजारों में श्रद्धालुओं की खूब भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने खाने पीने के सामान का खूब आनंद उठाया। बाजारों में दूर दूर तक श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दे रहे थे। मेले में आइसक्रीम, सॉफ्टी, पॉप कॉर्न समेत चाइनीज फूड्स की भरमार रही। महिलाओं ने सौन्दर्य प्रशाधन के सामान खरीदने में ज्यादा रूचि दिखाई दी। यही कारण रहा कि सर्वाधिक मीना बाजार में भीड़ रही। महिलाओं ने हाथों पर मेहंदी के डिजाइन भी बनवाए तो वहीं घरेलु रसाई से जुड़ा सामान भी खरीदा।



गजरौला। मेले में सजी ढोलक की दुकान।

# कंक्रीट मिक्चर मशीन के चालक की करंट से मौत



- **मशीन खाली करके साइड में लगाते समय टच हुआ तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। एक निर्माणाधीन होटल में उच्च शक्ति तार से टच होने पर कंक्रीट मिक्चर मशीन में करंट उतर आया, जैसे ही चालक ने खिड़की खोलकर जमीन पर कदम रखा, त्यों ही उसे तेज करंट लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ख्यालीपुर के निकट हाइवे किनारे एक होटल व अन्य व्यवसायिक भवन का निर्माण हो रहा है। जनपद संभल के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पुरा निवासी नंदपाल शर्मा का 37 वर्षीय पुत्र नरेन्द्र शर्मा ट्रक में बनी कंक्रीट मिक्चर मशीन का काम करता है। मंगलवार को दोपहर 12 बजे वह लोड उतारकर उसने धुलाई आदि के लिए मशीन साइड में लगाई। यहां पर मशीन के पिछले हिस्से से यहां से गुजर रहा 11हजार वोल्टेज का तार टच हो गया। मशीन में उतरा करंट जमीन पर भी फैल गया। जैसे ही नरेन्द्र ने ड्राईविंग सीट से उतरकर नीचे पैर रखा, वैसे ही उसे करंट लगा और उसकी मौत हो गई, हालांकि उसके साथी व एक रिश्ते के भाई नरेन्द्र को लेकर तुरंत अस्पताल भी पहुंचे मगर डॉक्टर ने भी उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक 8 वर्षीय पुत्री व 09 वर्षीय पुत्र का पिता था। पत्नी का नाम मीना बताया गया है।



गजरौला। कुंभ मेले की तरह ही तिगरी गंगा धाम में दिखाई देता विहंगम दृश्य स्रोत: सूचना विभाग, अमरोहा

## बच्चों का मुंडन संस्कार कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। कार्तिक चर्तुदशी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपने बच्चों का मुंडन संस्कार कराए।

तिगरी गंगा मेले में बच्चों के मुंडन संस्कार कराए जाने की परम्परा है। मान्यता है कि जन्म के समय बच्चे के सिर पर आने वाले बालों में अशुद्धि होती है। मुंडन संस्कार के बाद नए बाल आते हैं। हिन्दु धर्म में मुंडन संस्कार का विशेष महत्तव है। बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भी बच्चों के मुंडन संस्कार होंगे।





गजरौला। मेले में सॉफ्टी का मजा लेते बच्चे।

## हवाई झूलों का किया लिया आनंद मौत के कुंए पर उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला**। तिगरी का ऐतिहा. सिक मेला इन समय अपनी पूरी रौनक पर है। कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर श्रद्धालुओं ने हवाई झूलों, नाव झूलों, मौत के कुंए, सर्कस आदि देखकर खूब मनो. रंजन किया। हवाई झूलों पर महिलाओं की सबसे ज्यादा भीड़ देखने को मिली।

तिगरी गंगा मेले में इस बार पांच हवाई झूले लगाए गए हैं तो वहीं कई नाव झूले भी हैं। मौत के कुंए में कई मारूति कारें और मोटरसाईकिल एक साथ चलाकर कलाकार श्रद्धालुओं को हैरत में डाल रहे हैं। बच्चों को ट्रेन की सवारी खूब भा रही है। सर्कस का जोकर श्रद्धालुओं को खूब हंसा रहा है। कार्तिक पूर्णिमा की पूर्व संध्या से ही मनोरंजन के साधनों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ना शुरू हो गई थी। देर रात तक यही सिलसिला चलता रहा।

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकाला गया नगर कीर्तन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक /रामपुर।** जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर नगर में महान नगर कीर्तन धूमधाम से निकाला गया जिसका विभिन्न राजनीतिक धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह स्वागत किया। नगर के मोहल्ला अस्दुल्लापुर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से सुबह बड़े उत्साह सत्कार और प्यार के साथ जगतगुरु साहिब सिंह श्री गुरु नानक देव जी के पावन पर्व पर महान नगर कीर्तन का शुभारंभ हुआ। जो नगर के होली रोड, नसीराबाद, मैन रोड़ , तीन बत्ती चौराहा, नई बस्ती, स्टेशन रोड से होता हुआ दोपहर लगभग तीन बजे बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा पर जाकर समाप्त हुआ।



नगर कीर्तन पंच प्यारों की अगुवाई में शुरू हुआ जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, बैंड बाजा वालो के श्री गुरु नानक देव जी की गुरु वाणी का वर्णन किया।



नगर कीर्तन का विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर पंच प्यारों और सेवादारों का स्वागत किया। नगर कीर्तन में श्री दरबार साहिब अमृतसर के भाई जसविंदर सिंह, ज्ञानी सुरजीत सिंह, भाई अश्वनी सिंह, पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार भाजपा नेता कु. नरेंद्र सिंह गंगवार, सभासद अमरजीत सिंह माटा, स. महेंद्र सिंह, स.हरजीत सिंह, स.जसपाल सिंह, स. जगतार सिंह, स. गुरमीत सिंह आदि।

# भर भरा कर गिरा मकान के मलबे में दबे परिवार के चार लोग

शाह टाइम्स संवाददाता

**धमोरा।** सोमवार की देर रात थाना शहजादनगर की चौकी क्षेत्र धमोरा के मऊ गांव में मकान का पिछला हिस्सा भर भरा कर गिरने से छत के ऊपर सो रहे घर के चार लोग मलबे में दबाकर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए ले जाया गया जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने एक गंभीर घायल को रेफर कर दिया। क्षेत्र के मऊ गांव में दान सिंह और उनके भाई तार सिंह पुत्र छत्रपाल रहते हैं वह मेहनत मजदूरी कर उन्होंने 7 लाख रुपए की लागत लगाकर 5 वर्ष पूर्व मकान का निर्माण कराया था।

वह खाना खाने के बाद दान सिंह और उनकी पत्नी पुष्पा तथा बेटी 12 वर्षीय निशा दूसरी बेटी 8 वर्षीय रोशनी घर की छत पर सोए हुए थे जैसे ही मकान का पिछला हिस्सा सोमवार की आधी रात को भर भरा कर गिरा तो छत पर सोए हुए यह लोग मलबे में दब गए। घटना की जोरदार आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग घटनास्थल पर दौड़े और मलबे में दबे लोगों को निकाला और निजी वाहन से लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने 8 वर्षीय बेटी रोशनी को गंभीर घायल बताते हुए रेफर कर दिया। स्वजनों ने घायल रोशनी को बरेली के निजी अस्पताल राजश्री में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने रन फार यूनिट कार्यक्रम का आयोजन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** मंगलवार लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 भी जयंती पर स्वार में भाजपा की ओर से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो युवाओं नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज स्वर से तहसील परिसर तक दौड़ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री महेंद्र सिंह सैनी द्वारा दौड़ को हरी झंडी दिखाकर दौड़ शुभारंभ किया तथा कार्यक्रम के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की उन्होंने बताया सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के सर्वश्रेष्ठ नेता थे जिन्होंने विभिन्न रियासतों को एकत्रित कर भारत को एक सूत्र में बांदा तथा भारत में एकता की सर्वश्रेष्ठ मिसाल प्रस्तुत की और साथ में मुख्य अतिथि के रूप में रहे महेंद्र सिंह सैनी नेवी दौड़ लगाकर एक मिसाल पी इ एस कार्यक्रम किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज सैनी,हरीश मौर्य मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश कुमार मौर्य एडवोकेट मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, अमित सक्सेना महामंत्री पंडित प्रशांत शर्मा, अमित चंद्रा, लक्ष्मीकांत सैनी, राजेश कुमार शर्मा,महेंद्र पाल सिंह, सौरभ पाल डॉ प्रेमपाल ग्राम प्रधान रामवीर ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार सैनी डॉ स्वरूप सिंह प्रेम सिंह सैनी आदि भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगर वासी मौजूद रहे।

# हर घर, हर मतदाता, भाजपा का लक्ष्यः हरीश

## बोले जिनके नाम वोटर लिस्ट में हैं उनके भी बनेंगे वोट, नए मतदाताओं को जोड़ने में दिखाएं प्राथमिकता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान शुरू हो रहा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। न सिर्फ नए मतदाताओं के लिए, बल्कि ऐसे मतदाताओं के लिए भी जिनके नाम पहले से मतदाता सूची में शामिल हैं। ऐसे में हमारे पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराना है। हर घर, हर मतदाता ही भाजपा का लक्ष्य है।

मंगलवार को राम विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर बैठक हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। ऐसे में आगामी चुनावों को देखते हुए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम जुड़वाना ही पार्टी की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम सूची से छूटना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए नुकसानदायक है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए। कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक बूथ स्तर पर कार्यकर्ता मतदाता सूची की जांच करें, नए मतदाताओं के नाम जुड़वाएँ और जिनके नाम गलत हैं, उनमें सुधार कराएँ। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस बार ऐसे मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची में शामिल कराने हैं, जो पहले से ही सम्मिलित थे।



मतलब, यह कि सभी के वोट बनने हैं। चाहें वह पुराना मतदाता हो या फिर नया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने बताया कि भाजपा संगठन बूथ स्तर तक सक्रिय रहेगा। घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गणना फॉर्म, फॉर्म-6, फॉर्म-7, फॉर्म-8 से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी लोगों तक पहुँचाएँगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, अर्जुन रस्तोगी, पंकज लोधी, सुनील मौर्य, अनुज सक्सेना, प्रमोद लोधी, कुंवर बहादुर राजपूत, विवेक रूहेला, नेतराम कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में डीजे संचालक ने फांसी लगाकर दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** प्राप्त जानकारी अनुसार परिवारिक कलैश के चलते डीजे संचालक ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। डीजे संचालक की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मच गया परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

क्षेत्र के गांव खुशहालपुर निवासी प्रदीप कुमार पुत्र खूबचन्द्र 30 जो कि नगर मे इलेक्ट्रॉनिक की दुकान चलाता था। वहीं पर वह जनरेटर व डीजे का भी प्रोग्राम करता था बताया गया है की एक सप्ताह पूर्व पती पत्नी मे किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। पत्नी अपने मायके चली गई थी मंगलवार को नगर मे कोई डीजे का प्रोग्राम था जब प्रदीप सुबह डीजे लेकर नही पहुंचा तब जहा पर डीजे लगना था वह प्रदीप के घर पहुंच गए। दरवाजा न खुलने पर युवकों ने उसके परिजनो को बताया आवाज लगाने पर भी दरवाजा नही खुला तब परिजनों ने दरवाजा खोला तो उनके होश उड़ गये प्रदीप का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। यह देखकर परिवार में चीख पुकार मच गई।



वहां पर मौजूद लोगों ने शव को नीचे उतारा प्रदीप की मौत से परिवार मे कोहराम मचा हुआ है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है प्रदीप ने अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़े है।

# मिलक में सरदार पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** देश की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज "रन फॉर यूनिटी" का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के उत्साह के साथ सरस्वती विद्या मंदिर मिलक से पटेल पार्क तक किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी रामपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश गंगवार ने फीता काटकर किया।

नगर मंडल मिलक द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष ममता अत्री, नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार, विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पांडे, मुन्नी देवी गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष पति कुँवर नरेन्द्र गंगवार, नन्हे राम पांडे, सरदार देवेंद्र सिंह, आशीष गंगवार, संजीव गंगवार, राजीव गंगवार, मोर सिंह पटेल, जिला मंत्री हेमा रानी, ग्राम प्रधान हरनाम गंगवार, नन्हे बाबू सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा रामपुर के जिला मंत्री प्रदीप कुमार ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्र की एकता के लिए समर्पित रहा है। आज का यह आयोजन हम सबको एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण का संकल्प दिलाता है।

कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया और भारत माता की जय के नारे गूंज उठे।

# मिलक खानम थाना प्रभारी ने परिवार में समझौता कराया

## घर उजड़ने से बचा पति पत्नी एक साथ गए घर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक खानम।** पुलिस द्वारा थाने बुलाकर दोनों पक्षों में समझौता करा कर दो परिवार को मिलाया आवेदिका सुमन पत्नी श्रवण कुमार निवासी मुस्तफाबाद खुर्द थाना मिलक खानम द्वारा 4 नवंबर को अपने पति श्रवण कुमार के विरुद्ध आये दिन मार पीट करना व तलाक की धमकी देने के सम्बंध में प्राथना पत्र दिया था 4 नवंबर एक्ट को दोनो पक्षों को थाने बुला कर काउंसलिंग की गई और इस दौरान समझौता कराया गया। दोनो परिवारों को टूटने से बचाया गया। मिशन शक्ति टीम के अथक प्रयास से दोनो परिवार ने एक साथ रहने का निर्णय लिया।दोनो पति पत्नी खुशी खुशी अपने घर रुखसत हुए।इस दौरान दोनों के पक्षों के समझौते कराने में थाना प्रभारी निशा खटाना की अहम भूमिका रही। काउन्सलिंग टीम में उ.नि. हरपाल सिंह का.बबिता पांडेय, कपिल गोस्वामी महिला कांस्टेबल ज्योति आदि मौजूद रहे।



# रामपुर को 2000 मीट्रिक टन आई.पी.एल. कम्पनी की डी.ए.पी. की एक रैक प्राप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि जनपद को 2000 मीट्रिक टन आई.पी.एल. कम्पनी की डी.ए.पी. की एक रैक निजी क्षेत्र में प्राप्त हो चुकी है, जिसमें से 800 मीट्रिक टन डी.ए.पी. सहकारी समितियों एवं 1200 मीट्रिक टन डी.ए.पी. निजी क्षेत्र में प्रेषित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि निजी एवं सहकारिता क्षेत्र में 18846 मीट्रिक टन यूरिया, 5659 मीट्रिक टन एन.पी.के. एवं 1134 मीट्रिक टन डी.ए.पी. उपलब्ध है।

इस प्रकार जनपद में आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित कर ली गयी है।

जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों से अनुरोध किया है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करे एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता समिति को उपलब्ध कराये।

उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी उर्वरक विक्रेता समिति द्वारा उर्वरकों की कालाबाजारी, उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है तो कृषक भाई अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।



# नगर में सरदार पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी पद-यात्रा का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** स्वतंत्र भारत के शिल्पकार एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में स्वार ग्रामीण मंडल द्वारा मंगलवार को नगर पंचायत मसवासी में "रन फॉर यूनीटी पद-यात्रा का आयोजन किया गया।

पद यात्रा का शुभारंभ नगर पंचायत मसवासी परिसर से किया गया, जो मसवासी के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए पुनः नगर पंचायत मसवासी परिसर में ही सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर उपस्थित मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने लौह पुरुष के व्यक्तित्व एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।




कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष स्वार ग्रामीण जयवर्धन मौर्य, मुख्य अतिथि मसवासी अध्यक्ष दिनेश गोयल, विशिष्ट अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की क्षेत्रीय मंत्री अमृता रंधावा, जिला प्रतिनिधि पवन कुमार, व्यापार मंडल अध्यक्ष कपिल गुप्ता, बृजनंदन सागर, अनिल दिवाकर, दीपक सैनी, रवि मौर्य, मंडल महामंत्री आशीष पाल एवं संजीव मौर्य, अशोक सैनी, सतपाल हुड्डा, रमेश दिवाकर , योगेश सैनी, राजेश यादव, लखन मौर्य सहित सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी के छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षकगण उल्लेखनीय रूप से उपस्थित रहे।

पद-यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेते हुए एक भारतश्रेष्ठ भारत के संकल्प को दोहराया और राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता का महत्व बताया गया तथा सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं, छात्रों व नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने रन फार यूनिट कार्यक्रम का आयोजन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** मंगलवार लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 भी जयंती पर स्वार में भाजपा की ओर से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो युवाओं नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज स्वर से तहसील परिसर तक दौड़ का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री महेंद्र सिंह सैनी द्वारा दौड़ को हरी झंडी दिखाकर दौड़ शुभारंभ किया तथा कार्यक्रम के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की उन्होंने बताया सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के सर्वश्रेष्ठ नेता थे जिन्होंने विभिन्न रियासतों को एकत्रित कर भारत को एक सूत्र में बांदा तथा भारत में एकता की सर्वश्रेष्ठ मिसाल प्रस्तुत की और साथ में मुख्य अतिथि के रूप में रहे महेंद्र सिंह सैनी नेवी दौड़ लगाकर एक मिसाल पी इ एस कार्यक्रम किया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज सैनी,हरीश मौर्य मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा दिनेश कुमार मौर्य एडवोकेट मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, अमित सक्सेना महामंत्री पंडित प्रशांत शर्मा, अमित चंद्रा, लक्ष्मीकांत सैनी, राजेश कुमार शर्मा, महेंद्र पाल सिंह, सौरभ पाल डॉ प्रेमपाल ग्राम प्रधान रामवीर ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार सैनी डॉ स्वरूप सिंह प्रेम सिंह सैनी आदि भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नगर वासी मौजूद रहे।




# दोस्त को नशा देकर दोस्त घर से नकदी और जेवरात लेकर हुआ फरार, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव मिलक नौखरीद निवासी लालता प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पुत्र विजय का गांव के ही विकास पुत्र मुकेश से मित्रता थी। ओर विकास का घर आना जाना था। दो माह पूर्व वह अपनी पत्नी भगवती के साथ दवाई लेने गया था घर तब पुत्र विजय अकेला था इसी दौरान विकास घर आया विजय को नशीला पदार्थ दे दिया। और घर में घुसकर संदूक का ताला तोड़कर को गुलेबंद, टीका कुंडल एक जोड़ कुंडल, सोने के व एक लाख रुपए नगद, निकालकर ले गया। दवाई लेकर घर लौटे तो संदूक का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा हुआ था। पुत्र विजय के होश में आने पर उसने बताया कि विकास घर आया था और नशा देकर समान चोरी कर ले गया है। इस मामले को लेकर विकास से शिकायत की गई तो उसने समान और नगदी देने का वायदा किया। लेकिन समय निकलने के बाद अब वह मुकर गया और समान नगदी देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारियों में जुटा प्रशासन

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** आगामी कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न घाटों पर किए जाने वाले पवित्र स्नान के मद्देनजर, स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में थाना अध्यक्ष अजय मिश्रा ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के प्रमुख स्नान स्थलों का गहन भ्रमण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। थाना अध्यक्ष अजय मिश्रा ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं।

स्नान के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान, पुलिस टीम ने रायपुर किशनपुर घाट का भी पुनः जायजा लिया और सम्बंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने यातायात को सुगम बनाने और पार्किंग की उचित व्यवस्था पर विशेष बल दिया।



निरीक्षण के उपरांत, थाना अध्यक्ष अजय मिश्रा ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे पवित्र पर्व का आनंद लेते हुए शांति, सौहार्द एवं अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने श्रद्धालुओं से किसी भी तरह की अराजकता या अफवाह पर ध्यान न देने का आग्रह किया। थाना अध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति, परेशानी या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा और पर्व सुरक्षित माहौल में संपन्न होगा।

# एक लाख के इनामी की मुठभेड़ के बाद इलाज के दौरान मौत



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उप जिला मजिस्ट्रेट सदर ने बताया कि 27 सितम्बर 2025 को प्रातः 03:15 बजे अभियुक्त जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी निवासी मोहल्ला घेर मर्दान खां, थाना कोतवाली जनपद रामपुर जो जनपद गोरखपुर के थाना पिपराईच में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या-705/2025 धारा 103 (1) /140(1) /312/109/115 (2)/125 (5)/3(5) बीएनएस व 3/5ए/8 गौवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का वांछित अभियुक्त था जिस पर अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा 16 सितम्बर 2025 को रूपये 1,00,000 का पुरस्कार घोषित किया गया था, कि थाना गंज में पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी, जिस पर थाना गंज पर मुकदमा अपराध संख्या-196/2025 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम बनाम जुबैर उर्फ कालिया पुत्र फिरासत उर्फ नौरंगी निवासी मोहल्ला घेर मर्दान खां थाना कोतवाली जनपद रामपुर एवं 01 व्यक्ति अज्ञात पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना प्रचलित है।

इस प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच हेतु उप जिलाधिकारी सदर को मजिस्ट्रेट नामित किया गया है।

# बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के भाई की मौत पर शोकसभा

**मिलक /रामपुर।** बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के भाई मौत पर बार एसोसिएशन ने शोक सभा आयोजित की गई। तहसील प्रांगण में बार एसोसिएशन के कार्यालय पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष कमल कांत शर्मा के बड़े भाई बनवारी लाल शर्मा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वह शिव मंदिर तहसील परिसर मिलक के पुरातन पुरोहित थे उनका मंदिर में बहुत योगदान रहा है। इस अवसर पर बाहर के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# घनी बस्ती के बीच से निकलते है ओवरलोड मिट्टी लदी टैक्टर ट्राली


आक्रोशित ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करते हुए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** घनी बस्ती के बीच से ओवरलोड मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रालियां जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मिट्टी की सप्लाई को रोकने की मांग की है।वहीं ग्रामीणों ने मिट्टी से संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका भी व्यक्त की है। पूरा मामला उघैती थाना क्षेत्र के खितौरा गांव का है जहां बीते 8 दिन से एक भट्ठा संचालक की मनमानी के चलते ओवरलोड मिट्टी उठान का कार्य जोरों पर चल रहा है। मिट्टी उठाने का कार्य पिछले आठ दिन से बिना रोक टोक के लगातार दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्राली के जरिए हो रहा है।लगातार चल रहे ट्रैक्टरों की आवाजाही से घनी बस्ती के बाशिंदे परेशान हैं वहीं मैन मार्केट के दुकानदारों ने भी विरोध प्रदर्शन करते हुए ओवरलोड मिट्टी ट्राली रोकने की मांग की है।मिट्टी लदी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली के चलते मुख्य मार्ग पर कीचड़ जैसे हालात बन गए हैं।वहीं रोड पर गहरी गड्ढे हो गए हैं जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।गांव के ही योगेश कुमार, हर्षित, नरेंद्र, संजीव,प्रिंस, ओंकार, दिनेश, पवन गुप्ता, राजीव कुमार, महेश भारद्वाज,डाल सिंह,राकेश शर्मा,बुधपाल, सहित दर्जनों ग्रामीणों ने समस्या के समाधान की मांग की है।

# जिम्मेदारों की अनदेखी की वजह से हुई केयरटेकर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज ।** विकासखंड वजीरगंज के ग्राम लहरा लाडपुर में बनी गौशाला में कार्यरत केयरटेकर के द्वारा चारा डालते हुए एक गाय ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे केयर टेकर 50 वर्षीय रामवीर प्रजा. पति पुत्र नंदलाल गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर परिजन उन्हें अपने साथ घर ले गए लेकिन गरीबी की हालत को देखते हुए परिजनों ने गांव में ही डॉक्टर से इलाज शुरू कराया फायदा ना मिलने पर गरीब परिजन केयर टेकर रामवीर को ग्रामीणों की मदद और रुपए कर्च पर लेकर बरेली के निजी अस्पताल में पहुंचे जहां उनका इलाज शुरू कराया लेकिन इसके बावजूद भी लहर लाडपुर के प्रधान के साथ-साथ पंचायत सचिव ने भी उन्हें देखना मुनासिब नहीं समझा और गरीब केयरटेकर की इलाज के दौरान बरेली के निजी अस्पताल मे मौत हो गई जिससे परिवार मैं कोहराम मच गया रामवीर के 6 बच्चे हैं जिसमें चार बेटियों के साथ-साथ दो बेटे भी हैं एक बेटी की शादी होने के बाद भी पांच छोटे बच्चे अभी भी रामवीर की ही मेहनत मजदूरी पर पाल रहे थे केयरटेकर रामवीर के मौत के बाद जरूर जिम्मेदार लोग उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे लेकिन उससे पहले ना तो प्रधान और ना ही पंचायत सचिव के साथ-साथ अन्य किसी जिम्मेदार व्यक्ति ने उनके घायल होने के बाद उचित इलाज की व्यवस्था नहीं की अगर समय पर सही डॉक्टर का उपचार मिल जाता तो हो सकता है कि गरीब परिवार का पालनहार अपने परिवार से हमेशा के लिए नहीं बिछड़ता।

# डंपर हाइटेंशन लाइन से छू जाने पर काम कर रहे दो मजदूर झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंवर गांव ।** क्षेत्र के कसेर से विजयनगला मार्ग पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा रोड पर निर्माण कार्य चल रहा है कार्यदाई संस्था का यूसुफ नगर में हाट मिक्स प्लांट लगा हुआ है जहां से डंपर माल ले जाकर रोड पर डाल रहे हैं । मंगलवार को वरखिन के पास हादसा हो गया डंपर चालक ने डंपर को ऊपर उठा दिया ऊपर चल रही हाइटेंशन लाइन से डंपर छू गया जिससे डंपर में करंट दौड़ गया और दो मजदूर झुलस जिन्हें ठेकेदार द्वारा बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों मजदूर परमानंद और विद्यापति बिहार के गांव बसंतपुर जिला माधेपुरा के रहने वाले हैं ।। इंजीनियर संदीप पवांर ने बताया कि लाइन नीची थी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परवीन धामा, पुत्रः जयपाल सिंह, पताः 297, पाठशाला रोड–2, तांगा रोड स्टैंड, खेकड़ा, बागपत, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No. 40/25, U/s 75/79 भारतीय न्याय संहिता–2023 & 67 (A) IT Act, पुलिस थाना साइबर/एनडब्ल्यूडी मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **परवीन धामा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **परवीन धामा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 40/25, U/s 75/79 भारतीय न्याय संहिता–2023 & 67 (A) IT Act, पुलिस थाना साइबर/एनडब्ल्यूडी मॉडल टाउन, दिल्ली** के अभियुक्त **परवीन धामा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर पश्चिम, कमरा नं. 108, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14592/NW/2025

# भगवान राम के राज्याभिषेक पर रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** संस्कार भारती द्वारा चतुर्थ दीपावली उत्सव को भगवान राम के राज्याभिषेक के उपलक्ष्य पर रंगोली प्रतियोगिता के रूप में मनाया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एड. सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि सुभाष अग्रवाल ने माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके रंगोली प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। इस दौरान संस्था के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार भट्ट ने संस्था के ध्येयगीत का गायन किया। वही धर्मेन्द्र यादव ने भगवान राम के भजनों का गायन किया। कक्षा – नौ से स्नातक तक के शबरी वर्ग में दीपाली वार्ष्णेय ने प्रथम सरस्वती विद्या मन्दिर की छात्राऐं वैष्णवी ने द्वितीय नव्या पाठक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।कक्षा – पाँच से आठ तक के गिलहरी वर्ग की देवकी देवी की छात्राऐं कनिष्का ने प्रथम वर्षा ने द्वितीय जानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।शबरी वर्ग के निर्णायक जनमहिमा के संपादक अखिलेश मिश्रा, गोपाल कृष्ण वार्ष्णेय, अरुण गुप्ता एवं गिलहरी वर्ग के निर्णायक किशन उर्फ कन्हैया मंत्री जनता रामलीला, अनुज पाराशरी निर्देशक जनता रामलीला, कृष्णा गुप्ता रहे। संस्था ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कारों के साथ-साथ सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. रूपेन्द्र आर्य ने प्रतियोगियों का परिणाम घोषित करके उपस्थित सज्जनों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कवि हर गोविन्द पाठक दीन ने किया। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र नाथ गर्ग, बिपिन गर्ग, शिव कुमार, मीना पाठक, गोपेश्वर पाठक, अमरदीप गर्ग, यश, विकास गुप्ता, वविता गुप्ता, गौरी पाठक आदि उपस्थित रहे।

# पीएमएवाईजी के 44575 आवास पूर्ण, शेष पर कार्य जारी

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए शेष आवासो का निर्माण जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी आवासों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

**मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण**
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा

**निजी पूंजी निवेश को प्रोत्साहन**

प्रदेश के यशस्वी मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में उ.प्र. टाउनशिप नीति–2023 अंतर्गत 04 निजी विकासकर्ताओं को 280.64 एकड़ क्षेत्रफल के टाउनशिप का लाइसेन्स निर्गत किया गया। जिसके सापेक्ष जनपद में रू. **1462 करोड़** का निवेश किया जा रहा है। इससे मथुरा की अवस्थापना सुविधाएं अधिक बेहतर और मजबूत होंगी।

**फरवरी 2024 से सितंबर 2025 तक अवैध निर्माण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही**



- उ.प्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 के अंतर्गत बिना मानचित्र स्वीकृत के अवैध निर्माण के विरुद्ध फरवरी 2024 से अब तक 690 नोटिस निर्गत की गयी।
- बिना मानचित्र स्वीकृत के अवैध निर्माण की नोटिस निर्गत उपरांत कार्य न रोके जाने पर उक्त समयांतर्गत 60 अवैध निर्माण पर सीलिंग की गई।
- 307 अवैध निर्माणों के विरुद्ध ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गए। जिसमें 85 का मौके पर ध्वस्तीकरण किया गया। साथ ही प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत 80 अवैध कॉलोनी का भी मौके पर ध्वस्तीकरण का क्रियान्वयन किया गया।
- प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत 59 अवैध निर्माणों के नोटिस के विरुद्ध शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया, जिसमें 458.61 लाख रुपये का शमन शुल्क जमा कराया गया।

मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत आम जनता से अपील की जाती है कि आवासीय, व्यावसायिक व अन्य किसी भी प्रकार के निर्माण करने से पूर्व प्राधिकरण से मानचित्र अवश्य स्वीकृत करायें। उ.प्र. सरकार द्वारा मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा मॉडल जोनिंग रेगुलेशंस 2025 लागू किया गया है। जिसमें मकान नक्शा पास की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जन–उन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह छोटे भूखंड मालिकों, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायियों के लिए राहतकारी है, साथ ही शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सुनियोजित विकास को बढ़ावा देता है।
**श्याम बहादुर सिंह (उपाध्यक्ष, एम.वी.डी.ए.)**

**मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण प्रदेश का पहला प्राधिकरण है,** जो लैंड पूलिंग स्कीम अंतर्गत समस्त प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए आम जनता को लॉटरी के माध्यम से भूखंड आवंटन कर दिया है।

**हनुमत विहार आवास योजना**
क्षेत्रफल – 26.643 हेक्टेअर
अवस्थापना सुविधाओं पर अनुमानित लागत – रू. 194.04 करोड़



**गोविंद विहार आवास योजना**
क्षेत्रफल – 26.912 हेक्टेअर
अवस्थापना सुविधाओं पर अनुमानित लागत – रू. 182.23 करोड़




मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना अंतर्गत प्रस्तावित टाउनशिप रहीमपुर फरह एवं छाता।

प्रस्तावित क्षेत्र– 94.276 हेक्टेअर • अनुमानित लागत– रू.665.00 करोड़




प्रस्तावित क्षेत्र– 117.295 हेक्टेअर • अनुमानित लागत– रू.1265.00 करोड़




**प्रसून द्विवेदी (पी.सी.एस)** विशेष कार्याधिकारी/सम्पत्ति अधिकारी, मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
**अरविन्द कुमार द्विवेदी (पी.सी.एस)** सचिव, मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
**श्याम बहादुर सिंह (आई.ए.एस)** उपाध्यक्ष, मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा
**शैलेन्द्र कुमार सिंह (आई.ए.एस)** आयुक्त, आगरा मंडल, आगरा/ अध्यक्ष, मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा

**मथुरा–वृन्दावन विकास प्राधिकरण, मथुरा**
राजकीय संग्रहालय, डैम्पियर नगर, मथुरा
Email: vcmvda2014@gmail.com | Website: www.mvdamathura.com
Follow us on

# ऑनलाइन ठगी के 83,400/-रु0 इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने कराए वापस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** जनपद में बढ़ते हुए साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु एसएसपी, डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन एवं बदायूं एसपी ग्रामीण एवं सीओ बिसौली के पर्यवेक्षण में थाना बिसौली साइबर हेल्प डेक्स पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगणो को आवश्यक/त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाता रहा है । जिसके क्रम में पीडित/शिकायतकर्ता वशीर अहमद पुत्र अमीर नि0 ग्राम फतेहपुर वीरमपुर थाना बिसौली जनपद बदायूँ के साथ वर्ष 2025 में भिन्न तिथियो मे कुल 83,400 रूपये की साइबर ठगी की गयी थी। पीडित/शिकायतकर्ता द्वारा डभ् के नेशनल साइबर क्रइम रिपोर्टिंग पोर्टल (छब्त्च) तथा टोल फ्री नं0 1930 पर अपनी शिकायतें दर्ज करायी गई । जिसमें थाना बिसौली पर साइबर हेल्प डक्से पर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगणो द्वारा साइबर सेल जनपद बदायूँ की मदद से त्वरित कार्यवाही कराते हुए आवेदक के साथ की गयी साइबर ठगी की कुल धनराशि 83400 रूपये को तत्काल सम्बन्धित बैंक में होल्ड/फ्रीज कराते हुये तदुपरान्त उक्त साइबर ठगी की धनराशि शिकायतकर्ता/पीडित के खाते में स्थानान्तरित करायी गई। उपरोक्त शिकायतकर्त को पैसे वापस आने के सम्बन्ध में द्वारा दूरभाष सूचना दी गई। 'पीडित/शिकायतकर्ता वशीर अहमद पुत्र अमीर निवासी ग्राम फतेहपुर वीरमपुर थाना बिसौली जनपद बदायूँ कुल वापस करायी गई धनराशि 83400 रूपये।' 'साइबर फ्राड का कारण -' अधिकांश शिकायते आधार कार्ड अपडेट होने या गांव गांव में KYC कराने के उपरान्त विभिन्न बैंक खातो से पैसे निकालना पाया गया। 'साइबर अपराध से बचाव हेतु सावधानी:-' 'लोन/गेम एप के मकड़जाल सेबचें' पैसे के लालच मेंअपना अकाउण्ट एवं सिम कार्ड किसी को न दें।किसी अनजान व्यक्ति द्वारा बताये गये किसी एप को डाउनलोड न करें, साइबर अपराधियो द्वारा ´जेंचच स्क्रीनशेयरिंग एप डाउनलोड करवाकर अपका फोन एक्सेस करके उसका गलत उपयोग किया जा सकता है। गूगल पर कस्टमर केयर नंबर सर्च करने से बचे। साइबर अपराधियों द्वारा गूगल पर विभिन्न कंपनियों के फर्जी कस्टमर केयर नंबर अपलोड किये गये हैं. अत: किसी भी कंपनी का कस्टमर केयर नंबर निकालने के लिए हमेशा कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट से ही निकालें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेन्ड रिक्वेस्ट / वीडियो कॉल एक्सेप्ट न करें। साइबर अपराधियों द्वारा लोगो को सोशल साइट पर आनलाइन चौट कर सेक्सुअली उकसाकर उनका न्यूड वीडियो रिकार्ड कर ब्लैकमेल किया जाता है। अत: सोशल मीडिया पर हमेशा सावधान रहें। किसी भी दशा में अपना व्यक्तिगत विवरण किसी अनजान के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आने वाले विज्ञापनों से खरीदारी में हमेशा सावधान रहें। 'ठगी का शिकार होने पर अपने नजदीकी थाने की साइबर सेल पर तत्काल संपर्क करें अथवा भारत सरकार द्वारा जारी नंबर 1930 पर कॉल करें । किसी भी प्रकार के साइबर क्राइम से सम्बन्धित आनलाइन शिकायत भारत सरकार द्वारा जारी अनलाइन नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल www-cybercrime-gov-inके

# फर्जी बिजली अधिकारी बनकर की ठगी

## चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं से हुए मोटे पैसों की ठगी के बाद क्षेत्र में गहरा रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना क्षेत्र में पिछले करीब तीन सप्ताह से अज्ञात व्यक्तियां फर्जी बिजली अधिकारियों के भेष में आ रहे हैं और मीटर चेकिंग, बकाया राशि वसूल या तरफ बदलने जैसे बहाने से घरों में घुसकर लोगों से नकद लेने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ितों के अनुसार कुछ मामलों में ठग नकद लेकर भाग भी गए जिससे स्थानीय लोगों में रोष और चिंता फैल गई है।

पीड़ित गुलफाम अहमद पुत्र इरफान अली निवासी मोहल्ला सलातीन कस्बा किठौर ने बताया कि यह लोग आधिकारिक पहचान-पर्ची और यूनिफार्म का नकल दिखाकर आते हैं। वे आम तौर पर शाम के समय घरों में जाकर मापदंडों की जांच का बहाना करते हैं और कह देते हैं कि अगर तुरंत पैसे नहीं दिए तो बिजली काट दी जाएगी या भारी जुर्माना लगेगा। कई परिवारों ने डर के कारण नकद दे दिए, जबकि कुछ ने विरोध कर ठगों को भागने पर मजबूर कर दिया। वहीं उन्होंने बताया कि सोमवार को उनके बड़े भाई फुरकान पुत्र इरफान अली व फैजुल के आवास पर बिजली चैकिंग करने आल्टो कार जिसका नम्बर यूपी 37-7814 में सवार होकर ये सभी लोग पहुंचे। ओर उनके भतीजे व अन्य उपभोक्ताओं को डरा धमका कर मोटी रकम ऐठ कर ले गए। उनमे से एक व्यक्ति ने अपना नाम सुमित कुमार बताया है। जिसकी जानकारी एसडीओ किठौर को दी। जहां उन्होंने बताया कि ये व्यक्ति उनके विभाग से नही है। उनके भतीजे गुड्डू ने बताया कि करीब दो सप्ताह पूर्व उनके पिता का इंतकाल हो गया था। जिसको लेकर उनका मानसिक संतुलन ठीक नही है। इसी बीच ये व्यक्ति बिजली चैकिंग कर मीटर मापदंडों में कमी के नाम पर बीस हजार रुपये ले गए। जिसकी जानकारी उन्होंने अपने परिवार को दी। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया है कि घटना की सूचना मिलने पर इस प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति को तुरंत नजदीकी थाने या आधिकारिक बिजली विभाग को सूचित करें। जगह जगह सीसीटीवी और मोबाइल फोन लोकेशन की मदद से ठगों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। भानु प्रदेश महासचिव रियायत मलिक ने बताया कि बिजली मीटरों की जांच व अन्य मापदंडों के नाम पर की जाने वाली यह ठगी किसानों को प्रताड़ित करने का एक नया तरीका है। बुजुर्ग और गृहणियों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया क्योंकि ठग भावनात्मक दबाव बनाकर पैसे ले लेते हैं। पुलिस प्रशासन को इस प्रकरण को गंभीरता से लेना चाहिए।




# दौराला के पूर्व प्रमुख राजन वर्मा को शिकागो यूनिवर्सिटी से मिली पीएचडी की उपाधि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीपुरम।** दौराला ब्लॉक के पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजन वर्मा को अमेरिका की प्रतिष्ठित शिकागो यूनिवर्सिटी से सामा. जिक कार्य में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित समारोह में उन्हें यह उपाधि दी गई। राजन वर्मा पूर्व विधायक हस्तिनापुर योगेश वर्मा के छोटे भाई हैं, वहीं उनकी भाभी मेरठ की मेयर भी रह चुकी हैं। वे वर्ष 2011 से 2016 तक दौराला ब्लॉक प्रमुख के पद पर कार्यरत रहे। राजन वर्मा बीते लगभग 15 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यों में रुचि लेते आ रहे हैं और लोगों की मदद करने के साथ-साथ समाज में जागरूकता फैलाने का काम करते आ रहे हैं। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और इसे पूरे मेरठ जनपद के लिए गौरव का क्षण बताया है। वहीं राजन वर्मा ने बताया कि सामाजिक कार्यों में मिली पीएचडी उपाधि से वह बेहद खुश है और एचडी हासिल करके वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे उनके परिवार का हाथ है वह आगे भी सामाजिक कार्यों के लिए सभी के साथ मौजूद रहेंगे।






**संक्षिप्त खेल समाचार**

## आन्या श्रब्सोल बनीं आरसीबी महिला टीम की गेंदबाजी कोच

**बेंगलुरु, वार्ता।** आरसीबी की महिला टीम ने इंग्लैंड की पूर्व तेज गेंदबाज आन्या श्रब्सोल को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। यह बदलाव उनके सपोर्ट स्टाफ में किए गए फेरबदल का हिस्सा है। श्रब्सोल मलोलन रंगराजन के साथ काम करेंगी, जो तमिलनाडु के पूर्व स्पिनर हैं और आने वाले सीजन में मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। यह बदलाव इसलिए किया गया क्योंकि ल्यूक विलियम्स, जिन्हें 2024 सीजन से पहले हेड कोच बनाया गया था, बीबीएल में एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण डब्ल्यूपीएल 2026 में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

## नारायणन दिप्तायन, अरोन्याक दूसरे दौर में पहुंचे

**पणजी, वार्ता।** भारत के जीएम नारायणन एसएल और जीएम दिप्तायन घोष ने शानदार तरीके से अपने दोनों रैपिड गेम जीतकर फिडे विश्व कप 2025 के दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि अरोन्याक घोष ने सोमवार को यहां राउंड 1 टाईब्रेक के दूसरे चरण में एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए उनका साथ दिया। पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए नारायणन ने पेरू के आईएम स्टीवन रोजास को 52 चालों में हराकर अगले दौर में प्रवेश किया और फिर सफेद मोहरों से खेलते हुए केवल 22 चालों में जीत हासिल की। बगल के बोर्ड पर, दिप्तायन घोष ने चीन के ग्रैंडमास्टर पेंग ज़ियोनजियान के खिलाफ पहले गेम में 70 चालों में जीत हासिल की। यह जीत उनके दो मोहरों की बदौलत मिली।

# लॉरा बनीं नंबर-1 वनडे बल्लेबाज



● **मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर-1 बल्लेबाज बनीं रही, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपनी फॉर्म में नहीं थी**

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लॉरा वुलफार्ट ने विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल में शतक लगाकर भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। वुलफार्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 और फाइनल में भारत के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन से उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 571 रन बनाए, जो विश्व कप में अब तक का रिकॉर्ड बल्लेबाजी प्रदर्शन है। इसके साथ ही उन्हें 814 रेटिंग अंक मिले, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। यह मंधाना के 811 रेटिंग अंकों से तीन अधिक हैं। मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर एक बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थीं। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाए। इसके बावजूद वह विश्व कप में दूसरी सबसे ज्ड़ादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। एलिस पेरी ने भी सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ 77 रन की पारी खेलकर टॉप-10 में जगह बनाई और सातवें स्थान पर पहुंचीं। वह सोफी डिवाइन के साथ सातवां स्थान साझा कर रही हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। जेमिमा रॉड्रिग्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में नाबाद 127 रन बनाकर भारत को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के बाद वह नौ स्थान ऊपर चढ़कर नंबर 10 पर पहुंचीं। वहीं सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के लिए 119 रन बनाने वाली फीबी लिचफील्ड 13 स्थान की छलांग लगाकर 13वें स्थान पर पहुंची हैं। दक्षिण अफ्रीका की मरीजान काप इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 5 विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में दो स्थान की बढ़त के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। अब वह इंग्लैंड की सोफी एक्लस्टोन से ही पीछे हैं। अनाबेल सदरलैंड (छठे) और किम गार्थ (सातवें) भी एक-एक स्थान ऊपर बढ़ीं, जबकि उनकी टीममेट अलाना किंग अब काप के कारण तीसरे स्थान पर खिसक गईं। दीप्ति शर्मा ने विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता और नॉकआउट चरण में सात विकेट लेने के साथ-साथ 82 रन भी बनाए। इससे वह ऑलराउंडर रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 4वें स्थान पर पहुंच गईं।

## टॉम मूडी एलएसजी के डायरेक्टर नियुक्त किए गए



**लखनऊ, वार्ता।** आरपीएसजी ग्रुप ने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टॉम मूडी को ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट नियुक्त किया है। इस नई भूमिका में टॉम मूडी, आरपीएसजी ग्रुप की सभी क्रिकेट फ्रेंचाइज़ियों के संचालन, रणनीति और दीर्घकालिक क्रिकेट विकास कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगे। टॉम मूडी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जगत का लोकप्रिय चेहरा रहा है। आरपीएसजी ग्रुप की प्रमुख क्रिकेट फ्रेंचाइज़ियों में लखनऊ सुपर जायंट्स (आईपीएल), डरबन सुपर जायंट्स (एसए20) और मैनचेस्टर ओरिजिनल्स (द हंड्रेड) शामिल हैं। आगामी आईपीएल सत्र में टॉम मूडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के मुख्य कोच एवं अपने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई साथी जस्टिन लैंगर और हाल ही में रणनीतिक सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए केन विलियमसन के साथ मिलकर टीम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। मूडी ने अपनी नियुक्ति पर कहा आरपीएसजी ग्रुप के लिए ग्लोबल डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट की भूमिका स्वीकार करना मेरे लिए एक विशेष सम्मान है। ग्रुप के चेयरमैन संजीव गोयनका से सकारात्मक बातचीत से यह स्पष्ट हुआ कि यह एक रोमांचक अवसर है।

# आईसीसी महिला विश्व कप टीम में भारत की तिकड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** हाल ही में संपन्न हुए टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद, तीन भारतीय सितारों-स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा - को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टूर्नामेंट की टीम में शामिल किया गया है।

मंधाना, जेमिमा और दीप्ति विजयी भारतीय टीम का हिस्सा थीं। दीप्ति टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बनकर उभरीं। उन्होंने फाइनल में 39 रन देकर पांच विकेट सहित कुल 22 विकेट लिए। मंधाना और जेमिमा ने बल्ले से प्रभावित करते हुए क्रमश: 434 और मैच विजयी नाबाद 127 रन बनाए। मंधाना ने लीग चरण में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ शतक भी लगाया। 12 सदस्यीय टीम की कप्तान दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वुलफार्ट हैं और इसमें उनकी साथी मारिज़ैन कैप और नादिन डी क्लार्क भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड और अलाना किंग कर रही हैं, जबकि इंग्लैंड की नैट शिवर-ब्रंट और सोफी एक्लेस्टोन, पाकिस्तान की सिदरा नवाज के साथ मिलकर टीम को पूरा करती हैं। चयन पैनल में कमेंटेटर इयान बिशप, मेल जोन्स और ईसा गुहा, आईसीसी महाप्रबंधक गौरव सक्सेना और पत्रकार एस्टेले वासुदेवन शामिल थे। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की अंतिम टूर्नामेंट की टीम है।

## अर्पित- सनत के शतक लेकिन पुड्डुचेरी को मिले तीन अंक

**नई दिल्ली, वार्ता।** अर्पित राणा (नाबाद 170) सनत सांगवान (नाबाद 122) के शानदार शतकों से दिल्ली ने पुड्डुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोए 321 रन बनाये और मैच ड्रा हो गया। हालांकि पुड्डुचेरी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक से संतोष करना पड़ा। दिल्ली के पहली पारी के 294 रन के जवाब में पुड्डुचेरी ने 481 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी।

# भव्य रोशनी में मनाया टीम ने जीत का जश्न

● **भारतीय महिला टीम के विशेष रूप से डिजाइन की पृष्ठभूमि में शानदार नजारा पेश किया**

**कोलकाता, वार्ता।** बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में एक शानदार सजावटी प्रदर्शनी के साथ आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 में टीम इंडिया की ऐतिहासिक जीत का गौरवपूर्ण जश्न मनाया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में जीवंत रोशनी और विशेष रूप से डिज़ाइन की गई पृष्ठभूमि ने एक शानदार नज़ारा पेश किया, जिसने शहर भर के क्रिकेट प्रशंसकों की प्रशंसा बटोरी। स्टेडियम के सामने के हिस्से को विजयी भारतीय टीम के आकर्षक दृश्यों से सजाया गया था, जो गर्व और उपलब्धि की भावना को दर्शाने के लिए चमकदार नीली रोशनी से नहाए हुए थे। यह सजावट महिला टीम के उल्लेखनीय प्रदर्शन के प्रति सम्मान था, जिसने देश को अपार गौरव दिलाया और लाखों महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित किया। मीडिया से बात करते हुए, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और सीएबी के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा कि बंगाल में क्रिकेट के घर के रूप में, हम उनकी सफलता का जश्न मनाना चाहते थे और इस विशेष सम्मान के माध्यम से अपनी हार्दिक बधाई व्यक्त करना चाहते थे।

उन्होंने कहा कि बीस साल पहले, जब महिला क्रिकेट बुनियादी ढांचे की कमी के कारण संघर्ष कर रहा था, तब बहुत से लोग इसके भविष्य को लेकर आश्वस्त नहीं थे। उन सभी महिलाओं को बधाई जिन्होंने खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए कड़ी मेहनत की। गांगुली ने कहा कि जब मैं बीसीसीआई अध्यक्ष बना, तो मुझे महिला क्रिकेट के उत्थान के लिए काम करने में बहुत खुशी हुई और मैंने इसकी नींव मजबूत करने की पूरी कोशिश की। 50 ओवर का विश्व कप जीतना तो बस शुरुआत है - महिला क्रिकेट यहां से और भी आगे बढ़ेगा। बंगाल क्रिकेट संघ हमेशा से पुरुष और महिला दोनों क्रिकेट को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा है।

## ऋत्विक संजीवी ने मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली, वार्ता।** हैटसन बैडमिटन सेंटर के ऋत्विक संजीवी ने मंगलुरु में आयोजित मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतकर तमिलनाडु और भारत का गौरव बढ़ाया। विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय ऋत्विक ने हमवतन रौनक चौहान (14-21, 21-19, 21-19) के खिलाफ एक कड़े फाइनल में जीत हासिल करने के लिए कड़ी टक्कर दी। यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब है, जिसने बैडमिटन में भारत के शीर्ष उभरते सितारों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। हैटसन बैडमिटन सेंटर के मुख्य कोच रजनीकांत ने ऋत्विक की उपलब्धि पर गहरा गर्व व्यक्त किया कि ऋत्विक के समर्पण, कड़ी मेहनत और सेंटर की कोचिंग ने एक ऐसा चैंपियन तैयार किया है जिस पर हम सभी को गर्व है। हम ऐसी प्रतिभाओं को निखारने और भारतीय बैडमिटन के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# बीबीएल से बाहर हुए अश्विन



● **घुटने की सर्जरी की वजह से अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** घुटने की सर्जरी की वजह से आर अश्विन को सिडनी थंडर के साथ अपना बीबीएल डेब्यू रद्द करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यह मौका गंवाने से वह बहुत निराश हैं, क्योंकि इससे वह बीबीएल में खेलने वाले भारत के पहले कैप्ड खिलाड़ी बन जाते। वहीं थंडर ने कहा कि वे अश्विन के साथ मिलकर एक नई योजना पर काम कर रहे हैं। इस साल की शुरुआत में आईपीएल से संन्यास लेने के बाद अश्विन के लिए विदेशी लीग में खेलने का रास्ता खुला था। उन्होंने थंडर के साथ पूरे बीबीएल सीजन के लिए करार किया था। अश्विन ने थंडर के बयान में कहा, ष्मुझे बीबीएल 15 मिस करने का बहुत अफसोस है। अब मेरा पूरा ध्यान रिकवरी पर है। मैं थंडर परिवार और फैंस का शुक्रगुज़ार हूं, जिन्होंने पहले ही बहुत अपनापन दिखाया है। ट्रेंट (कोपलैंड, थंडर जनरल मैनेजर) और पूरी मैनेजमेंट टीम ने पहले ही बातचीत से मुझे क्लब का हिस्सा महसूस कराया। अगर रिहैब और यात्रा की योजना अनुमति दें, तो मैं सीजन के बाद के हिस्से में टीम के साथ रहना और फैंस से मिलना चाहूंगा। थंडर टीमों को शानदार साल की शुभकामनाएं। ट्रेंट कोपलैंड ने कहा कि सिडनी थंडर के सभी लोग अश्विन की घुटने की चोट की खबर से बहुत दुखी हुए, जिसने उन्हें बीबीएल 15 से बाहर कर दिया। हम उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। जब हमने पहली बार अश्विन से बात की, तभी उनके थंडर के प्रति समर्पण का अंदाज़ा लग गया था। हमें उम्मीद है कि हम उन्हें बीबीएल 15 के कुछ हिस्से के दौरान अपने डगआउट में स्वागत कर सकेंगे, फैंस से मिलवाएंगे।

# राइजिंग स्टार्स एशिया कप में जितेश शर्मा होंगे भारत 'ए' के कप्तान

**मुंबई, वार्ता।** जतेश शर्मा को आने वाले एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) राइजिंग स्टार्स एशिया कप के लिए भारत ए टीम का कप्तान बनाया गया है, जिसे पहले इमर्जिंग टूर्नामेंट भी कहा जाता था। यह टूर्नामेंट दोहा में 14 से 23 नवम्बर तक खेला जाएगा। नमन धीर को उपकप्तान बनाया गया है।

इस टी-20 टूर्नामेंट की टीम काफी मबूत दिख रही है और इसमें आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले रमनदीप सिंह, अभिषेक पोरल, सुयश शर्मा, आशुतोष शर्मा, नेहाल वढेरा, प्रियांश आर्या और वैभव सूर्यवंशी के साथ-साथ घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हर्ष दुबे, सुर्यांश शेडगे, यश ठाकुर, गुरजपनीत सिंह, विजयकुमार वैशाख और युधवीर सिंह जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। पाकिस्तान ए और ओमान इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मुक़ाबला खेलेंगे, जबकि भारत ए बनाम पाकिस्तान ए मुक़ाबला 16 नवम्बर को होगा। टीमें दो ग्रुप में बंटी हैं: ग्रुप ए में अफग़ानिस्तान, बंगलादेश, हांगकांग और श्रीलंका, जबकि ग्रुप बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई हैं। यह सितम्बर में हुए सीनियर एशिया कप के बाद पहली बार होगा जब भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमें आमने-सामने होंगी, हालांकि सीनियर महिला टीमें इसी महीने की शुरुआत में वनडे विश्व कप में भिड़ीं थीं। जब पुरुष टीमों ने एशिया कप खेला था, तब दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच ना तो हैंडशेक हुए थे और ना ही कोई औपचारिक अभिवादन। टूर्नामेंट भारत की जीत के साथ खत्म हुआ, लेकिन टीम ट्रॉफी लिए बिना दुबई छोड़ गई।

# मोहम्मद अशरफुल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच नियुक्त



**ढाका, वार्ता।** पूर्व बंगलादेशी खिलाड़ी मोहम्मद अशरफुल को आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से पहले राष्ट्रीय बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। अशरफुल वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन की जगह लेंगे, जो बीसीबी द्वारा डेविड हेम्प से अलग होने के बाद से बल्लेबाजी इकाई की देखरेख कर रहे हैं।

2014 में बीपीएल में मैच फिक्सिग के कारण प्रतिबंधित होने के बाद अशरफुल पहली बार राष्ट्रीय ड्रेसिग रूम में वापसी करेंगे। अशरफुल ने घरेलू सर्किट के साथ-साथ ग्लोबल सुपर लीग में भी विभिन्न पदों पर बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने दो मौकों पर रंगपुर राइडर्स की बल्लेबाजी इकाई का मार्गदर्शन किया था। इस बीच, पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर और वर्तमान बोर्ड निदेशक अब्दुर रज्जाक आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम के टीम निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। आयरलैंड को नवम्बर से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। एसबीएनएस में बोर्ड बैठक के बाद मीरपुर शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रज्जाक ने संवाददाताओं से कहा कि अशरफुल के पास अनुभव है - यह तो तय है।

# रिबाकिना ने स्वियाटेक को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

**रियाद, वार्ता।** कज़ाकिस्तान की छठी वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना ने रियाद में महिला टेनिस एसोसिएशन फाइनल्स के ग्रुप चरण में दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक को हराकर शानदार वापसी की। इस तरह उन्होंने लगातार दूसरी जीत हासिल की और एक मैच बाकी रहते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

स्वियाटेक ने इस सीजन में अपनी प्रतिद्वंद्विता पर दबदबा बनाए रखा था और पिछले चारों मुकाबलों में जीत हासिल की थी। रिबाकिना की सर्विस जल्दी तोड़कर पहला सेट 6-3 से जीतने के बाद ऐसा लग रहा था कि वह इस सिलसिले को आगे भी जारी रखेंगी। हालांकि, दूसरे सेट में गति बदल गई क्योंकि रिबाकिना ने अपना स्तर बढ़ाया, अपनी सर्विस और बेसलाइन आक्रामकता दोनों में सुधार किया, जबकि स्वियाटेक का फॉर्म गिर गया, जिससे अनफोर्स्ड एरर बढ़ गए। कज़ाकिस्तान की खिलाड़ी ने दो बार सर्विस तोड़कर सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। निर्णायक सेट में, रिबाकिना ने पूरी तरह से नियंत्रण बना लिया और लगातार छह गेम जीतकर अंतिम सेट 6-0 से जीत लिया और दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी के खिलाफ अपनी हार का सिलसिला तोड़ दिया। रिबाकिना ने बाद में कहा कि मुझे लगता है कि उसने मैच की शुरुआत बहुत अच्छी की और मैं थोड़ी धीमी थी, इसलिए उसने मेरी सर्विस तोड़ दी।

# सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी में खेलेगी शेफाली



**मुंबई, वार्ता।** नागालैंड सीनियर वुमेंस इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी 4 से 14 नवम्बर तक करने के लिए तैयार है।यह घरेलू महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा संस्करण होगा, जिसकी शुरुआत साल 2022 में हुई थी। यह प्रतियोगिता भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित की जाती है। 2025 सीनियर महिला इंटर जोनल टी-20 ट्रॉफी में छह क्षेत्रीय क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमें नॉर्थ जोन, साउथ जोन, ईस्ट जोन, वेस्ट जोन, सेंट्रल जोन और नॉर्थ ईस्ट जोन का नाम शामिल है। भारत की वर्ल्ड कप विजेता शेफाली वर्मा को नॉर्थ जोन टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है, जबकि इस साल की शुरुआत में भारत को अंडर-19 टी-20 विश्व कप खिताब दिलाने वाली निकी प्रसाद साउथ जोन टीम की कप्तानी करेंगी। इस टूर्नामेंट में कई प्रमुख खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें साइमा ठाकोर, अमनदीप कौर और आशा शोभना शामिल हैं। सीनियर महिला इंटर जोनल टी 20 ट्रॉफी 2025 की टीमें ईस्ट जोन: मीता पॉल (कप्तान), अश्विनी कुमारी (उप-कप्तान), प्रियंका लूथरा, धारा गुज्जर, तनुश्री सरकार, रश्मी गुढ़िया (विकेटकीपर), जिन्तिमणि कलिता, रश्मी डे, तन्मयी बेहरा, सुश्री दिव्यदर्शनी, तितास साहू, साइका इशाक, आरती कुमारी, ममता पासवान, प्रियंका अचार्जी। नॉर्थ ईस्ट जोन: देबस्मिता दत्ता (कप्तान), नबाम यापु (उप-कप्तान), किरणबाला हाओरुंगबाम, लालरिनफेली पौतु, रितिसिया नोंगबेट, नजमीन खातून (विकेटकीपर), समयिता प्रधान, प्रियंका कुर्मी, विपेनी, नंदिका कुमारी, नबाम अभि, प्रणिता छेत्री, सोलिना जाबा, प्रिमुला छेत्री, रंजीता कोइजाम। नॉर्थ जोन: शेफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत (उप-कप्तान), दीया यादव, आयुषी सोनी, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), एसएम सिंह, भारती रावल, बावनदीप कौर, मन्नत कश्यप, अमनदीप कौर, कोमलप्रीत कौर, अनन्या शर्मा, सोनी यादव, नाजमा, नंदिनी। वेस्ट जोन: अनुजा पाटिल (कप्तान), सयाली सतघरे (उप-कप्तान), पूनम खेमनार, धरणी थप्पेटला, तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, हुमैरा काजी, इरा जाधव, किरण नवगिरे, अमृता जोसेफ, केशा पटेल, अर्शिया धारीवाल, उमेश्वरी जेठवा (विकेटकीपर), सिमरन पटेल, इशिता खले। साउथ जोन: निकी प्रसाद (कप्तान), सब्बीनेनी मेघना (उप-कप्तान), कमलिनी जी (विकेटकीपर), वृंदा दिनेश, युवश्री के, आशा शोभना, चल्लुरु प्रथ्युषा, प्रणवी आदि।

## कंधे में खिचाव, ब्रेविस पाक के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**फैसलाबाद, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस 1 नवम्बर को लाहौर में तीसरे टी-20 मैच के दौरान कंधे की मांसपेशियों में हल्के खिचाव के कारण आज से पाकिस्तान के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। 22 वर्षीय ब्रेविस इस महीने के अंत में होने वाले दक्षिण अफ्रीका के भारत दौरे से पहले पुनर्वास के लिए पाकिस्तान में टीम के साथ रहेंगे, जिसमें दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी-20 मैच शामिल हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक ब्रेविस के प्रतिस्थापन की घोषणा नहीं की है। उनकी अनुपस्थिति पहले से ही कमज़ोर वनडे टीम को और कमज़ोर कर देती है, क्योंकि वरिष्ठ खिलाड़ी एडेन मार्करम और कैगिसो रबाडा को आराम दिया गया है, और तेज गेंदबाज क्वेना मफाका और एनरिक नॉर्टजे चोटों के कारण बाहर हैं।

शाह टाइम्स

# सम्पादकीय

बुधवार, 5 नवम्बर 2025

## रेल हादसों पर आंखें बंद

बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में सोमवार शाम एक भीषण रेल हादसा हो गया, एक पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। यह दुर्घटना लालखदान के पास हावड़ा रूट पर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पैसेंजर ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में कई यात्रियों के मारे जाने की आशंका है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। आखिर देश का रेलवे सिस्टम कब आंखें खोलेगा। हर साल कोई न कोई हादसा होता है, लेकिन उससे कोई सबक नहीं लिया जाता, यही कारण है कि लोग मर जाते हैं और विभाग जांच बैठा देता है, जिसके पूरे होने में महीने नहीं, बल्कि साल लग जाते हैं। क्या यही देश के सिस्टम का काम रह गया, या वह और लोगों के मारे जाने की इंतजार में है। ये काम किसका है। रेलवे नेटवर्क केंद्र सरकार का एक महत्वाकांशी नेटवर्क है, जिसका संबंध सीधा आम जनता से जुड़ा है। इसी में कोई सुधार नहीं किया जाता। ये कैसी विडंबना है कि जिस विभाग के पास इतनी बड़ी जिम्मेदारी है, वह आंखें बंद करके कैसे बैठ सकता है। यह दुर्घटना देश के सबसे व्यस्त रेल मार्गों में से एक पर हुई है, जिसके कारण इस सेक्शन पर ट्रेनों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। 6 जून 1981 को बिहार में हुई रेल दुर्घटना को भारत के इतिहास की सबसे भयावह रेल त्रासदी माना जाता है। एक भीड़भाड़ वाली पैसेंजर ट्रेन, जिसमें 800 से अधिक यात्री सवार थे, बागमती नदी पर बने पुल से गुजर रही थी, तभी चक्रवात के कारण यह पटरी से उतर गई। ट्रेन के सात डिब्बे नदी में गिर गए, जिसके परिणामस्वरूप अनुमानित 500 से 800 लोगों की मौत हो गई। 20 अगस्त 1995 को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद के पास एक बड़ा हादसा हुआ, जब पुरुषोत्तम एक्सप्रेस ने खड़ी कलिंदी एक्सप्रेस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में करीब 350 लोगों की जान चली गई और सैकड़ों घायल हो गए। 2 अगस्त 1999 को पश्चिम बंगाल के गैसल स्टेशन के पास ब्रह्मपुत्र मेल और अवध असम एक्सप्रेस के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। इस हादसे में 285 से अधिक लोग मारे गए, जबकि 300 से ज्यादा घायल हुए। सितंबर 2002 में कोलकाता से नई दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस बिहार के औरंगाबाद जिले में धावे नदी पर बने पुल से गुजर रही थी, तभी यह हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन के कई डिब्बे नदी में गिर गए, जिसमें कम से कम 120 लोगों की मौत हुई। 2 जून 2023 को ओडिशा के बालासोर जिले में हुए ट्रेन हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया। इस दुर्घटना में बेंगलुरु-हावड़ा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, शालीमार-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी शामिल थीं। कोरोमंडल एक्सप्रेस एक स्थिर मालगाड़ी से टकरा गई, जिसके बाद इसके डिब्बे पटरी से उतर गए और दूसरी ट्रेन से जा टकराए। इस हादसे में 296 से अधिक लोगों की मौत हुई और 1,200 से ज्यादा घायल हुए। यह 21वीं सदी की सबसे घातक रेल दुर्घटनाओं में से एक थी।

### लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब अधूरा



भारत में राजनीति फैमिली बिजनेस बन गई है, जब तक राजनीति परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, तब तक लोकतांत्रिक सरकार का असली मतलब पूरा नहीं हो सकेगा, यह समय है, जब भारत को वंशवाद छोड़कर योग्यता आधारित व्यवस्था अपनानी चाहिए, इसके लिए कानूनी रूप से तय कार्यकाल, आंत. रिक पार्टी चुनाव और मतदाताओं को जागरूक करने जैसे मूलभूत सुधार जरूरी हैं, नेहरू-गांधी परिवा की विरासत आजादी के आंदोलन से जुड़ी है, लेकिन इसी कारण लोगों में यह सोच भी बढ़ी है कि राजनीति कुछ परिवारों का जन्मसिद्ध अधिकार है, जम्मू- कश्मीर में अब्दुल्ला और मुफ्ती परिवारों ने भी पीढ़ियों तक सत्ता संभाली है। इसके साथ उन्होंने देशभर की कई राजनीतिक परिवारों का उदाहरण दिया।

**-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

# बिहार में जंगलराज के गीत का पूरा सच





अमरेंद्र राय

बचपन में बच्चे जब छोटे होते थे तो और देर रात तक सोते नहीं थे तो माएं उन्हें डराकर सुलाया करती थीं कि सो जा नहीं तो हुंड़ार आएगा और ले जाएगा। मैंने कभी हुंड़ार देखा नहीं। यह भी नहीं जानता कि हुंड़ार होता भी है या नहीं। लेकिन तब गांवों में रात होते ही सियारों की आवाज आने लगती थी। दिमाग में एक कल्पना बस गई है कि हुंड़ार शायद सियार जैसा ही कोई जानवर होगा जो सियार से ज्यादा खतरनाक होगा। जो बच्चे थोड़ा बड़े हो जाते हैं और हुंड़ार के अस्तित्व पर सवाल खड़े करते, उन्हें माएं डराने के लिए लकड़सुंघवा (लकड़ी सुंघाकर बड़े झोले में डालकर ले जाने वाला) का डर दिखातीं। कहतीं-अगर शैतानी करोगे तो लकड़सुंघवा आएगा और ले जाएगा। बच्चा शक्तिमान की स्टाइल में कहता मैं बहादुर हूं, स्ट्रांग ब्वाय, फिर बड़ा भी हूं तो वो कैसे ले जाएगा। मां कहती उसके पास बहुत बड़ी झोली होती है उसमें डालकर ले जाएगा। बच्चे डर भी जाते और मां की बात मानकर सो जाते या शैतानी करना बंद कर देते।

आजकल बिहार में भी यही हो रहा है। आजकल क्या पिछले 25 सालों से यही हो रहा है। जब-जब चुनाव आते हैं बिहार में जंगल राज का डर दिखाकर लोगों को एनडीए को वोट देने को कहा जाता है। मैं यह तो नहीं कहूंगा कि हुंड़ार या लकड़सुंघवा की तरह काल्पनिक, झूठी बात का डर दिखाकर आम जनता को डराया जाता है लेकिन यह भी नहीं मानूंगा कि जंगलराज खत्म हो गया है और तेजस्वी-राहुल गांधी के महागठबंधन के आने से उसकी वापसी हो जाएगी। बल्कि सच यह है कि बिहार में जंगलराज लालू राज से पहले भी था, लालू के समय थोड़ा और उसमें वृद्धि हुई और वह आजतक मौजूद है। उसमें थोड़ी कमी जरूर आई लेकिन आप ए नहीं कह सकते कि जंगलराज बिहार में खत्म हो गया है और लालू-तेजस्वी-राहुल की वापसी के साथ उसकी भी वापसी हो जाएगी। मोकामा की जो घटना हुई है, उससे इस बात की सौ प्रतिशत पुष्टि हुई है। इससे पहले जो इक्का-दुक्का घटनाएं बीच में चर्चा में आती थीं उन्हें यह कहकर दबा दिया जाता था कि कुछ घटनाएं तो हर राज्य में हो जाती हैं। लालू राज की तरह नियमित नहीं होतीं। आखिर वो कौन सा पैमाना है जिसके आधार पर आप किसी राज को जंगलराज कहते हैं और किसी राज को सुशासन और मंगलराज। साल में सौ हत्या, दो सौ हत्या, पांच सौ हत्या, हजार हत्या, दो हजार हत्या, चार हजार हत्या? इसी तरह अपहरण, लूट, फिरौती और दूसरे अपराध। क्या कोई ऐसी क्राइटीरिया बनी है? पानी के मामले में ये मापदंड जरूर तय किया गया है। अगर पानी 98-100 डिग्री से ज्यादा गर्म हो जाएगा तो भाप बन जाएगा। इसी तरह तापमान जब शून्य डिग्री से नीचे, माइनस में पहुंचे तो वह बर्फ बन जाता है। लेकिन यह बात जंगलराज के बारे में तो आप नहीं कह सकते। एक मोटी धारणा यह है कि जब आपके चारो तरफ समाज में अपराध की घटनाएं बेइंतहां घटने लगें, लोगों का जीवन असुरक्षित हो जाए, कानून का राज खत्म हो जाए तो उसे जंगलराज कहने लगते हैं। तो क्या यह सब बिहार में लालू राज में ही था? अब नहीं है? न आम धारणा से इस बात की पुष्टि होती है न आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं। इसको समझने के लिए सबसे आसान, तथ्यपरक तरीका है एन सी आर बी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़ों को देखना जो लालू राज में थे और अब सुशासन बाबू के राज में सामने आ रहे हैं।

सबसे पहले 2025 की रिपोर्ट देखते हैं कि वह सुशासन बाबू (नीतीश कुमार- मोदी राज), एनडीए की बिहार में सरकार के बारे में क्या कहती है। 2025 में प्रकाशित एनसीआरबी की रिपोर्ट, बीजेपी-आरएसएस, जेडी यू और एनडीए के मजबूत वर्गों का कमजोर वर्गों पर बढ़ते शोषण और दमन तथा सुशासन के झूठे दावों की कलई खोलती है। एनसीआरबी पूरे देश की रिपोर्ट देता है, इसलिए पहले देश में अपराध की स्थिति और फिर उसमें बिहार की स्थिति देख लेते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार, जहां पूरे देश में कुल अपराध दर में वृद्धि हुई है, वहीं सभी गंभीर अपराधों में बीजेपी शासित राज्य, जिनमें बिहार भी शामिल है लगातार शीर्ष पर कायम हैं। 2025 में हत्या के मामले में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार शीर्ष पर हैं। और ये तीनों ही बीजेपी शासित राज्य हैं। अपहरण के मामले में भी यही तीनों राज्य शीर्ष पर हैं। बस क्रम बदल गया है। हत्या के मामले में बिहार जहां तीसरे नंबर पर है वहीं अपहरण में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। बिहार में अपहरण के 12 हजार 981 मामले हुए। महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में बिहार जरूर शीर्ष के तीन राज्यों में नहीं शामिल है लेकिन जिन राज्यों में सबसे ज्यादा महिलाओं के खिलाफ अपराध हुए हैं वे भी भाजपा के सुशासन के दावे वाले राज्य ही हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान। अपराध की जितनी श्रेणियां बनाई गई हैं उनमें ज्यादार मामलों में बीजेपी शासित राज्य ही शीर्ष पर हैं। आप ए न समझें कि ए सिर्फ 2025 में ही ऐसा हुआ है। बल्कि इससे पहले के वर्षों में भी ऐसा ही होता रहा है। बिहार अपराध के मामले में शीर्ष के राज्यों में हमेशा बना रहा है। 2024 की एनसीआरबी की रिपोर्ट जरूर इसका अपवाद है। इसमें बिहार अपराध के मामलों में शीर्ष दस राज्यों में नहीं आता, लेकिन बीजेपी शासित आठ राज्य शीर्ष अपराध वाले राज्यों में आते हैं। जैसे 2023 की एनसीआरबी की रिपोर्ट में बिहार हत्या के मामले में देश का दूसरा राज्य है। 2023 में बिहार में 2862 हत्याएं, 22952 महिलाओं के खिलाफ अपराध, बलात्कार के 902 मामले, अपहरण के 14371 केस और आदिवासियों के खिलाफ ज्यादती के 7178 मामले दर्ज किए गए। कुछ लोग कह सकते हैं कि लालू राज में तो हत्या के पांच-दस हजार मामले होते होंगे। तभी तो उनके राज को जंगलराज कहा गया। हाथ कंगन को आरसी क्या, पढ़े-लिखे को फारसी क्या। दोनों के शासन काल की तुलना आप खुद कर लीजिए। आंकड़े, एनसीआरबी के ही आपके सामने हम रख देते हैं। लालू राज की तुलना में नीतीश राज में अपराध जरूर थोड़े कम हुए हैं लेकिन इतना नहीं कि एक को जंगलराज कहें और दूसरे को मंगलराज। अगर आप लालू राज को जंगलराज कहेंगे तो नीतीश-मोदी के शासन को भी जंगलराज ही कहना पड़ेगा। यहां हम दोनों के शासन काल में हुई हत्याओं की बात कर रहे हैं। लालू के राज में 2001 में 3643 हत्याएं हुई और 2003 में वो बढ़कर 3771 हो गई। नीतीश के राज में भले हत्याओं का आंकड़ा 3700 तक न पहुंचा हो लेकिन इनके राज में भी हत्याएं खूब हुई। हजारों की तादाद में। 2007 में 3034, 2012 में 3566, 2019 में 3000, 2020 में 3150, 2021 में 2759, 2022 में 2930 और 2023 में 2862, एक बार केंद्रीय गृह राज्यमंत्री और भाजपा नेता नित्यानंद राय ने पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि लालू यादव और राजद के 15 वर्षों के शासन में 32,000 से अधिक अपहरण, 18,136 हत्याएं और 59 बड़े जातीय नरसंहार हुए। केंद्रीय मंत्री ने इसे बिहार के इतिहास का सबसे काला दौर बताते हुए कहा था कि यही असली जंगलराज था। नित्यानंद राय ने लालू राज की हकीकत तो बयान कर दी, लेकिन नीतीश और अपनी सरकार की हकीकत नहीं बताई। अगर वो बता देते तो इससे सिर्फ लालू राज का सच नहीं पूरा सच (नीतीश और बीजेपी शासन का भी) सामने आ जाता। बिहार में 2001 में 8520, 2005 में 7704, और 2020 में 9419 मामले दंगे के दर्ज हुए। वहीं 2005 से 2020 तक दंगों में लगभग 22।3 फीसदी की वृद्धि हुई। यह बताना नित्यानंद राय भूल गए। भूल नहीं गए बल्कि जानबूझ कर गोल कर गए ताकि उनके शासन काल की हकीकत किसी को पता न चल सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मोदी शाह के भाषणों में पीके पर हमला सुना क्या

पिछले साल पार्टी की स्थापना के भी पहले दो साल तक उन्होंने 665 दिनों तक 2,697 गांवों की पैदल यात्रा की थी। विधानसभा के रिक्त स्थानों के लिए पिछले नवंबर हुए उपचुनावों में उनके द्वारा खड़े किए गए चार उम्मीदवारों ने पांच से सैंतीस हजार वोट हासिल कर लिए थे। पिछली बार (2020) के चुनावों में 40 सीटें ऐसी थीं जिन पर फैसला दो प्रतिशत के मार्जिन से हुआ था। सरकार बनाने में तेजस्वी के महागठबंधन की हार सिर्फ पंद्रह सीटों से हुई थी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ADR की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा करोड़पति पीके की पार्टी में ही हैं। प्रशांत किशोर घोषणा कर चुके हैं कि इस बार नीतीश सरकार की छुट्टी होने वाली है।



श्रवण गर्ग

चौदह नवंबर को जिस रहस्य से पर्दा उठने वाला है वह यह नहीं होगा कि बिहार के कश्मकश भरे चुनावों में जीत किसकी होने वाली है। इस बात से उठेगा कि मोदी, ममता, केजरीवाल आदि नेताओं को जिताकर सरकारें बनवाने वाले चुनावी कंसलटंट प्रशांत किशोर (पीके) अपने दावे के मुताबिक खुद की पार्टी को 150 सीटें नहीं दिला पाते हैं तो फिर किस दल को हराने की उन्होंने सुपारी ली थी। प्रशांत किशोर दावे करते नहीं थकते कि उन्होंने 2014 में मोदी जी को, 2017 में अमरिंदर सिंह, 2019 में उद्धव-जगन, 2020 में केजरीवाल और 2022 में ममता को जितवाया था।

प्रशांत किशोर जानते हैं कि उनकी जन सुराज पार्टी का अगर वही हश्र हुआ जो पिछले चुनाव में चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी का हुआ था तो न सिर्फ उनकी चुनावी कन्सल्टेंसी खतरे में पड़ जाएगी बिहार की राजनीति में भी वे हाशिए पर आ जाएंगे। अत: मानकर चलना चाहिए कि वे इतना बड़ा जुआं किसी बड़े दांव के लिए ही खेल रहे हैं, तो क्या नीतीश की नाराजी दरकिनार कर चुनाव लड़ रही बीजेपी के अंदर पक रहा आत्मविश्वास प्रशांत किशोर के चमत्कार के भरोसे है? साल 2015 में जेडी (यू) को जितवाकर नीतीश को मुख्यमंत्री बनवाने वाले पीके के इस कथन पर गौर किया जाना चाहिए कि जो पुरोहित विवाह संपन्न करवाता है वही श्राद्ध भी निपटाता है। बिहार विधानसभा चुनावों की सबसे ज्यादा जमीनी तैयारी अगर किसी एक व्यक्ति ने की है तो वे प्रशांत किशोर हैं। पिछले साल पार्टी की स्थापना के भी पहले दो साल तक उन्होंने 665 दिनों तक 2,697 गांवों की पैदल यात्रा की थी। विधानसभा के रिक्त स्थानों के लिए पिछले नवंबर हुए उपचुनावों में उनके द्वारा खड़े किए गए चार उम्मीदवारों ने पांच से सैंतीस हजार वोट हासिल कर लिए थे। पिछली बार (2020) के चुनावों में 40 सीटें ऐसी थीं जिन पर फैसला दो प्रतिशत के मार्जिन से हुआ था। सरकार बनाने में तेजस्वी के महागठबंधन की हार सिर्फ पंद्रह सीटों से हुई थी। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ADR की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा करोड़पति पीके की पार्टी में ही हैं। प्रशांत किशोर घोषणा कर चुके हैं कि इस बार नीतीश सरकार की छुट्टी होने वाली है। किसकी सरकार बनेगी यह जनता तय कर करेगी। पीके की भविष्यवाणी के पीछे निश्चित ही कोई ठोस आधार होना चाहिए। उनके घोषित गणित पर यकीन करना हो तो महागठबंधन और एनडीए दोनों के वोट शेयर लगभग बराबर हैं। दोनों के पास 36-36 प्रतिशत वोट शेयर है। अत: बाकी 28 प्रतिशत की जगह उनकी पार्टी के लिए खाली है। क्या बीजेपी और प्रशांत दोनों के आत्मविश्वास एक ही डोर से बंधे नहीं हो सकते? प्रशांत किशोर और चिराग दोनों द्वारा ही चुनाव न लड़ने की घोषणा को नतीजों के बाद ही डी-कोड किया जा सकेगा। दोनों ने पहले चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा की थी। तो क्या फैसला बीजेपी के दबाव में बदला गया? ध्यान रखा जाना चाहिए कि तेजस्वी, चिराग और प्रशांत तीनों के बीच सिर्फ पांच-पांच साल का फर्क है। तीनों महत्वाकांक्षी हैं। चिराग ज्यादा कुछ नहीं कर पाएं तो भी इसलिए फर्क नहीं पड़ेगा कि वे केंद्र में मंत्री हैं।तेजस्वी को बिहार की राजनीति में ही रहना है। विपरीत नतीजों का सबसे ज्यादा असर प्रशांत के प्रोफेशनल और पोलिटिकल करियर पर पड़नेवाला है। मोदी जी को छोड़ दें तो अपनी कन्सल्टेंसी के जरिए जिन-जिन नेताओं को सत्ता में लाने का दावा प्रशांत किशोर करते हैं उनमें से अब सिर्फ दो बड़े ही बचे हैं- नीतीश और ममता। बीज. पी की मदद के लिए इस चुनाव में वे अगर नीतीश को सत्ता से बाहर करवा देते हैं तो हो सकता है अगले साल ममता का नंबर लगा दें। राहुल जानते हैं प्रशांत किशोर को उन्होंने भाव नहीं दिया था और वे कांग्रेस से नाराज हैं। कहीं तो नोट किया ही जा रहा होगा कि मोदी और शाह अपनी सभाओं में न तो प्रशांत पर हमला कर रहे हैं और न ओवैसी पर। दाल में कुछ तो काला होना ही चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सौंदर्य को कई गुना निखार देता है विटामिन सी



शहनाज हुसैन

अगर आप अपने सौन्दर्य बिशेष्ज्ञ को त्वचा के लिए बेहतरीन प्रकृतिक खाद्य पदार्थों के बारे में पूछेंगी तो विटामिन सी की खुराक शायद सबसे टॉप पर होगी। विटामिन सी को शरीर में सप्लीमेंट या डाइट द्वारा ही लिया जा सकता है तथा इसकी शरीर में प्रकृतिक रूप में उत्पति नहीं होती। विटामिन सी की गणना सबसे प्रभाबी और सुरक्षित पौषक तत्वों में की जाती है जोकि आंबला और अमरुद जैसे शाकाहारी भोज्य पदार्थों में सर्बाधिक पाया जाता है। यह पालक ,मूली , अंकुरित अनाज, संतरे, हरी और लाल मिर्च, ब्रॉक्ली, पपीते, स्ट्रॉबेरी, अनानास, कीवी और आम जैसे फलों, सब्जियों में भरपूर मात्रा में पाया जाता है। डॉक्टरों की मानें तो व्यस्क पुरष को रोजाना 90 मिली ग्राम और महिला को रोजाना 75 मिलीग्राम विटामिन सी का सेवन करना चाहिए। गर्भबती महिलाओं को लगभग 85 मिलीग्राम तथा स्तनपान करबाने बाली महिलाओं को रोजाना 120 मिलीग्राम विटामिन सी की जरूरत होती है और इससे ज्यादा विटामिन सी का सेवन करने से दस्त, उल्टी, पेट दर्द, सिर दर्द, पथरी आदि कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। डॉक्टरों के अनुसार विटामिन सी की शरीर में अधिकता से कोई विषाक्त और हानिकारक प्रभाब नहीं पड़ता क्योंकि जल में घुलनशील होने की बजह से इसका उतसर्जन शरीर में मूत्र के द्वारा हो जाती है। विटामिन सी दिल की बिमा. रियों, एनीमिया, कोलेस्ट्रोल, मोतियाबिन्द और डायबिटिक जैसी बिमारियों को ठीक करने के लिए भी काफी मददगार साबित होती है। विटामिन सी की कमी से जोड़ों का दर्द, दांतों में दर्द, मसूड़ों से खून बहना, थकान ध्कमजोरी आदि की अनेक समस्याएं सामने आती हैं। त्वचा की देखभाल तथा सौन्दर्य के लिए आप अकसर महंगें सौन्दर्य प्रसाधनों तथा फेशियल और क्लीजिंग जैसे ब्यूटी ट्रीटमेंट की ओर रुख करती है। जबकि बास्तविकता यह है कि स्वस्थ्य और नर्म, मुलायम त्वचा के लिए जिम या पार्लर जाने की ज्यादा जरूरत जरूरत नहीं है। अगर आप रोजना सुबह विटामिन सी का उपयोग करती है तो आपको स्वास्थ्य तथा सौन्दय्र दोनों एक साथ मिल सकते है। विटामिन सी के प्रतिदिन सेवन से आप प्राकृतिक तौर पर आकर्षक तथा चुस्त दिखेगी। प्रतिदिन सुबह अपने नाश्ते में नीबूं, संतरा, आमला, अंकुरित अनाज, टमाटर तथा अंगूर आदि शामिल करने से आप बढ़ती उम्र की समस्या का सामना कर सकती है। विटामिन सी के सेवन से शरीर में कोलेजन का निर्माण होता है जिससे त्वचा में कसाहट तथा कोमलता पैदा होती है जिससे चेहरें पर पड़ने वाली झुर्रियों को रोका जा सकता है तथा सूरज की किरणों तथा वातावरण में विद्यमान प्रदूषण से त्वचा को हुए नुकसान की भरपाई की जा सकती है। विटामिन सी का सेवन यकृत अमाशय, सर्दी, जुकाम, न्यूमोनिया में असरकारक साबित होता है। विटामिन सी का उपयोग शरीर और सौन्दर्य दोनों के लिए लाभकारी है। अनेक वैज्ञानिक शोधों में यह पाया गया है कि विटामिन सी के नियमित सेवन से आप मुलायम त्वचा, चमकीले बाल, आकर्षक आंखें तथा छरहरा बदन पाने के साथ ही अनेक रोगों से मुक्ति भी पा सकती है। बालों के स्वास्थ्य के लिए विटामिन सी अत्यन्त प्रभाबी बिकल्प माना जाता है शरीर में विटामिन सी की कमी से डैंड्रूफ, दो मुहें बाल, रूखेपन जैसी बालों की समस्याएं सामने आती हैं। विटामिन सी के नियमित सेवन से सिर में रक्त संचार बढ़ता है और आप के बाल लम्बे, मुलायम और खूबसूरत दिखने लगते हैं। सबसे पहले अगर हम त्वचा को ले तो सामान्य त्वचा बरकरार रखने के लिए हमें प्रतिदिन उचित पौषाहार की जरूरत होती है। त्वचा की सेहत तथा यौवनता व त्वचा को कोशिकाओं के पुर्ननिर्माण के लिए विटामिन सी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को सु.ढ़ करके हमारी त्वचा को लचीला , सुदृढ़ तथा आकर्षक बनाते है। विटामिन सी के आहार में शामिल करने से सूर्य की किरणों से बचाव के लिए त्वचा पर प्रयोग की गई सनस्क्रीन को ज्यादा प्रभाबी बनाने में मदद मिलती है।

विटामिम-सी की कमी जवान उम्र में ही चेहरे पर झुर्रियां पड़नी शुरू हो जाती है तथा त्वचा में रूखापन आना शुरू हो जाता है जिससे त्वचा बेजान हो जाती है। आमला में सर्वाधिक मात्रा में विटामिन-सी पाया जाता है। आयुर्वेदिक में आमला को अनेक रोगों के उपचार में रामबाण बताया गया है। आमला में विद्यमान प्रचुर मात्रा में विटामिन सी गर्मियों में लू आदि से बचाने में अत्यन्त सहायक होता है। प्रत्येक सुबह आमला जूस को पानी में मिलाकर पीने से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा सूर्य की गर्मी से झूलसी त्वचा तथा अन्य त्वचा रोगों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। अपने सौन्दर्य को निखारने के लिए फलों को अपने आहार विशेषकर ब्रेकफास्ट का अभिन्न अंग बनाईए। प्रत्येक सुबह गर्म पानी में नीबूं रस मिलाकर पीने से शरीर में विषैले प्रदार्थ बाहर निकलते है तथा पाचन तंत्र को सु.ढ़ होता है। जिससे चेहरे की आभा में निखारे आता है तथा चेहरे की रंगत साफ होती है। नीबूं को अनेक सौन्दर्य समस्याओं के निदान में उपयोग में लाया जा सकता है लेकिन नींबू रस को हमेशा पानी में मिलाकर ही प्रयोग में लाए क्योंकि गाढ़ा नीबूं का रस त्वचा में रूखापन ला सकता है। नीबूं के रस से धूप की तपसध्जलन से त्वचा पर पड़े काले धब्बों को मिटाने में मदद मिलती है तथा इसे हैंड लोशन की तरह भी प्रयोग किया जा सकता है। नीबूं के रस को गुलाब जल में मिलाकर हाथ में रगड़ने से हाथों की रंगत में निखार आता है तथा त्वचा मुलायम हो जाती है। अगर आपके हाथों की त्वचा सख्त या खुरदरी है तो नीबूं रस को दानेदार चीनी में मिलाकर इस मिश्रण को हाथों पर रगडेघ तथा इससे आपके हाथ मुलायम, चमकदार, आकर्षक हो जाएेगे। अन्य खट्टे फलों की तरह अंगूर स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ-साथ सौन्दर्य निखारने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। अंगूर त्वचा की रंगत को निखारते है तथा प्रभावी क्लीजिंग के रू प में असरकारक साबित होते है। अंगूरों के रस को त्वचा पर लगाने के 20 मिनट बाद साफ ताजे पानी से धो डालिए। यह तैलीय तथा कील मुंहासे से प्रभावित त्वचा के लिए अत्यन्त लाभदायक साबित होगा तथा त्वचा के छिद्रों को कसने में मददगार होते है।

संतरे में विटामिन-सी प्रचूर मात्रा में पाया जाता है। संतरे को अपने आहार में शामिल करने के साथ ही बाहरी त्वचा के निखार में भी उपयोग में लाया जा सकता है। संतरे के जूस को फेस पैक में मिलाने या उसे सीधे अपने चेहरे पर लगाने से त्वचा के एसिड-एलकलाईन संतुलन को बनाने में मदद मिलती है। जिससे चेहरे पर काले धब्बे मिटते है तथा चेहरे की रंगत साफ होती है । संतरे के छीलके में फल की अपेक्षा विटामिन-सी की प्रचुरता कही ज्यादा होती है। त्वचा के छिद्रों को कसने तथा तेल को सोखने के लिए सूखे तथा संतरे के छिलको के पाऊडर को स्क्रब तथा मास्क की तरह उपयोग में लाया जा सकता है। संतरे के छिलक के पाऊडर को मिल्क क्रीम या दही मिलाने से श्रेणी की स्क्रब बनाया जा सकता है। संतरे के छिलको के पाऊडर में मुलतानी मिट्टी तथा गुलाब जल मिलाकर बने पेस्ट को त्वचा पर लगाने से कील मुंहासों, फोडेघ, फुन्सी तथा अन्य त्वचा सम्बन्धी विकार को दूर करने में मिलती है।

विश्व के सौन्दर्य विशेषज्ञ विटामिन-सी को सौन्दर्य निखारने में चमत्कारी मानते है। विटामिन सी को विटामिन ई या फेरुलिक एसिड जैसे दूसरे एन्टी ऑक्सीडेंट से मिलाकर लेने से चेहरे की झुर्रियों ,त्वचा की रंगत निखारने , फ्री रैडिकल्स से बचाब के लिए ज्यादा प्रभाबी बनाया जा सकता है। इसे विटामिन बी या ह्यलुरॉनिक एसिड से मिलाकर भी लिया जा सकता है लेकिन विटामिन सी को रेटिनॉल से मिलाकर लेने से परहेज करें और अगर आप दोनों को लेना चाहती हैं तो दोनों के उपयोग में न्यूनतम आधे घण्टे का अन्तर जरूर रखें।

# अमेरिका में शटडाउन से हवाई यात्रा ठप

## एयर ट्रैफिक कंट्रोलर काम छोड़ रहे, देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों में भारी देरी हो रही


रिपोर्ट: कंट्रोलर अब अतिरिक्त काम या दूसरी नौकरियां करने को मजबूर हैं, ताकि घर का खर्च चला सकें

**वाशिंगटन।** अमेरिका में सरकारी शटडाउन के 34 दिन पूरे हो चुके हैं और इसका असर अब देश के हवाई यातायात पर गहराई से दिखने लगा है। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर और टीएसए कर्मी बिना वेतन के काम कर रहे हैं, कई कर्मचारी काम पर नहीं लौट रहे, जिससे देशभर के प्रमुख हवाई अड्डों पर उड़ानों में भारी देरी हो रही है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, कंट्रोलर अब अतिरिक्त काम या दूसरी नौकरियां करने को मजबूर हैं ताकि घर का खर्च चला सकें। इस कारण हवाई अड्डों पर लंबी कतारें और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। नेशनल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निक डेनियल्स ने बताया कि लंबे शटडाउन से कर्मचारियों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा हर गुजरते दिन के साथ हवाई प्रणाली पहले से कम सुरक्षित हो रही है। हमसे उम्मीद की जाती है कि हम 100 प्रतिशत फोकस के साथ काम करें, लेकिन जब दिमाग में किराए और बिलों की चिंता हो, तो यह संभव नहीं। अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने बताया कि उड़ानों में देरी एक सुरक्षा उपाय है। उन्होंने कहा स्टाफ की कमी से सिस्टम में जोखिम बढ़ा है। अगर हालात असुरक्षित हुए तो हम पूरा एयरस्पेस बंद कर देंगे। फिलहाल हम देरी झेल रहे हैं, लेकिन सुरक्षा से समझौता नहीं करेंगे। शिकागो, डेनवर, ह्यूस्टन और नेवार्क जैसे बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानों में व्यापक देरी हो रही है। ह्यूस्टन के बुश इंटरकांटिनेंटल एयरपोर्ट ने यात्रियों को चेतावनी दी है कि टीएसए जांच में तीन घंटे तक लग सकते हैं। के2 सिक्योरिटी स्क्रीनिंग ग्रुप के उपाध्यक्ष कीथ जेफ्रीज ने बताया कि टीएसए कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगातार बढ़ रही है क्योंकि कई कर्मी अब निजी जरूरतों को प्राथमिकता दे रहे हैं। वहीं, एंब्री-रिडल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर माइक मैककार्मिक ने कहा कंट्रोलर यह समझ रहे हैं कि अगर वे 100 प्रतिशत फोकस में नहीं हैं, तो काम पर न जाना ही बेहतर है। यही फैसला फिलहाल सिस्टम को सुरक्षित रखे हुए है। यूएस ट्रैवल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एरिक हैनसेन ने कहा हम सुरक्षा से समझौता नहीं कर रहे, लेकिन अब यात्रियों के लिए उड़ानों की पूर्वानुमेयता खत्म हो गई है। लोग तय समय पर कहीं नहीं पहुंच पा रहे। यूनियन प्रमुख निक डेनियल्स ने कांग्रेस और प्रशासन से अपील की हमारा संदेश साफ है-सरकार को तुरंत खोला जाए। अब और इंतजार नहीं किया जा सकता।

## जिनपिंग ने की रूसी पीएम मिखाइल मिशुस्तिन से मुलाकात

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने मंगलवार को यहां रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन से मुलाक. ात की और दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने तथा विकास रणनीतियों में बेहतर तालमेल पर सहमति जताई। जिनफिंग ने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत से ही चीन और रूस ने जटिल अंतर्राष्ट्रीय माहौल के बावजूद दृढ़ता और संयम के साथ आगे बढ़ते हुए उच्च स्तर और बेहतर गुणवत्ता वाले विकास लक्ष्यों को साधा है। उन्होंने जोर दिया कि द्विपक्षीय संबंधों को बनाए रखना, सुदृढ़ करना और आगे बढ़ाने पर दोनों देशों सहमत हैं। चीनी राष्ट्रपति ने यह भी उल्लेख किया कि इस वर्ष रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हुई बैठकों के दौरान दोनों देशों के संबंधों के लिए नई रूपरेखाएं तैयार की गईं।


गुरुग्राम। धुंध की मोटी परत के कारण कम दृश्यता के बीच एक महिला स्कूटर चलाती हुई।

## सूडान में आरएसएफ के ड्रोन हमलों में 20 लोगों की मौत

**खार्तूम।** मध्य और पश्चिमी सूडान में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) द्वारा किए गए दो अलग-अलग ड्रोन हमलों में सोमवार को कम से कम 20 लोग मारे गए और 34 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी स्वयंसेवी समूहों ने दी। स्वयंसेवी समूहों के अनुसार, हमलों का लक्ष्य मध्य उत्तरी कोर्डोफन राज्य में एक नागरिक सभा और पश्चिमी उत्तरी दारफुर राज्य में एक बच्चों का अस्पताल था। स्वयंसेवी समूह नॉर्थ कोर्डोफन प्रतिरोध समिति ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने सोमवार को एक ड्रोन से नॉर्थ कोर्डोफन की राजधानी एल ओबेद से लगभग 15 किलोमीटर पूर्व में अल-लुलिब क्षेत्र को निशाना बनाया जिसमें 13 नागरिक मारे गए और 29 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। क्षेत्र के एक प्रत्यक्षदर्शी ने शिन्हुआ से कहा कि हमले में शोक व्यक्त करने के लिए आयोजित एक बड़ी नागरिक सभा को निशाना बनाया गया जिसके कारण बड़ी संख्या में लोग मारे गए और घायल हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में तीन आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। सेना ने यह जानकारी दी है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि ये आतंकवादी दो सैन्य अभियानों में मारे गए हैं। पहला अभियान रविवार को उत्तरी वजीरिस्तान जिले के एशम इलाके के पास हुआ, जहां सैनिकों ने अफगानिस्तान से पाकिस्तान में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे आतंकवादियों की गतिविधियों का पता लगाया।

### चीन में धोखाधड़ी के दोषियों को सुनाई मौत की सजा

**शेन्ज़ेन।** चीन की एक अदालत ने धोखाधड़ी करके लोगों को नुकसान पहुंचाने में लिप्त पांच लोगों को मौत की सजा सुनाई है। गुआंगदोंग प्रांत के शेन्ज़ेन इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट के सोमवार को दिए गए फैसले के अनुसार, यह गिरोह धोखाधड़ी करने के अलावा जानबूझकर हत्या करने और चोट पहुंचाने जैसे गंभीर अपराधों में भी शामिल था। इस गिरोह की आपराधिक गति. विधियों के कारण छह चीनी नागरिकों की मौत हुई जबकि एक व्यक्ति ने इन लोगों की वजह से व्यथित होकर आत्महत्या कर ली।

### बांग्लादेश में 24 घंटों में डेंगू के 1147 नए मामले दर्ज

**ढाका।** बंगलादेश में पिछले 24 घंटों में डेंगू के 1147 नए मामले सामने आए हैं और पांच नई मौतें हुई हैं। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को दी। आंकड़ों के अनुसार, नवम्बर में अब तक डेंगू के 2960 मामले दर्ज किए गए जिससे इस वर्ष अब तक कुल मामलों की संख्या 72822 हो गई तथा मरने वालों की संख्या 288 हो गई। डेंगू बुखार, जो आमतौर पर बंगलाद. ेश में मानसून के मौसम में होने वाली बीमारी है, अब जून-सितम्बर की अवधि से आगे भी फैल रहा है।

### कामचटका के पूर्वी तट पर 6.0 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** रूस के सुदूर पूर्व में स्थित प्रायद्वीप कामचटका के पूर्वी तट पर मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार 03:45 बजे पर 6.0 तीव्रता का भूकंप आया। यह जानकारी जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने दी। भूकंप का केन्द्र, 10.0 किमी की गहराई पर, शुरुआत में 52.33 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 160. 17 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया।

# ममदानी को चुना, तो फंडिंग बंदः ट्रम्प

## न्यूयॉर्क मेयर की रेस में सबसे आगे हैं ममदानी, कई सर्वे में ममदानी जीत के सबसे बड़े दावेदार, वोटिंग शुरू




■ वोटिंग के 1-2 दिन बाद शुरुआती नतीजे आते हैं, लेकिन अंतिम रिजल्ट आने में लगभग 1 हफ्ता लग सकता है
■ पूर्व गवर्नर एंड्रू कुओमो डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं, लेकिन निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं

**न्यूयॉर्क।** भारतीय समय के मुताबिक 3.30 बजे मेयर पद के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। कई सर्वे में ममदानी जीत के सबसे बड़े दावेदार हैं। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि अगर ममदानी चुनाव जीतते हैं तो न्यूयॉर्क को मिलने वाली फंडिंग कम कर दी जाएगी। न्यूयार्क सिटी में रैंक चाइस वोटिंग सिस्टम लागू है। इसमें वोटर तीनों उम्मीदवारों को पसंद के क्रम में रैंक कर सकता है (1,2,3)। अगर किसी को पहली पसंद में 50 प्रतिशत वोट नहीं मिलते, तो सबसे कम वोट पाने वाला बाहर हो जाता है और उसके वोट दूसरी पसंद के आधार पर बांटे जाते हैं।

यह तब तक चलता है जब तक कोई उम्मीदवार 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं पाता। वोटिंग के 1-2 दिन बाद शुरुआती नतीजे आते हैं, लेकिन अंतिम रिजल्ट आने में लगभग 1 हफ्ता लग सकता है, क्योंकि मेल-बैलट्स और अनुपस्थित वोटों की गिनती बाद में होती है। अगर ममदानी जीतते हैं, तो वे पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर बनेंगे। ममदानी की जीत के रास्ते में 2 लोग खड़े हैं। न्यूयॉर्क के पूर्व गवर्नर एंड्रू कुओमो खुद भी डेमोक्रेटिक पार्टी से हैं, लेकिन निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। कुओमो का कहना है कि ममदानी की नीतियां इतनी खतरनाक हैं कि अगर वे जीते तो शहर में चल रहे बिजनेस तबाह हो जाएंगे। इसके जवाब में ममदानी उन्हें 'ट्रम्प की कठपुतली' करार दे चुके हैं। ममदानी के दूसरे विरोधी रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा हैं। वे ममदानी और कुआ. ेमो दोनों को शहर के विकास का विरोधी बता चुके हैं। पिछले महीने हुई डिबेट में सिल्वा ने दोनों पर तंज कसा, जोहरान तुम्हारा रिज्यूमे एक नैपकिन में समा जाएगा और एंड्रयू तुम्हारी नाकामियां इतनी हैं कि पूरी लाइब्रेरी भर जाएगी। हालांकि सर्वे में न्यूयार्क के पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो ममदानी के मुकाबले काफी पीछे रह गए हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी से कर्टिस स्लिवा के भी जीतने की संभावना काफी कम है। ममदानी राजनीति में आने से पहले हिप-हाप रैपर थे। उनका सबसे मशहूर गाना 'कांडा' था, जो युगांडा में वायरल हुआ। इस गाने में युगांडा की राजधानी कम्पाला की जिंदगी और युवाओं की चुनौतियों को दिखाया गया था। ममदानी कहते हैं कि संगीत के जरिए उन्होंने पहली बार महसूस किया कि समाज में असमानता और पहचान की राजनीति पर आवाज उठाना जरूरी है। कॉलेज से निकलने के बाद ममदानी क्वींस चले गए। यहां उन्होंने प्रवासियों, किराएदारों और ब्लैक लाइव्स मैटर जैसे आंदोलनों में हिस्सा लिया। इसी दौरान साल 2017 में ममदानी ने डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ अपनी राजनीति की शुरुआत की। 2020 में वो न्यूयार्क स्टेट असेंबली के लिए चुने गए। 2022 और 2024 में उन्हें निर्विरोध जीत मिली। अपने कार्यकाल के दौरान ममदानी ने ऐसे मुद्दे उठाए जो सीधे आम लोगों से जुड़े थे। इससे उन्हें खूब पापुलैरिटी मिली।

## अमेरिका ने दी परमाणु परीक्षण पर सफाई

■ सिस्टम टेस्ट होगा, परमाणु विस्फोट नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने स्पष्ट किया है कि हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने परमाणु हथियार परीक्षणों की जो बात कही है उसमें वास्तविक रूप से परमाणु विस्फोट नहीं बल्कि 'सिस्टम टेस्ट' होगा। राइट ने फॉक्स न्यूज़ के कार्यक्रम 'द संडे ब्रीफिंग' में एक सवाल के जवाब में बताया कि ये परीक्षण अमेरिका के परमाणु शस्त्रागार के आधुनिकीकरण कार्यक्रम का हिस्सा हैं। उनके अनुसार कि हम जिन परीक्षणों की बात कर रहे हैं, वे सिस्टम टेस्ट हैं, न कि परमाणु विस्फोट। इन्हें 'नॉन-क्रिटिकल एक्सप्लोजन' कहा जाता है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षणों के जरिए हथियारों के विभिन्न हिस्सों को जांचा जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 'आवश्यक संरचना और विस्फोट की तैयारी' की जरूरतों को सही ढंग से पूरा करते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेवादा रेगिस्तान के पास रहने वाले लोग विस्फोट के बाद बनने वाले मशरूम आकार के बादल की चपेट में आ सकते हैं तो उन्होंने कहा इस बारे में कोई चिंता नहीं है।

## भारतीय मूल के व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर रोक


■ हत्या के झूठे आरोप में 43 साल जेल में रहना पड़ा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अदालतों ने भारतीय मूल के उस व्यक्ति की देश निकाला प्रक्रिया पर रोक लगा दी है, जिसे एक हत्या के झूठे आरोप में 43 साल जेल में रहना पड़ा। 64 वर्षीय सुब्रमण्यम वेदम की हत्या की सजा को इसी साल अदालत ने रद्द कर दिया था। वेदम जब सिर्फ 9 महीने के थे, तब अपने माता-पिता के साथ कानूनी रूप से अमेरिका पहुंचे थे। उनके पिता पेनसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी में शिक्षक थे। अमेरिकी इमिग्रेशन जज ने गुरुवार को आदेश दिया कि जब तक बोर्ड ऑफ इमिग्रेशन अपील्स उनका केस नहीं देखता, तब तक वेदम को निर्वासित नहीं किया जाएगा।

उनके वकीलों ने पेनसिल्वेनिया की जिला अदालत से भी राहत पाई, जिससे मामला फिलहाल स्थगित हो गया है। वेदम को 1980 में अपने दोस्त थामस किंसर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गवाहों और सबूतों के अभाव में भी उन्हें दो बार दोषी ठहराया गया। लेकिन अगस्त 2024 में अदालत ने नई बैलिस्टिक जांच रिपोर्ट के आधार पर उनकी सजा रद्द कर दी। 3 अक्टूबर को जेल से रिहाई के बाद, उन्हें सीधा इमिग्रेशन अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया। फिलहाल वे लुइसियाना के एलेक्जेंड्रिया डिटेंशन सेंटर में रखे गए हैं, जो निर्वासन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट वेदम को एक पुराने मामले के चलते निर्वासित करना चाहती है। करीब 20 साल की उम्र में उन्होंने एलएसडी ड्रग केस में 'नो कान्टेस्ट' प्लिया दी थी। वेदम के वकील कहते हैं कि उन्होंने 43 साल जेल में निर्दोष रहते हुए बिताए, जहां उन्होंने शिक्षा हासिल की और कैदियों को पढ़ाया भी इसलिए उनका पुराना मामला अब महत्वहीन है। लेकिन अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग का कहना है कि हत्या का केस रद्द होने से ड्रग केस की सजा खत्म नहीं होती।

# रूस के सहयोग से आठ नए परमाणु संयंत्र बनाएगा ईरान

## ईरानी राष्ट्रपति बोलेः हथियार विकसित नहीं करेंगे


■ ईरान-रूस के बीच बुशहर में चार और उत्तरी व दक्षिणी तटरेखाओं पर चार अन्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के साझा निर्माण के लिए नया समझौता हुआ है: मौ. इस्लामी

**तेहरान।** ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने घोषणा की है कि तेहरान अपना स्वच्छ-सतत ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के तहत रूसी मदद से 8 नए परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का निर्माण करेगा। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम व हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बात उन्होंने ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन के दौरे पर कही।

इस्लामी ने कहा, ईरान-रूस के बीच बुशहर में चार और उत्तरी व दक्षिणी तटरेखाओं पर चार अन्य परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के साझा निर्माण के लिए नया समझौता हुआ है। इसके सटीक स्थानों की घोषणा सरकार जल्द करेगी। ये संयंत्र स्थिर-स्वच्छ परमाणु ऊर्जा की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे और ईरान को परमाणु ऊर्जा से 20,000 मेगावाट बिजली उत्पादन बढ़ाने में सक्षम बनाएंगे। इस्लामी ने कहा, ईरान के उत्तरी प्रांत गोलेस्तान के तट पर एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण शुरू हो गया है। खुजेस्तान प्रांत में एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य भी पूरा करने की योजना है, जिसका निर्माण 1979 की इस्लामी क्रांति से पहले शुरू हुआ था। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा, बम बनाना इस क्षेत्र का एक छोटा, असंगत और अमानवीय हिस्सा है, जबकि बाकी आवश्यक मानवीय आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। वह बोले, पश्चिमी शक्तियां ईरान सहित स्वतंत्र देशों को उन्नत तकनीक से वंचित करना चाहती हैं, जिसका उद्देश्य आश्रित देशों को असेंबली उद्योगों के स्तर तक ही सीमित रखना है। ईरानी वैज्ञानिकों को निशाना बनाकर की जा रही शत्रुता व हत्याएं, ईरान की वैज्ञानिक और तकनीकी स्वतंत्रता के प्रति प्रमुख शक्तियों के डर से उपजी हैं।

## 22 करोड़ महिलाएं गर्भनिरोधक उपायों से वंचितः संयुक्त राष्ट्र

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार 1990 के बाद से दुनिया भर में आधुनिक गर्भनिरोधक तरीकों का उपयोग दोगुना हो गया है। लेकिन करीब 22.4 करोड़ महिलाएं खासकर, विकासशील देशों में अब भी सुरक्षित और प्रभावी परिवार नियोजन साधनों का उपयोग नहीं कर पा रही हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आधु. निक गर्भनिरोधक उपायों का बढ़ता उपयोग एक बड़ी स्वास्थ्य सफलता है। इससे लाखों युवाओं को अनचाही गर्भावस्था से बचने और अपने भविष्य के बारे में फैसला करने की आजादी मिली है। हालांकि यूएनएफपीए ने चेतावनी दी है कि बहुत से लोगों के लिए अब भी यह मूल मानव अधिकार 'बच्चों को जन्म देने या न देने का फैसला' सीमित बना हुआ है।

## अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति डिक चेनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। समाचार एजेंसी रायटर्स के अनुसार, चेनी की मौत स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण हुई। वे लंबे समय से दिल की बीमारी से जूझ रहे थे।



आप सभी को श्री गुरु नानक देव
जयंती प्रकाश
पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं
बधाई
मनजीत सिंह
(वरिष्ठ नेता)
भारतीय जनता पार्टी, पीलीभीत

## नेपाल में भीषण हिमस्खलन सात पर्वतारोहियों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के दोलखा जिले के रोलवालिंग पर्वत श्रृंखला में सोमवार सुबह आए भीषण हिमस्खलन में सात पर्वतारोहियों की मौत हो गई है। मरने वालों में पांच विदेशी और दो नेपाली नागरिक शामिल हैं, जबकि चार नेपाली पर्वतारोही अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। दोलखा ज़िला पुलिस कार्यालय के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 8:30 बजे उस समय हुआ जब 15 सदस्ईय टीम यालुंग री चोटी की ओर बढ़ रही थी। इस टीम में पांच विदेशी पर्वतारोही और दस नेपाली गाइड शामिल थे। हिमस्खलन की चपेट में आने से पूरी टीम बर्फ में दब गए। लेकिन खराब मौसम और संचार बाधित होने के कारण समय पर बचाव अभियान नहीं चलाया जा सका। दोलखा के पुलिस उपाधीक्षक ज्ञान कुमार महतो ने बताया कि मारे गए विदेशी पर्वतारोहियों में तीन फ्रांसीसी, एक कनाडाई और एक इतालवी नागरिक शामिल हैं। महतो के अनुसार, टीम का मूल लक्ष्य दोल्मा कांग पर्वत पर चढ़ना था, लेकिन उससे पहले यालुंग री को उन्होंने अभ्यास पर्वतारोहण के रूप में चुना था।

# बांग्लादेश में चुनाव से पहले सियासत तेज

## राजनीतिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी ने पिछली गलतियों के लिए देशवासियों से मांगी माफी


■ फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों से पहले यह माफी कई राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है

**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टी जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के अमीर शफीकुर रहमान ने अपनी पार्टी की श्पुरानी गलतियोंश के लिए बिना शर्त माफी मांगी है। फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों से पहले यह माफी कई राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गई है।

जेईआई चीफ शफीकुर रहमान ने 22 अक्टूबर को न्यूयार्क में पत्रकारों से कहा कि 1947 से अब तक, जिन-जिन लोगों को हमारी वजह से कोई कष्ट या नुकसान हुआ, हम उनसे दिल से माफी मांगते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह माफी सभी के लिए है कि किसी एक दिन या घटना के लिए नहीं, बल्कि हर उस समय के लिए जब किसी को हमारी वजह से पीड़ा मिली। वहीं शफीकुर रहमान के इस माफीनामे की कुछ लोग जमकर आला. ेचना कर रहे हैं, आलोचकों का कहना है कि यह माफी अधूरी और अस्पष्ट है। इसमें यह साफ नहीं किया गया कि पार्टी किस अपराध या गलती के लिए माफी मांग रही है। खासतौर पर 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान किए गए अपराधों और नरसंहारों का कोई सीधा उल्लेख नहीं है। बता दें कि 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान जमात-ए-इस्लामी ने पाकिस्तान के साथ मिलकर काम किया था। उस समय 'अल-बदर', 'अल-शम्स' और 'रजाकार' नाम के अर्धसैनिक संगठन बने, जिन पर स्वतंत्रता सेनानियों, महिलाओं और आम नागरिकों की हत्या के गंभीर आरोप हैं। इन संगठनों को जमात से ही जोड़ा जाता है। जेईआई चीफ ने माफी मांगने के बाद कहा कि पार्टी पहले भी कई बार माफी मांग चुकी है कि प्रोफेसर गुलाम आजम ने माफी मांगी थी, मौलाना मतीउर रहमान ने भी मांगी थी, और मैंने भी पहले माफी मांगी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह माफी पार्टी की राजनीतिक वापसी की कोशिश का हिस्सा है। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद जमात पर लगा प्रतिबंध हटा लिया गया था। इसके बाद से पार्टी फिर सक्रिय हो गई है, छात्र संघ चुनावों में हिस्सा ले रही है और दूसरे इस्लामी दलों के साथ गठजोड़ बना रही है।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108